लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 133, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 30 जून 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पीढ़ियों को अनुप्राणित करने वाले भारत रत्न डॉ. बीसी रॉय व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम**

32.7° अधिकतम तापमान | 25.6° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी।

सूर्योदय 05 : 19
सूर्यास्त 07 : 06



श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की...14

# सेराघाट में नदी में गिरा सिलेंडरों से भरा ट्रक, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- हल्द्वानी से बेरीनाग जा रहा था ट्रक, टानी के पास जैगन नदी में गिरा



सेराघाट में जैगन नदी में गिरा ट्रक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के सेराघाट क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों से लदा ट्रक नदी में गिर गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर-कंडक्टर की मौत हो गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

ट्रक (यूके 04 सीबी 3110) एलपीजी सिलेंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग जा रहा था। अल्मोड़ा-सेराघाट मोटर मार्ग पर मंगलता से आगे टानी के पास चालक अनियंत्रित खो बैठा और ट्रक जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई और नदी में बिखर गए। ग्राम प्रहरी की सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। खाई में ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर घायल हालत में पड़े थे। आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी धौलछीना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि चालक की पहचान हरीश चंद्र बिष्ट पुत्र प्रवीन सिंह, निवासी कर्मी थाना कपकोट (बागेश्वर) के रूप में हुई है। कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के कारण का पता नहीं चल सका है।

**पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत को खूब भिगोएंगे बादल**

# उत्तराखंड सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। आईएमडी ने कहा है कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्व, उत्तर-पश्चिम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिम हिस्से से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की एक प्रणाली बन गई है। जिसके कारण 29 जून से तीन जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारी वर्षा होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार में 30 जून से दो जुलाई तक भारी वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी ने इस अवधि में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बहुत भारी वर्षा का भी अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर में, असम के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवाती परिसंचरण अगले पांच दिन में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने तथा कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा लाएगा। अरुणाचल प्रदेश में 29-30 जून को तथा 29 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है। एक जुलाई तक सौराष्ट्र, कच्छ, केरल, तमिलनाडु तथा तटीय और दक्षिण कर्नाटक में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है।

### राजकोट हवाई अड्डे के बाहर कैनोपी का हिस्सा ढहा



**राजकोट।** राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में पिकअप और ड्रॉप वाले क्षेत्र के ऊपर कनात से बनी छत (कैनोपी) का एक हिस्सा शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुजरात में हवाई अड्डे पर इस घटना के पहले दिल्ली और जबलपुर में भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई हैं। राजकोट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारी बारिश के कारण पूर्वाह्न 11.40 बजे टर्मिनल भवन में छत वाले हिस्से में पानी जमा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई और छत के नीचे के हिस्से को घेर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11.55 बजे भारी बारिश के कारण छत पर अधिक पानी जमा हो गया, जिसके कारण कनात का कपड़ा फट कर गिर गया।




## एक नजर

### सीबीआई ने मुंबई के दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर मारा छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बड़े पैमाने भ्रष्टाचार के आरोप में मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्र के 14 अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज करने के बाद शनिवार को महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने लोअर परेल और मलाड में केंद्रों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है।

### 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किए

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया है। मादक पदार्थ निपटान कार्यक्रम के तहत जीबी पंत अस्पताल में लगभग 238.41 किग्रा मेथमफेटामाइन, 67.63 किग्रा गांजा, 1.060 किग्रा कोकीन, 76 ग्राम चरस समेत अन्य मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

# बेहतर कार्य कर राज्य को श्रेष्ठ बनाने में दें योगदान : धामी

## मुख्यमंत्री ने 11 विभागों के लिए 170 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

- 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 5 कनिष्ठ सहायकों को दी नियुक्ति

ब्यूरो, देहरादून



नियुक्ति हुए अभ्यर्थियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज व प्रेमचंद अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 170 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। 11 विभागों में 165 सहायक अभियंताओं और ऑडिट विभाग में 5 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति मिली है। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की कि वह अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर राज्य को श्रेष्ठ बनाने में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति का उद्देश्य है कि सभी अभ्यर्थियों को चयन वर्ष का लाभ मिले। 3 सालों में सरकार का प्रयास रहा है कि हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। इन 3 वर्षों में लोक सेवा आयोग, सेवा चयन आयोग और मेडिकल चयन बोर्ड के माध्यम से 14800 नियुक्तियां हुई हैं। राज्य में नकल विरोधी कानून लागू है, जिसके बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता से हुई हैं।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आशा व्यक्त की कि सभी सहायक अभियंता उत्कृष्ट कार्य कर राज्य को विकसित बनाने में योगदान देंगे। सभी मन में यह भाव लेकर चलें कि हर समय नई चीजें सीखने को मिलेंगी, उनको आत्मसात कर आगे बढ़ना है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए यह नई पारी की शुरुआत है। राज्य में सहायक अभियंताओं की कमी थी। राज्य के 9 जिलों में विकास प्राधिकरण हैं, जिनमें सहायक अभियंताओं को नियुक्ति मिलेगी।

इस दौरान अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. पंकज पाण्डेय, डॉ. आर राजेश कुमार, विनय शंकर पाण्डेय, एसएन पाण्डेय, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, अपर सचिव विनीत कुमार, कर्मेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

### विभागवार नियुक्ति

सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (ग्रामीण निर्माण) के 24, सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (सिंचाई) के 44, सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (जल) के 20, सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (लोनिवि) के 41, सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (आवास) के 14, सहायक अभियंता, यांत्रिक अभियंत्रण (सिंचाई) के 10, सहायक अभियंता, कृषि अभियंत्रण (लघु सिंचाई) के 6, सहायक अभियंता, सिविल अभियंत्रण (लघु सिंचाई) एवं सहायक विद्युत निरीक्षक, (ऊर्जा) के 2-2 एवं सहायक अभियंता, विद्युत /यांत्रिक अभियंत्रण (लोनिवि) एवं सहायक अभियंता, विद्युत/यांत्रिक अभियंत्रण (ग्रामीण निर्माण) के 1-1 पद पर नियुक्तियां हुईं।

**नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला**

# सीबीआई ने की गुजरात के चार शहरों में सात स्थानों पर छापेमारी

- झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार को भी दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य के अलावा हिंदी अखबार के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था। सीबीआई प्रश्नपत्र लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी।

### दो दिन में घोषित होगी नीट-पीजी की नई तिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है। प्रधान ने हरियाणा के पंचकूला में संवाददाताओं से कहा कि नीट-पीजी के लिए तिथि की घोषणा एनबीई द्वारा एक या दो दिन में की जाएगी।

### तीन और अभियुक्तों की सीबीआई को मिली रिमांड

**पटना।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को विशेष अदालत में पेश कर हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने तीनों को 29 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेऊर के अधीक्षक को दिया है।

# टैंक सवार जवान बहे, जेसीओ समेत 5 की मौत

**एलएसी के पास हुआ हादसा** | **लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान श्योक नदी में फंस गया था टैंक**

लेह, एजेंसी

लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक 'जूनियर कमिशंड ऑफिसर' (जेसीओ) समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा कि 28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। बयान में कहा गया कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर कर्मियों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### देश जवानों के परिवारों के साथः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि पूरा देश उनके परिवारों के साथ है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है।

### राहुल गांधी और प्रियंका ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा ने लद्दाख में पांच सैनिकों की मौत होने पर शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लद्दाख में पांच बहादुर सैनिकों की मौत से बहुत दुखी हूं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सैन्यकर्मियों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने भी सैन्यकर्मियों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# गंगा में बहकर हरिद्वार पहुंचीं गाड़ियां



हरिद्वार में गंगा में बहकर हर की पैड़ी तक आए वाहन। ● एजेंसी

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** मानसून शुरू होते ही नदी-नाले उफान पर हैं। शनिवार दोपहर खड़खड़ी श्मशान घाट के पीछे सूखी नदी में आए पानी से वहां खड़ी कारें व वाहन बह गए। हरिद्वार में हर की पैड़ी पर गंगा में बह रही कारों को देखने के लिए लोग जमा हो गए।

श्मशान घाट के पीछे सूखी नदी में कारें, बस, ट्रक व अन्य वाहन खड़े रहते हैं। नदी में आए पानी से वाहन बहकर गंगा नदी की तरफ चले गए। इनमें कारें, डम्पर और बस थीं। एसडीएम अजयवीर सिंह ने बताया कि सूखी नदी में ये गाड़ियां खड़ी थीं। अचानक पानी आया तो वह बह गईं, इसमें एक बस थी जिसे निकाला गया है। इसके लिए हाईड्रा मशीन मंगवाई गई थी।

### अमरनाथ यात्राः दूसरा जत्था रवाना



जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ गुफा के लिए दूसरा जत्था रवाना हुआ। इसमें 4029 श्रद्धालु हैं, जो 200 वाहनों से भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से पहलगाम और बालटाल के मार्गों से गुफा पहुंचेंगे। 2179 यात्रियों में से 1670 पुरुष, 332 महिलाएं, दो बच्चे, 144 साधु और 31 साध्वी 96 वाहनों से पहलगाम से तो 1850 यात्रियों में से 1264 पुरुष, 448 महिलाएं, 19 बच्चे, 87 साधु और 31 साध्वी बालटाल से गुफा पहुंचेंगे। ● एजेंसी

# केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी घोटाला**



- तीन दिन की हिरासत के बाद सीबीआई ने कोर्ट में किया था पेश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को सीबीआई ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है। याचिका मंजूर करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।


सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया।

**बदरंग तस्वीर** | **कानपुर में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होने की जगह एकसाथ हैं, जो गंगा व पांडु नदी को कर रहे प्रदूषित**

# गंगा क्यों न हो मैली, बहा रहे करोड़ों लीटर सीवेज

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- गंगा को निर्मल बनाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' सिस्टम की आवश्यकता
- बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से वर्षा जल के साथ गंगा में बहा रहे मल-जल



**अमृत विचार :** कानपुर को भले ही स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, लेकिन यहां का लचर ड्रेनेज सिस्टम पूरे शहर की तस्वीर बदरंग कर रहा है। स्मार्ट सिटी में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होना चाहिए, लेकिन शहर में आज भी 80 प्रतिशत सीवेज सिस्टम नालों से कनेक्ट हैं। लिहाजा, बारिश के पानी के साथ मल-जल भी नालों के जरिए गंगा और पांडु नदी में बहा दिया जाता है। वर्षा जल के साथ करोड़ों लीटर सीवेज भी नदियों में जाता है। 2019 में बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से भी सीवेज मिला वर्षा जल गंगा में बहाया जा रहा है। ऐसे में गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' यानी सतही जल निकासी मात्र एक विकल्प बचा है।

कानपुर शहर में 16 बड़े नाले हैं। इनमें से 10 टैप्ड (बंद) हैं, जबकि छह खुले हैं। टैप्ड नालों में सीवेज पंपिंग स्टेशन के माध्यम से गैर-शोधित पानी को एसटीपी भेजा जाता है, जबकि छह अनटैप्ड नालों में बायोरेमिडिएशन विधि से जलशोधन होता है। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता आरके पाल ने बताया कि भारी बारिश के बाद नालों में जलप्रवाह बढ़ जाता है। टैप्ड नालों में भी पानी पहुंचता है। लोड संभालने के लिए टैप्ड नालों में आपात स्थिति में चैनल को खोलना पड़ता है, जिससे पानी गंगा में गिरता है। पाल ने बताया कि हमारे पास स्टॉर्म वाटर और सीवेज का अलग-अलग चैनल नहीं है। ऐसी स्थिति में पानी गंगा में छोड़ना मजबूरी है। वरना, शहर तो बहेगा, साथ ही चैनल भी टूट जाएंगे।

### ड्रेनेज समस्या से जूझ रहा 80 फीसदी शहर

शहर की बसावट वर्ष 1800 के बाद शुरू हुई। बरसाती पानी के निकासी के लिए वर्ष 1892 में सीसामऊ नाला बनाया। जब सीसामऊ नाला बना, तब आबादी डेढ़ से दो लाख थी। 132 साल बाद भी सीसामऊ नाला शहर का 20 प्रतिशत ड्रेनेज संभाले हुए है। शहर की बसावट अब 300.89 वर्ग किमी में हो गई है। आबादी भी 50 लाख से ज्यादा हो गई है, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम अपडेट नहीं किया गया।

### 18 सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी समस्या

शहर में गंगा को निर्मल बनाने में 1810 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब भी शहर में ड्रेनेज सिस्टम के नाम पर सीवर और नाला एक में है। अंग्रेजों के जमाने में शहर में जल निकासी के लिए डॉट नाला बनाया गया था। शहर का विस्तार होता गया। गंगा को साफ करने में करोड़ों खर्च होने के बाद भी न तो गंगा साफ हुई और न ही शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधरा।

कानपुर स्मार्ट सिटी तो है, लेकिन यहां चंडीगढ़ की तरह स्टॉर्म वाटर ड्रेन सिस्टम नहीं है। शहर की बसावट के अनुसार सीवेज और वर्षा जल निकासी की लाइनें अलग होनी चाहिए, जो शहर में नहीं हैं। जीओ के तहत ही नालों के जरिए वर्षा जल गंगा में भेजा जाता है। - **अमित मिश्रा**, क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

हमारी प्राथमिकता पहले शहर को डूबने से बचाने की होती है। मजबूरी में ही नालों को खोला जाता है। ऐसा नहीं करेंगे तो चैनल फट जाएंगे। सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाता है। - **आरके पाल**, पर्यावरण अभियंता (प्रभारी), नगर निगम

### उत्तराखंड के पहले हनी बी पार्क निर्माण के लिए अपर परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में बैठक पर चर्चा

# भीमताल में बनेगा भारत का दूसरा हनी बी पार्क

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल स्थित खुटानी में उद्यान विभाग की भूमि पर उत्तराखंड का पहला (भारत का दूसरा) हनी बी पार्क बनने जा रहा है। इस पार्क को तैयार करने की कार्य योजना बनाने के लिए शनिवार को विकास भवन में अपर परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि डेएनआरएलएम योजना के अंतर्गत भीमताल में कई स्वयं सहायता समूह हैं जो मौन पालन का कार्य कर रहे हैं, परन्तु उन्हें उचित दाम व बाजार के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उसी को ध्यान में रखते हुए हनी-बी पार्क की कार्ययोजना तैयार की गयी है। यह उत्तराखंड का पहला हनी बी पार्क तथा भारत का दूसरा पार्क होगा। नैनीताल में ग्राम्य विकास विभाग तथा उद्यान विभाग के बीच एमओयू सम्बन्धी कार्रवाई के लिए बैठक आयोजित की गई। इस पार्क के निर्माण के लिए खुटानी स्थित उद्यान विभाग की भूमि का चयन किया गया है। पार्क का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगीं। ग्राम्य विकास विभाग व उद्यान विभाग के अतिरिक्त मत्स्य विभाग, पर्यटन विभाग आदि से युगपतिकरण करके पार्क में सेल्फी प्वाइन्ट, हनी बी डैमो, तालाब, हनी बी गैलरी, कैफे, विविध प्रकार के शहद हेतु आउटलेट आदि तैयार किये जाएंगे, जिससे पर्यटकों को उत्तराखण्ड के शहद के स्वाद के साथ ही एक आकर्षक पर्यटक स्थल तथा मौनपालन सम्बन्धी विविध जानकारी प्राप्त होगी। हनी बी पार्क निर्मित होने से पार्क में निर्मित आउटलेट में विविध प्रकार के शहद पर्यटकों को प्राप्त हो सकेंगे।

> यह भारत का दूसरा हनी बी पार्क है, इसमें पूरे जनपद के समूह द्वारा उत्पादित हनी यहां आउटलेट में रखा जाएगा। लोगों को बाजार उपलब्ध होगा। साथ ही ग्राहकों को उच्चकोटि का शहर भी प्राप्त हो सकेगा।
> **-चंदा फर्त्याल,** अपर परियोजना निदेशक



कुछ ऐसा होगा भीमताल के खुटानी में बनने वाला हनी बी पार्क। ● अमृत विचार

# बिजली के ट्रांसफार्मरों और खंभों पर जांचा करंट लीकेज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून सीजन के दौरान बिजली के खंभों से फैलने वाले करंट के मामलों को देखते हुए ऊर्जा निगम ने शनिवार को नैनीताल, भीमताल, मुक्तेश्वर समेत आसपास के क्षेत्र में ट्रांसफार्मर समेत विद्युत पोलों का निरीक्षण कर जांच की।

ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि बरसात के दौरान बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर से करंट लीक होने की शिकायती मिलती रहती है, जिससे जनहानि होने का अंदेशा होता है। जिसको देखते हुए नैनीताल डिवीजन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करवाया गया ताकि बरसात के दौरान पानी के साथ करंट की लीकेज ना हो। अभियान के दौरान टीम ने शहर में मुख्य स्थान, माल रोड, भीमताल बाजार में लीकेज करंट की जांच की। एसके सहगल ने बताया कि बरसात के दौरान ग्राउंडिंग सिस्टम की अनुपस्थिति में डीसी, एसी सर्किट से जमीन, चेसिस या किसी अन्य प्रवाहकीय घटक तक प्रवाहित होने वाले करंट लीके होता है।




खंभों और ट्रांसफार्मर से करंट लीकेज की जांच करते ऊर्जा निगम के कर्मचारी।

## सार-संक्षेप

### बस-कार की टक्कर से पर्यटक और बस चालक में विवाद

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों की कार भवाली रोड पर केमू की बस से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। घटना शनिवार की सुबह है जब तल्लीताल बस स्टैंड के समीप दिल्ली के पर्यटक कार से नैनीताल की ओर आ रहे थे। इस दौरान भवाली को जा रही केमू बस व कार का पीछे का हिस्सा आपस में टकरा गया। बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त होने पर पर्यटक ने बस चालक से उसके नुकशान की भरपाई करने की बात कही। आरोप है कि बस चालक ने पर्यटक की गलती बताते हुए भरपाई नहीं करने की बात कही। बहस के चलते पर्यटकों व बस चालक के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बस चालक का पक्ष लेते हुए स्थानीय युवा भी पर्यटक से भिड़ गए। भीड़ जमा होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की पूछताछ में पर्यटक ने सीसीटीवी कैमरे की जांच करने की मांग की। वहीं बस चालक पर अभद्रता का आरोप लगाया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि गाड़ी का काम कराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

### बिन मानकों के बनाए स्पीड ब्रेकर उखड़े

**भीमताल :** भीमताल में लोक निर्माण विभाग ने बिना मानकों के स्थान-स्थान पर स्पीड ब्रेकर बना दिए थे। इन स्पीड ब्रेकर को बनाए अभी कुछ ही दिन हुए हैं कि यह सब बिखर गए हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो वैसे तो वाहनों की गति के चलते स्थान स्थान पर इन ब्रेकरों की आवश्यकता है। पर विभाग के द्वारा जहां एक ही स्थान पर तीन तीन ब्रेकरों को बना दिया गया है वहीं इनकी गुणवत्ता भी काफी निम्न हैं। स्थानीय जनता ने लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से उच्च गुणवत्ता वाले स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग के साथ साथ मानकों के अनुरूप इनको बनाने की मांग की है।



उखड़ चुके स्पीड ब्रेकर। ● अमृत विचार

### जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर किया पौधरोपण

**नैनीताल :** पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवा अब काफी सजग रहने लगे हैं। इसी के तहत निवर्तमान सभासद राहुल पुजारी की पुत्री सृष्टि ने अपने जन्मदिन के मौके पर शनिवार को हनुमानगढ़ी क्षेत्र में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राहुल पुजारी ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण के प्रति जोड़े रखने व इस सुंदर नगर को हरा भरा बनाये रखने के लिए वो बिटिया के जन्मदिन पर हर साल उसके हाथों से पौधरोपण कराते हैं। वहीं सृष्टि ने बताया कि वे अपने परिवारजनों के साथ अपने जन्मदिन पर पौधे लगाती हैं जिसमें उन्हें बहुत ही आनंद मिलता है।



पौधरोपण करती सृष्टि।

### बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाने पर छह टैक्सी बाइक सीज

**नैनीताल :** नैनीताल में इन दिनों बिना ड्राइविंग लाइसेंस पर्यटक दो पहिया वाहन चला रहे हैं। यातायात पुलिस ने चैकिंग के दौरान तल्लीताल में 6 वाहन सीज किये हैं। बता दें कि नैनीताल में कमाई के चक्कर में टैक्सी स्कूटी बाइक स्वामी बिना ड्राइविंग लाइसेंस पर्यटकों को स्कूटी किराए में दे रहे हैं, जिसके चलते नौसिखिये बाइक सवार पर्यटक तेज गति में वाहन भगा रहे हैं, जो दुघर्टना को दावत दे रहे हैं और वाहन स्वामी कमाई कर रहे हैं। शनिवार को यातायात पुलिस की ओर से अभियान चलाकर तल्लीताल क्षेत्र में टैक्सी बाइक व स्कूटी वाहनों को रोककर चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस जांचे। एक ही घण्टे में पुलिस ने बिना लाइसेंस स्कूटी चलाने वाले छह पर्यटकों को पकड़ा। पूछताछ में पर्यटकों ने बताया कि उनसे स्कूटी स्वामियों की ओर से लाइसेंस नहीं मांगा गया। टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर छह स्कूटी सीज कर दी गई हैं। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 27 स्कूटी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



विदाई समारोह में उपस्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी व अन्य।

### सेवानिवृत्ति पर मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यकाल को सराहा

**भीमताल :** मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सिंह सोनी को सेवानिवृत्त होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य शिक्षा अधिकारी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने जगमोहन सोनी को एक कुशल प्रशासक, शिक्षाविद् एवं शिक्षक हितेषी बताते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हर्ष बहादुर चंद, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी, बंशीधर कांडपाल, नंदराम आर्य, डीकर सिंह पडियार, हरीश पाठक, गोपाल सिंह बिष्ट, राकेश जोशी, जीवन बोरा, राजीव रघुवंशी, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र पाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं दूसरे विदाई समाराह में जिला शिक्षा अधिकारी (मा) पुष्कर लाल टम्टा, जिला शिक्षा अधिकारी (बे) हर्ष बहादुर चन्द, खण्ड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, केना चौहान सहित राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट, जिला मंत्री नमिता पाठक, संरक्षक रेखा धानीक आदि सहित समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक उपस्थित थे। संचालन खेल प्रभारी राहुल पंवार ने किया।

### भागवत कथा का भंडारे के साथ परायण

**भीमताल :** विकास खण्ड भीमताल के बडेत़ गांव में गुरु गोरखनाथ मन्दिर में सप्त दिवसीय भागवत कथा का परायण भण्डारे के साथ हुआ। गोरखनाथ मन्दिर में यज्ञ 22 जून से प्रतिदिन चल रहा था। व्यास आचार्य संजय बेलवाल ने शनिवार को अंतिम दिन श्रीभागवत कथा का वर्तमान में महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता के विषय में बताया और कहा कि वर्तमान में लोगों को अधिकतर इन कथा के माध्यमों से अपनी भारतीय संस्कृति एवं धर्म को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी पूर्व दर्जा राज्यमन्त्री हरीश पनेरू मुख्य यजमान, त्रिलोचन भट्ट सहित समस्त ग्रामवासी रहे। इस दौरान यज्ञ परायण में चन्द्रमणि बेलवाल, गिरीश शास्त्री, ललित बेलवाल, विपिन, हेम भट्ट, धर्मानन्द भट्ट आदि भक्तजन मौजूद रहे।

# लड़ते-लड़ते दुकान में घुसे दो सांड, बाल बाल बचा दुकानदार, कार हुई क्षतिग्रस्त

### मल्लीताल बाजार में सामने आई घटना, आवारा पशुओं को गौ सदन भेजने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगरीय क्षेत्र में सांडों का आतंक समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है। ये आवारा पशु प्रतिदिन नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभाग इनको गौ सदन नहीं भेज रहा है, जिससे व्यापारियों में खासा रोष है।

शनिवार को भीमताल के मल्लीताल बाजार वार्ड संख्या एक में दो सांड लड़ते हुए उत्तरांचल स्टेशनरी दुकान में घुस गये। इस दौरान दुकान स्वामी बाल-बाल बच गया वहीं दूसरी तरफ एक कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। बाजार में अफरातफरी मच गई। लोंगों ने सांडों के आतंक को देखकर अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। निर्वतमान सभासद भारत लौशाली ने बताया कि इस संबंध में उनकी ओर से अपने कार्यकाल में काफी प्रयास किए गए। अब भी लगातार नगर पालिका से अपने संसाधनों का प्रयोग कर आवारा पशुओं को पकड़ कर गौ सदन भेजने के लिए कहा गया है।

पर कार्रवाई नहीं होने से जनता और व्यापारी खासे परेशान हैं। स्थानीय व्यापारियों ने अवगत कराया कि शीघ्र ही नगर पालिका की ओर से इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



मल्लीताल बाजार में भिड़ते सांड। ● अमृत विचार



> बाईपास मार्ग और जौंस स्टेट में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने पर लोगों ने किचन गार्डन में साग-सब्जी उगाना भी बंद कर दिया है। होटल स्वामी, कारोबारी सब परेशान हैं। बार-बार नगर पालिका में कहने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।
> **-बंटी आर्या,** निवर्तमान सभासद, वार्ड 6

#### अपनी-अपनी बात




> पूरा भीमताल विशेषकर मल्लीताल बाजार, जौंस स्टेट आवारा पशुओं से भरा है। इतनी अधिक संख्या हो गई है कि अब तो सड़क में वाहन चलाना भी मुश्किल है। ये नुकसान पहुंचा रहे हैं। **-भारत लौशाली,** निर्वतमान सभासद, वार्ड एक



> वर्ग खासा परेशान है। आवारा पशुओं की अधिक संख्या होने से दुकानें भी सुरक्षित नहीं हैं। इस कारण दुकानों पर ग्राहक भी आने में डर रहे हैं। नुकसान के साथ-साथ अब चोट भी पहुंचाने लगे हैं। **-भाष्कर भगवाल,** व्यापारी, मल्लीताल

# केंद्रीय राज्यमंत्री टम्टा के सामने रखीं विभिन्न मांगें



अल्मोड़ा में केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट व अन्य।

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा के प्रथम बार अल्मोड़ा पहुंचने पर भीमताल से भी शिष्टमंडल उनके स्वागत के लिए अल्मोड़ा पहुंचा।

पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने उनसे भीमताल की लंबित मांगों को स्वीकृत करने की मांग की। अवगत कराया गया कि बाईपास चौड़ीकरण के साथ ब्लॉक रोड में डामरीकरण और मल्लीताल बाजार से विनायक जाने वाले मार्ग की मरम्मत और डामरीकरण की मांग को प्रमुखता से रखा। वहीं बाद में मनोज भट्ट ने अवगत कराया कि मंत्री ने सभी योजनाओं को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया।

#### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

### सेवानिवृत्त होने पर कई कर्मचारियों को दी विदाई

**नैनीताल :** शनिवार को कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गई। वन विभाग में 40 वर्ष सेवा देने के बाद मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से मुख्य वैयक्कि अधिकारी के पद से मोहन राम सेवानिवृत्त हुए। वहीं जिला पंचायत नैनीताल के अपर मुख्य अधिकारी पान सिंह बिष्ट भी सेवानिवृत्त हुए। वहीं नगर पालिका के लेखा विभाग से अवर अभियंता पद से डीएस मेहरा व अनुसेवक गोविंद राम भी सेवानिवृत्त हुए।

# छह हजार जरूरतमंद राशन योजना से दूर

▸▸ पूरी पात्रता रखने वाले लोगों के तीन साल से नहीं बन पाए राशन कार्ड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जनपद के छह हजार जरूरतमंद लोगों को सरकार की मुफ्त राशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ये लोग वो हैं जिन्होंने अपने दस्तावेज के साथ राशन कार्ड के लिए आवेदन किया है। पर तीन साल से इनके राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से मुफ्त राशन योजना वर्ष 2023 में लागू की गई थी, जिसे और आगे पांच साल बढ़ाने की घोषणा के बाद जिले में 132863 अंत्योदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों को मुफ्त गेहूं और चावल वितरित किया जा रहा है। पर अभी भी सैकड़ों जरूरतमंद लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

अभी भी 5896 प्राथमिक और 174 अंत्योदय राशन कार्ड लंबित हैं। ये वह लोग हैं जो योजना में शामिल होने की पूरी पात्रता रखते हैं। जिले में पहले ही जरूरतमंदों की संख्या इतनी अधिक है कि बाकी लोगों को योजना में शामिल नहीं किया जा सकता।

> शासन से नए राशन कार्ड बनाने के लिए लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। उच्च स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे।
> **-विपिन कुमार,** जिला पूर्ति, अधिकारी

### एक महीने में ही चिड़ियाघर मार्ग का डामर उखड़ा

**नैनीताल :** नैनीताल के चिड़ियाघर रोड में एक महीने पहले हुआ डामरीकरण उखड़ने लगा है। सड़क से डामर उखड़ने से गड्ढे उभरने लगे हैं, जिससे बाइक सवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि नैनीताल में बीते एक महीने पहले ही चिड़ियाघर रोड में डामरीकरण का कार्य पूरा किया गया था, जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिली थी, लेकिन एक ही महीने में बरसात के चलते सड़क से डामर उखड़ने लगा है, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो पहिया वाहनों के गिरने का भी खतरा बढ़ रहा है। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि जल्द ही सड़क में पड़े गड्ढों में पैंच लगाकर गड्ढे भर दिये जाएंगे।

# रूस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर महिला बॉक्सिंग कोच सम्मानित

▸▸ ब्रिक्स खेलों में महिला टीम ने जीते थे 10 पदक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रिक्स खेलों में 10 पदक जीतने वाली भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के कोच अभिषेक शाह को नैनीताल पहुंचने पर सम्मानित किया गया।

तल्लीताल व्यापार मंडल ने अभिषेक का स्वागत भी किया। इस दौरान कोच ने बताया कि 19 से 22 जून तक रूस में आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 3 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीते, जो भारतीय महिला टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आने वाले दिनों में भारतीय महिला टीम ओलंपिक के लिए तैयारी कर रही है वहां भी बेहतर प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगे। टीम की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस दौरान तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन, वरिष्ठ व्यापारी भारत लाल साह, सोहन लाल साह, अमनदीप सिंह, नासिर खान, ममता जोशी, हरीश लाल, जयंत उप्रेती, दिनेश कर्नाटक, भानू साह, कान्हा साह, सलीम, सचिन राणा, अतुल पाण्डेय, आयूष भण्डारी, संजय महरा, अर्जुन साह, अनुराग बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के कोच अभिषेक को सम्मानित करते व्यापारी।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंन्डेन्ट) मो. 9956248504

**आज का मौसम**

हल्की गरज के साथ तूफान और बारिश।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.16 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### पुलिस ने 10 ठेलों व 50 वाहनों के काटे चालान

**हल्द्वानी :** शनिवार को कोतवाल उमेश मलिक के नेतृत्व में पुलिस ने रैश ड्राइविंग, शराब पीकर और बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने तेज रफ्तार दौड़ रही दो बाइकों को सीज कर दिया और 50 बाइकों के चालान काटे। उधर, तीनपानी से मंडी बाइपास रोड तक ठेलों में शराब पिलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। 10 ठेलों वालों के 500 रुपये के हिसाब से चालान काटे गए।

### पनीर लेने जा रहे युवक को पीटा

**हल्द्वानी :** पनीर लेने जा रहे एक युवक से रास्ते में मारपीट हो गई। काठगोदाम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में ओखलढूंगा निवासी जीवन सिंह पुत्र गंगा सिंह ने कहा कि 24 मई को वह शादी में बनाने के लिए पनीर लेने जा रहा था। रास्ते में पुरानी बात को लेकर पंकज सिंह पुत्र बालम सिंह ने उसके साथ मारपीट कर दी।

### ट्रेन से मोबाइल ले गया चोर

**हल्द्वानी :** पैसेंजर ट्रेन में मुरादाबाद से रामनगर जा रहे एक व्यक्ति का फोन अज्ञात चोर ने चुरा लिया। मामले में पीड़ित ने जीआरपी थाना काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई है। गांधीनगर मुरादाबाद निवासी आकाश गुप्ता ने कहा कि वह ट्रेन से मुरादाबाद से रामनगर जा रहा था। काशीपुर रेलवे स्टेशन पर वह पानी की बोतल लेने के लिए उतरा। जब वह वापस आय तो उसका मोबाइल गायब था। पीड़ित ने मोबाइल दिलाने की मांग की।

### बिजली चोरी के आरोप में दो भाई पकड़े

**हल्द्वानी :** विद्युत विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान बिजली चोरी के आरोप में दो भाइयों को पकड़ा है। दोनों के खिलाफ टीम ने काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी प्रथम नीरज चन्द्र पांडे के नेतृत्व में लाइनमैन करनपाल, विजिलेंस के सहायक अभियंता अमित चन्द्र आर्या ने काठगोदाम क्षेत्र में चेकिंग शुरू की। इस दौरान हरक सिंह भंडारी पुत्र जीत सिंह भंडारी और भोपाल सिंह भंडारी पुत्र जीत सिंह भंडारी के मकान में बिजली की चोरी पकड़ी गई। टीम ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पांडे ने कहा कि बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**हल्द्वानी :** सितारगंज-चोरगलिया रोड पर स्कूटी सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खरकू मुखानी चोरगलिया निवासी महेश प्रसाद (36 वर्ष) पुत्र राजेंद्र प्रसाद सितारगंज के एक होटल में काम करता था। शुक्रवार रात वह काम करके वापस लौट रहा था। सितारगंज-चोरगलिया के बीच उसकी स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सितारगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नहर से सटी भूमि पर बनाया जा रहा घर, यह भूमि सरकारी बताई जा रही, चम्बल पुल-कठघरिया मार्ग पर शर्मा आटा चक्की के सामने हो रहा अवैध निर्माण

# छुटभैये नेता ने नहर तो कब्जाई घर भी सरकारी जमीन पर बना डाला

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा के छुटभैये नेता का अवैध कब्जे का नया कारनामा सामने आया है। कल तक जिसका नाम सिर्फ नहर कब्जाने में आ रहा था, अब पता लगा है कि उसने सरकारी भूमि भी कब्जा ली है। नहर से सटी इसी जमीन पर नेतागिरी की आड़ लेकर भवन का निर्माण किया जा रहा है। सरकारी भूमि पर बेखौफ किए जा रहे कब्जे व निर्माण पर अब अधिकारी कार्रवाई का दावा कर रहे हैं।

शुक्रवार को अमृत विचार ने छुटभैये नेता का अवैध कब्जे का कारनामा उजागर किया था। बताया था कि किस तरह उसने सिंचाई विभाग की बंद पड़ी नहर को मलबा डाल कर पाट दिया और उसे पार्किंग व चबूतरे में बदल दिया। खबर प्रकाशित होने के बाद सिंचाई विभाग ने छुटभैये नेता को नोटिस जारी कर एक दिन में खुद ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अब इस मामले में एक और खेल उजागर हुआ है। दरअसल, जिस नहर का भरान कर चबूतरा बनाया गया, इससे लगा हुआ एक निर्माणाधीन मकान है। नहर का भरान भी सिर्फ इसलिए कराया गया, ताकि निर्माणाधीन भवन मुख्य मार्ग से जुड़ सके। जानकारी मिल रही है कि जिस भूमि पर भवन का निर्माण किया जा रहा है वह भूमि भी सरकारी है। यह जमीन वन विभाग की बताई जा रही है। इस निर्माणाधीन भवन में प्लास्टर व पुट्टी हो चुकी है। बस अब खिड़की, दरवाजे लगने ही बाकी हैं।

विचारणीय प्रश्न है कि अतिक्रमण के नाम पर झुग्गी, झोपड़ी, खोखे, फड़ उजाड़ने में मुस्तैदी दिखाने वाले विभाग और अफसरों को दमुवाढूंगा-जवाहर ज्योति क्षेत्र में न नहर में कब्जा दिखाई दिया और न ही सरकारी भूमि पर भवन का निर्माण। क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जे का यह मामला हर किसी की जुबां पर तो है पर किसी ने भी इसकी शिकायत तक नहीं की।



चम्बल पुल-कठघरिया की ओर जाने वाले रास्ते पर नहर के ऊपर निर्माणाधीन मकान। ● अमृत विचार

### करीब डेढ़ बीघा में है अतिक्रमण

**हल्द्वानी :** चम्बल पुल-कठघरिया की ओर जाने वाले रास्ते पर जवाहर ज्योति वार्ड 36 में सरकारी भूमि पर कब्जे का खेल चल रहा है। सिंचाई विभाग ने तो कार्रवाई की शुरूआत कर दी है, अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है। जिस सरकारी भूमि पर कब्जा हो रहा है, वह करीब डेढ़ बीघा भूमि है और वर्तमान में करोड़ों की कीमत है। यहां कभी नहर, तास और पोखर था, जो वर्तमान में मौके पर गायब हो चुकी है।

### बोले अधिकारी



सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने की बात सामने आई है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
**-एपी वाजपेई,** सिटी मजिस्ट्रेट

# तैयारियां 'डूबीं', गुस्सा 'उफान' पर

### एक घंटे की झमाझम बारिश से आधा दर्जन इलाकों के घरों और दुकानों में घुसा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**56** मिमी बारिश रिकॉर्ड, कालाढूंगी रोड पर हुआ जलभराव, 260 क्यूसेक पहुंचा गौला बैराज का जलस्तर

**33** डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान, सिंचाई नहरें हुई ओवरफ्लो, गर्मी से मिली राहत

**अमृत विचार :** मानसून की शुरुआत होते ही हल्द्वानी शहर का 'गोते खाना' शुरू हो गया है। एक घंटे की बारिश में आधा दर्जन इलाकों के घरों व दुकानों में जलभराव होने से प्रशासन व नगर निगम की सभी तैयारियां 'डूब' गईं। वहीं, जलभराव से जनता का गुस्सा उफान पर है।

शनिवार को दोपहर लगभग एक बजे अचानक मौसम बदला और झमाझम बारिश होने लगी। सिंचाई विभाग के अनुसार 56 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो कई जगह यह आफत बन गई। तल्ली बमौरी, दुर्गा कॉलोनी, आनंदपुरी फेस-1 एवं 2, खान चंद्र मार्केट, गौजाजाली, जोशी विहार, कुमाऊं मंडल विकास निगम के कांप्लेक्स में नालियां ओवरफ्लो होने व सड़कों के जलमग्न होने से कई घरों व दुकानों में पानी घुस गया। इसमें लोगों का घरेलू व कीमती सामान नष्ट हो गया। लोग बारिश होने के बाद बाल्टियों से पानी निकालते रहे। इस बारिश ने नगर निगम व सिंचाई विभाग के नाले-नालियों की सफाई के दावे भी जल भराव में डूब गए।

इधर, बारिश जल स्रोतों, नदी, नाले, गधेरों के लिए वरदान साबित हुई। गौला नदी का जल स्तर शनिवार को 260 क्यूसेक रिकॉर्ड हुआ। बारिश से नहरें ओवरफ्लो हो गईं। आबादी के बीचों-बीच से गुजरने वाली नहरों से पानी ओवरफ्लो होने से सड़कें जलमग्न हो गईं। यही हाल एसटीएच की पीछे से गुजरने वाली नहर का हुआ। सूचना पर सिंचाई विभाग के एई अमित बंसल मौके पर पहुंचे और तीन ताश खुलवाए।



शनिवार को हुई बारिश से कालाढूंगी रोड पर जलभराव हो गया, जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। ● अमृत विचार

### आज भी हल्की बारिश के आसार

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग ने रविवार को भी हल्की बारिश के आसार जताए हैं। प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। शनिवार को हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्रों में दोपहर में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिससे लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, आज भी पर्वतीय क्षेत्र में थोड़ा ज्यादा व मैदानी क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि हल्द्वानी, रुद्रपुर आदि शहरों में 4 से 5 मिमी व पर्वतीय क्षेत्रों में 8 से 10 मिमी बारिश हो सकती है। साथ ही, तेज हवा चलने के भी आसार हैं। वहीं, कई जिलों बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### एक घंटे का जलभराव नहीं मानता नगर निगम

**हल्द्वानी :** एक घंटे की बारिश में आधा दर्जन से अधिक इलाकों में जलभराव होने से लोगों को आर्थिक व अन्य परेशानियां हुईं। वहीं, नगर निगम के अधिकारी इसे जलभराव मानने को तैयार नहीं है। उनका मानना है कि एक-दो घंटे की बारिश में हुआ जलभराव से कुछ नहीं होता है।



काठगोदाम नरीमन चौक पर गिरा पाखड़ का पेड़ व पेड़ के नीचे फंसी पर्यटक की कार। ● अमृत विचार

# नरीमन चौक पर पेड़ गिरा, यातायात ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तेज बारिश में काठगोदाम नरीमन चौक पर सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहा 100 वर्षों पुराना पाखड़ का पेड़ गिर गया। पेड़ एक कार के बोनट पर गिरा, जिसमें कार सवार पर्यटक बाल-बाल बच गए। इस दौरान काठगोदाम हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने यातायात डायवर्जन के साथ ही बचाव दलों को बुलाया और पेड़ कटवाया। तब कहीं जाकर तीन-चार घंटे बाद ट्रैफिक शुरू हुआ।

प्रशासन नैनीताल सड़क चौड़ीकरण कर रहा है। इस चौड़ीकरण में कई दशकों पुराने सेमल, हल्दू, पाखड़ के 11 पेड़ आ रहे हैं, जिन्हें काटने का क्षेत्रवासी विरोध कर रहे थे।

इधर, शनिवार को हुई तेज बारिश में अचानक पेड़ धराशायी हो गया और हाईवे से गुजर रही कार संख्या डीएल 3 सीसीजे 0901 पर गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ बोनट पर गिरा वरना जनहानि भी हो सकती थी। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और नैनीताल आने-जाने वाले ट्रैफिक को वाया गौला बाईपास डायवर्ट किया। तीन-चार घंटे बाद पाखड़ काट कर हाईवे पर वाहनों का संचालन शुरू हुआ। पेड़ गिरने से बिजली के कई पोल व तार टूट गए। बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत के बाद आपूर्ति सुचारू हुई।

### कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने थाने में दी तहरीर

**हल्द्वानी :** पेड़ गिरने के मामले में कांग्रेस ने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने इस मामले में काठगोदाम थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपी और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बल्यूटिया ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही व अनियोजित कार्ययोजना की वजह से राहगीरों को जान-माल का खतरा बना हुआ। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अफसर अभी भी नहीं चेते तो इस मुद्दे को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।

### नहर हुई ओवरफ्लो, गंगा रामपुर गांव में जलभराव

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर हुई तेज बारिश से जमरानी की चोक नहर में अचानक पानी आ गया। जिससे नहर में पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा। इस कारण हल्दूचौड़ क्षेत्र के गंगा रामपुर गांव में कई जगह जलभराव हो गया। ग्रामीणों ने जलभराव की सूचना केनाल के अधिकारियों के साथ ही विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट व जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला को दी। केनाल के अधिकारियों ने जल्द नहर की सफाई कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि केनाल विभाग समय पर उक्त नहर की सफाई कर देता है तो उन्हें इस मुसीबत से नहीं जूझना पड़ता। सफाई नहीं होने के कारण हल्द्वानी के नालों के पानी की निकासी उक्त बंद नहर में कर दी गई, जिससे पानी नहर से ओवरफ्लो होकर ग्रामीणों के घरों में घुस गया। पीड़ित ग्रामीण उमेश सुयाल ने बताया कि गंगा रामपुर चौराहे पर नहर में बहकर आया कूड़ा एकत्र हो गया और नहर चोक हो गई। कहा कि यदि शीघ्र नहर की सफाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। विधायक व जिला पंचायत सदस्य ने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है।



गंगा रामपुर में घर के बाहर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### रानीबाग में रेलिंग तोड़कर गधेरे में गिरी कार, बाल-बाल बचा चालक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रानीबाग शीतला माता मंदिर के पास एक कार पुलिया की रेलिंग तोड़कर गधेरे में गिर गई। हादसे में कार सवार बाल-बाल बच गया। रानीबाग काठगोदाम निवासी फैसल पुत्र हसीन अहमद शनिवार की दोपहर घर से किसी काम के लिए निकले थे। फैसल के मुताबिक वह शीतला देवी मंदिर द्वार स्थित गधेरे की पुलिया पर पहुंचे थे कि तभी कार का पहिया पुलिया के कच्चे हिस्से में चला गया। कच्चा हिस्सा दरकने से कार रेलिंग तोड़ते हुई कई फीट नीचे गधेरे में गिर गई। आनन-फानन में स्थानीय लोग मदद को आए और कार सवार को बाहर निकाला। हादसे में कार चालक बाल-बाल बचा, लेकिन कार को काफी नुकसान हुआ है। इधर, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय शाह का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी पुलिया के किनारों पर रस्सी बांध कर चले जाते हैं। कुछ दिन पहले यहां मोटर साइकिल सवार भी गिरकर घायल हो गए थे। उन्होंने विभाग से पुलिया के किनारे रेलिंग लगाने की मांग की है।



गधेरे में गिरी कार। ● अमृत विचार

### नैनीताल में दो घंटे तक हुई बारिश, पारा गिरा

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को दो घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। नगर का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बारिश अपरान्ह 2 बजे तक जारी रही। बारिश थमने के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। माल रोड, पंत पार्क, भोटिया बाजार में पर्यटक बारिश के दौरान घूमते नजर आये। छतरी और रेन कोट की जमकर बिक्री हुई। पर्यटकों को नैनी झील में नौकायन करने के लिए बारिश रुकने का इंतजार करना पड़ी। दोपहर बाद मौसम साफ होने पर पर्यटकों ने रोपवे के जरिये स्नो व्यू पहुंचकर नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। वहीं बारापत्थर में घुड़सवारी का भी आनंद लिया। इसके अलावा हिमालय दर्शन, केप गार्डन व लवर्स पॉइंट क्षेत्र में भी पर्यटकों की खासी भीड़ रही।



बारिश के दौरान झील किनारे खड़ी नौकाएं ● अमृत विचार

जन सुनवाई

### मंडलायुक्त दीपक रावत ने जल जीवन मिशन में लापरवाही के बाद अधिकारियों को दिएनिर्देश, रामगढ़ ब्लॉक के ग्रामीणों ने की थी शिकायत

# जल संस्थान के सीजीएम हर सोमवार जेजेएम की प्रगति रिपोर्ट फोटो के साथ दें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने रुपयों के लेन-देन, सूदखोरी, जमीनी विवाद का मौके पर समाधान किया। वहीं, जल जीवन मिशन (जेजेएम) में पेयजल योजनाओं में लापरवाही पर जल संस्थान के मुख्य महा प्रबंधक को प्रत्येक सोमवार को सात दिनों की प्रगति रिपोर्ट के साथ आने के निर्देश दिए।

रामगढ़ ब्लॉक के ग्रामीणों ने मंडलायुक्त को शिकायत करते हुए बताया कि ध्वेती ग्रामसभा के तोक में वर्ष 1962 की पेयजल लाइनें हैं, जिससे आपूर्ति नहीं हो रही है। जल संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन में ध्वेती पंपिंग योजना में लाइन बिछाई जा रही है। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो माह से कार्य ठप है और लाइन भी नहीं बिछाई गई है। इस पर मंडलायुक्त ने जल संस्थान के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि जल संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक संबंधित ईई के साथ प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे कैंप कार्यालय में बीते सात दिनों की निर्माण की प्रगति रिपोर्ट फोटो के साथ मुहैया कराएंगे।

नवल गुप्ता निवासी हल्द्वानी ने बताया कि मकान खरीदने के लिए विनेश कुमार को एडवांस में 1.21 लाख की टोकन मनी दी थी। विनेश कुमार ने मकान नहीं दिया और धनराशि भी नहीं दी। मंडलायुक्त ने दोनों को तलब कर विनेश कुमार से नवल को राशि वापस दिलवाई, जिस पर नवल ने उनका आभार जताया। दिनेश सिंह रावत निवासी कोश्याकुटौली ने कहा कि गांव में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से 30 परिवारों के सामने पेयजल संकट है। इस पर मंडलायुक्त ने जलसंस्थान को पेयजल लाइन की मरम्मत के निर्देश दिए। बृजेश सिंह बिष्ट निवासी बड़ी मुखानी ने बताया कि जाखिया में उनकी भूमि से अवैध कब्जा हटाने, शोभा भट्ट निवासी शीशमहल ने राशन कार्ड बनवाने, कमला देवी निवासी हल्दूचौड़ ने पैतृक भूमि में नाम दर्ज कराने, अनीशा बेगम निवासी सितारगंज ने खाते में दर्ज हिस्से की भूमि दिलाने और जेकेपुरम वासियों ने मंडी समिति की ओर से बनाई सड़क का मरम्मत कराने का अनुरोध किया।



कैंप कार्यालय में मंडलायुक्त दीपक रावत को समस्या बताती महिला। ● अमृत विचार

### साहूकारी लाइसेंस वाले ही नियमानुसार दे सकते हैं रुपया

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त रावत ने कहा कि सूदखोरी की शिकायतें बढ़ी हैं। सूद या ब्याज पर रकम देना और उधार लेने वाले को प्रताड़ित करना अपराध है। इसके लिए जनता को जागरूक होना होगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सिर्फ वही लोग रुपये दे सकते हैं, जिनके पास साहूकारी का लाइसेंस है, वो भी मनमाने नहीं नियमानुसार ही ब्याज ले सकते हैं। इसके अलावा किसी ने रकम ब्याज पर दी तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# कार ने मारी टक्कर, ऑटो चालक के बेटे की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- ऑटो में बेटे को छोड़ ढाबे से खाना ले गया था चालक
- बेलबाबा के पास हुआ हादसा कार चालक की तलाश शुरू

**अमृत विचार :** सड़क किनारे खड़े ऑटो को तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में ऑटो में बैठे ऑटो चालक के बेटे की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में राजा कॉलोनी रुद्रपुर निवासी करन पुत्र राम कुमार ने बताया कि बीती 24 जून को वह बेटे राजेश के साथ हल्द्वानी से रुद्रपुर जा रहा था। बेलबाबा के पास करन ने ऑटो को सड़क किनारे खड़ा किया और खुद पास ही स्थित ढाबे से खाना लेने चला गया। बेटा राजेश ऑटो में ही बैठा था कि तभी हल्द्वानी की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में राजेश बुरी तरह घायल हो गया। रुद्रपुर जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# अस्पतालों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिये रहेगी स्वास्थ्य मंत्री की नजर

## गंभीर रोगों से ग्रसित कर्मचारियों को मिलेगा वीआरएस, फर्जीवाड़ा रोकने को बनेगा मेडिकल बोर्ड

संवाददाता, नैनीताल


अधिकारियों के साथ बैठक करते शिक्षा, स्वास्थ्य व सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत का शनिवार को नैनीताल पहुंचने पर राज्य अतिथि गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। विधायक सरिता आर्य ने बेतालघाट अस्पताल में रिक्त पदों को भरे जाने व बीते दिनों बेतालघाट क्षेत्र के एक स्कूल में आग लगने के दौरान जलकर खाक हो चुके भवन व फर्नीचर की मांग को ज्ञापन सौंपा।

मंत्री धन सिंह रावत ने पत्रकारों को संबोधित कर कहा कि जनपद के सभी अस्पतालों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा, जिससे वे अपनों फोन के माध्यम से किसी भी दिन इसका निरीक्षण कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने जनपद के सभी अस्पतालों के डॉक्टरों की रहने की व्यवस्था अस्पताल में ही होनी चाहिए, जिससे आपातकाल की स्थिति में भी मरीजों को उपचार मिल सके। सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

### डॉक्टरों और शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा

काबीना मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा है। कहा कि अक्सर तबादले व अवकाश के लिए कर्मचारियों द्वारा फर्जी मेडिकल प्रस्तुत किये जाते हैं जिसके लिए अब मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा जिससे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। साथ ही गंभीर रोगों से ग्रसित कर्मचारियों को वीआरएस दे दिया जाएगा, क्योंकि ऐसे कर्मचारी अपने कार्य का वहन करने में सक्षम नहीं होते हैं। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, महामंत्री मोहित लाल साह, विमल बिष्ट, विक्रम रावत सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### मंत्री धन सिंह व सांसद बलूनी आज रामनगर में

**रामनगर :** गढ़वाल संसदीय सीट के सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार अनिल बलूनी एवं प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत रविवार को रामनगर आएंगे। यह जानकारी भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने दी। दोनों विधायक बिष्ट के कार्यालय में सुबह 11:30 बजे प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे।

## फोन खुला रखें उप राजस्व निरीक्षक

**लालकुआं, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा ने लालकुआं तहसील के उप राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेते हुए आगामी बरसात के दौरान अपने फोन खुला रखने तथा लालकुआं तहसील क्षेत्र में ही निवास करने के लिखित आदेश भी जारी किया है।

लालकुआं तहसील में बैठक लेते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि लालकुआं तहसील क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जो कि पूरी तरह आपदा से घिर जाते हैं, ऐसे क्षेत्र की उप राजस्व निरीक्षकों को निगरानी रखने की सख्त जरूरत है, इसके लिए उन्होंने उन्हें निर्देश दिए कि वह अपना फोन 24 घंटे ऑन रखेंगे। बैठक में तहसीलदार मनीषा बिष्ट, रजिस्टर कानूनगो मोहित बोरा, उप राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव, बीरेंद्र चन्द, विनोद चन्द्र चोपड़ा सहित राजस्व विभाग के कई कर्मचारी मौजूद थे।

## सोमांश को यू-ट्यूब से मिला सिल्वर बटन

संवाददाता, रामनगर


यू ट्यूब के सिल्वर बटन के साथ सोमांश।

**अमृत विचार :** मन में कुछ कर गुजरने की लालसा हो तो उसके आगे उम्र बाधक नहीं होती। इसे चरितार्थ किया है शहर के लिटिल चैम्प सोमांश सिंह डंगवाल ने। बता दें कि सोमांश किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह एक ऐसा बाल कलाकार है जिसने बॉलीवुड में कदम रखकर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपनी मेहनत के बल पर बिना किसी बॉलीवुड गॉड फादर या मदर के वो आज बॉलीवुड के चमकते सितारे के रूप में कई फिल्में, शोज, नाटक, वीडियो सांग्स, एल्बम, ओटीटी प्लेटफॉर्म, टीवी एपिसोड, वेब सीरीज, आईपीएल (क्रिकेट) कर चुका है। इन्हीं सब उपलब्धियों के चलते सोमांश को यू-ट्यूब की ओर से सिल्वर बटन प्राप्त हुआ है।

सोमांश के पिता निवर्तमान सभासद नगर पालिका रामनगर भुवन सिंह डंगवाल ने सभी क्षेत्रवासियों, शहरवासियों व प्रदेशवासियों का धन्यवाद किया है।

## गिरिजा देवी मन्दिर कल से खुलेगा

**रामनगर, अमृत विचार :** एसडीएम राहुल साह ने गिरिजा देवी मंदिर में चल रहे सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सिंचाई विभाग की ओर से मंदिर के मुख्य टीले एवं उसके आसपास के बाढ़ सुरक्षा कार्य जो की वर्षा काल से पूर्व लिए जाने थे, पूर्ण कर लिए गया हैं।

स्थलीय निरीक्षण में कार्य पूर्ण होने की पुष्टि होने एवं प्राप्त आख्या के क्रम में मंदिर समिति को मंदिर खुलने से पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए गए। इधर मंदिर समिति /पुजारी की ओर से अवगत करवाया गया कि एक जुलाई तक संपूर्ण तैयारी कर ली जाएगी। उप जिलाधिकारी, रामनगर द्वारा एक जुलाई से मंदिर श्रद्धालुओं हेतु खोले जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वर्षा काल के दृष्टिगत कोसी नदी पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



रामनगर के ग्राम सभा जसपुर क्षेत्र में बैठक में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की जानकारी दी

**रामनगर, अमृत विचार :** सेंस इंटरनेशनल इंडिया और यूएसआर इन्दु समिति बसई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सभा जसपुर क्षेत्र में उड़ान पोस्ट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का विषय वयस्क बधिर- दृष्टिहीन एवं बहुदिव्यांग छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम कैसे सशक्त बनाना जा सकता है के संबंध पर परिचर्चा हुई। परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार ने इस विषय को बधिर-दृष्टिहीन व बहुदिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों के समक्ष रखा व उनसे बहुमूल्य जीवनोपयोगी जानकारी सांझा की। विगत दिनों में दिल्ली नेब से प्रशिक्षण लेकर आईं सीबीआर कार्यकत्री दीक्षा गुसाईं ने उन्हें समझाया कि व्यावसायिक प्रशिक्षण से छात्र-छात्रा अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सरलता पूर्वक कर सकते हैं। जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकते हैं। दिव्यांगता किसी भी अभिभावक के लिए दोष नहीं है। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग बच्चों के लिए अभिभावकों को हमेशा सजग रहने की सलाह दी। बैठक में स्पेशल एजुकेटर सूर्यभान चौधरी, स्पेशल एजुकेटर सृष्टि सागर, सीबीआर कार्यकत्री दीक्षा मैंदोलिया, फिजियोथेरेपिस्ट संदीप सिंह रावत मौजूद रहे।

## कॉर्बेट का गर्जिया जोन अब साल भर खुलेगा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कार्बेट पार्क का गर्जिया पर्यटन जोन अब पूरे साल खुला रहेगा। प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की ओर से दी गई है। गर्जिया जोन सालभर खुलने की सूचना मात्र से नेचर गाइड और जिप्सी स्वामियों में खुशी की लहर है, लेकिन पार्क प्रशासन को पर्यटन के दौरान जोन में एनटीसीए और अन्य गाइड लाइनों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

सीटीआर के उपनिदेशक दिगन्थ नायक ने इसकी पुष्टि की। राज्य के प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ. समीर सिन्हा की ओर से सीटीआर के निदेशक को जारी पत्र में बताया गया है कि कुछ शर्तों के साथ इस वर्षभर पर्यटन गतिविधि चलाने की अनुमति दी गई है।

**सौगात**

- सूचना से नेचर गाइड, जिप्सी स्वामियों में खुशी की लहर
- जोन में एनटीसीए व अन्य गाइड लाइनों का पालन अनिवार्य

### बिजरानी जोन भ्रमण का आज अंतिम दिन

कार्बेट का बिजरानी पर्यटन जोन रविवार से बंद होने जा रहा है। मतलब रविवार को दोनों पाली में पर्यटक जाएंगे मगर सोमवार से उनकी आवाजाही पर रोक लग जायेगी। ऐसा बरसात में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पार्क प्रशासन हर साल लेता है।

**आयोजन** कार्यक्रम में कुमाउनी पत्रिका दुदबोली के वार्षिकांक का विमोचन भी किया गया

## राजा राम विद्यार्थी को मिला मठपाल स्मृति सम्मान

संवाददाता, रामनगर



दुदबोली पत्रिका का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाउनी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में दिया जाने वाला सम्मान इस बार लेखक राजाराम विद्यार्थी को दिया गया। सम्मान के रूप में विद्यार्थी को शॉल ओढ़ाया, सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर पांच हजार रुपये प्रदान किए गए। एक स्थानीय रेस्टोरेंट में हुए कार्यक्रम की शुरुआत मथुरादत्त मठपाल के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

उसके बाद प्रो. गिरीश पंत ने सभी का स्वागत कर मथुरादत्त मठपाल के साहित्य पर बातचीत रखी। शिक्षक, कवि धर्मेंद्र नेगी ने मठपाल की कविता आङ-आङ चिलैल हैगो' और विजय जमनाल ने एक ठीठ कपोई डानक का सस्वर वाचन किया। इस दौरान अमित लोहनी के बांसुरी वादन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात नवेंदु मठपाल द्वारा राजाराम विद्यार्थी के जीवन और साहित्य कर्म पर बात रखी गई। फिर सामूहिक रूप से राजाराम विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। कुमाउनी पत्रिका दुदबोली के वार्षिकांक का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता साहित्य अकादमी दिल्ली के पूर्व सचिव वरिष्ठ साहित्यकार हरिसुमन बिष्ट ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कुमाउनी भाषा और साहित्य को आगे बढ़ाने में मथुरादत्त मठपाल का योगदान अविस्मरणीय रहा है। राजाराम विद्यार्थी ने कहा श्री मठपाल ने हमेशा उनको कुमाउनी में लिखने को प्रेरित किया। दिल्ली से आए कुमाउनी दुदबोलि संपादक चारु तिवारी, रंगकर्मी उमेश चंद्र बंदूनी, साहित्यकार चंद्र सिंह रावत ने हमरि दुदबोलि, हमरि पछयाण पर अपनी बातचीत को केंद्रित किया। चारू तिवारी ने पत्रिका दुदबोली की भविष्य की योजनाओं पर भी बातचीत रखी। कुमाउनी साहित्यकार भुवन पपनै ने सभी का आभार व्यक्त किया। छोई की ग्राम प्रधान भगवती जोशी ने अध्यक्षता की, संचालन निखिलेश उपाध्याय ने किया। इस दौरान नंदिनी मठपाल, नवीन तिवारी, ललित बिष्ट, विक्रम शर्मा, पुष्पा मठपाल, सगीर अशरफ, कल्पना मठपाल, यशोधर मठपाल, डा. पंकज उप्रेती, सुरेश लाल, हरि मोहन शर्मा, राजेश भट्ट, सुभाष गोला, दिनेश रावत, रमेश बिष्ट, हेमंत कुमार, चंद्र शेखर कारगेती, दयाल पांडे मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हाथियों और गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान

**कालाढूंगी :** रामनगर वन प्रभाग व तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के कालाढूंगी, बरहैनी व गदगदिया रेंज से सटे कोटाबाग, बैलपड़ाव, कालाढूंगी व चकलुवा में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ गया है। गुलदार घरों में घुसकर कुत्तों को निवाला बना रहे हैं तो हाथी, सूअर, नीलगाय, हिरन किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार की रात को ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल के कोठी में घुस कर गुलदार ने उनके रोटवीलर कुत्ते को अपना निवाल बनाया दिया। कन्याल ने डीएफओ मनोज चंद्र जोशी को ज्ञापन देकर बताया कि विदरामुपर गांव में बैखोफ होकर गुलदार घूम रहा है। वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार असगोला ने बताया कि गुलदार की मूवेंट पर नजर रखी जा रही है। वही कालाढूंगी रेंज से सटे जिम कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी वार्ड नंगर 1 में शुक्रवार रात को टस्कर हाथी ने मोती हाउस के सामने भुवन गर्जौला के बगीचे में पहुंचकर जमकर आम खाकर झोपड़ी व आम के पेड़ तोड़ डाले। ग्रामीण भुवन रौतेला,आंनद सिंह बिष्ट, रोहित बुढलाकोटी, गोपाल पांडे, मदन रौतेला, रमेश बुढलाकोटी, ललीत रौतेला ने बताया कि आये दिन जंगली जानवर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### कल से बंद हो जाएगी पैराग्लाइडिंग

**भीमताल :** भीमताल और आस पास के क्षेत्रों से संचालित पैराग्लाइडिंग एक जुलाई से बंद हो जाएगी। प्रति वर्ष मानसून में पैराग्लाइडिंग को बंद कर दिया जाता है। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि एक जुलाई से पैराग्लाइडिंग के संचालन बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं। मानसून के बाद अन्य वर्षों की भांति पैराग्लाइडिंग पुन प्रारंभ कर दी जाएगी।

### शैक्षिक-प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सत्यापन कराने के निर्देश

**हल्द्वानी :** जिले के समस्त उप शिक्षा अधिकारियों को मई माह में दो माह के भीतर शिक्षकों के शैक्षिक-प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सत्यापित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक कई शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापित नहीं हुए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक हर्ष बहादुर चंद ने सभी उप शिक्षा अधिकारियों को शीघ्र शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं।

### एससी-एसटी विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर कोर्स

**रामनगर :** राज्य के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए ईएसटीसी कानिया में कम्प्यूटर का ओ और ए लेबल कोर्स सोमवार एक जुलाई से शुरू होंगे। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर छात्र निशुल्क प्रवेश ले सकते हैं। ईएसटीसी के निदेशक ट्रेनिंग इंचार्ज दिनेश चंद्रा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा एवं प्रशिक्षण केंद्र, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्रशिक्षण केंद्र है, यहां पहली जुलाई से एक वर्षीय ओ और लेबल कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है।

### तथ्य छुपाकर एसीपी के लिए किया आवेदन

**हल्द्वानी :** जिले में प्राथमिक के कई शिक्षकों ने पदोन्नति होने के बावजूद उसे स्वीकार नहीं किया और बाद में पदोन्नति न होने के तथ्य छुपाकर एसीपी (आश्वासित करियर प्रगति) का लाभ लेने के लिए आवेदन कर दिया। वहीं उप शिक्षा अधिकारियों ने उनकी सेवा पंजिका में पदोन्नति त्याग की जानकारी अंकित न करते हुए आवेदन पत्रों का प्रतिपरीक्षण नहीं किया है। अब इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा जगमोहन सोनी ने जिले के समस्त उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन शिक्षकों ने पदोन्नति त्यागी है, उन शिक्षकों को एसीपी का लाभ देने से पहले एक बार फिर से जांच कर उनकी सूची कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के मामलों में पुनरावृत्ति होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित उप शिक्षा अधिकारी की होगी। उन्होंने शीघ्र ही सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। मालूम हो कि पदोन्नति नहीं होने पर 10 वर्ष के सेवाकाल के बाद एसीपी का लाभ मिलता है।

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% •NO AGE LIMIT
● प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## सार-संक्षेप



होटल विजिट के दौरान महिला डिग्री कॉलेज की छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

### छात्राओं को दी एमेनिटीज और सप्लाई की जानकारी

**हल्द्वानी** : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को फूड एवं बेवरेज में कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जा रहा है। शनिवार को छात्राओं को इंडस्ट्री विजिट कराई गई। संभव फाउंडेशन ने छात्राओं को रामपुर रोड स्थित अमरदीप होटल की विजिट कराई। महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि संभव फाउंडेशन और प्लेसमेंट सेल के बीच हुए एमओयू के क्रम में महाविद्यालय की छात्राओं को होटल में बैंक्वेट, रेस्टोरेंट, किचन, बेकरी और कमरे दिखाए गए। उनको एमेनिटीज और सप्लाई के बारे में बताया गया। होटल के महाप्रबंधक केदार सिंह मेहरा ने होटल के कोऑर्डिनेशन और फ्रंट ऑफिस के क्रियाकलापों, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी। यहां संभव फाउंडेशन के केंद्र प्रबंधक अरुण कुमार, मोबिलाइजर प्रकाश आर्य और होटल स्टाफ आदि रहे।

### पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी** : पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान घास मंडी तिराहे के पास एक संदिग्ध युवक से पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद शरीफ अहमद निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर वनभूलपुरा बताया।

### निर्धारित समय से डेढ़ घंटा देरी से पहुंची बाघ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी** : हावड़ा से काठगोदाम के बीच नियमित संचालित होने वाली बाघ एक्सप्रेस शनिवार को अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। आमतौर पर ट्रेन सुबह 9 .15 बजे काठगोदाम पहुंचती, लेकिन हावड़ा स्टेशन से तीन घंटे देरी से चलने के कारण ट्रेन 10 .50 बजे पहुंची। काठगोदाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को काठगोदाम से निर्धारित समय से रवाना किया गया।

### अमरजीत महानगर संरक्षक व राकेश प्रदेश सचिव बने


अमरजीत बिंद्रा।


राकेश गुप्ता।

**हल्द्वानी** : प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा और प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्सवान ने कारोबारी अमरजीत बिंद्रा को महानगर संरक्षक और राकेश गुप्ता टीटू को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, डॉ. धर्म यादव, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, ऋषभ पाठक, देवेश अग्रवाल, पूरन लाल साह, विनोद आनंद, विजय शर्मा, राजीव वर्मा, गौरव अग्रवाल ने हर्ष जताया है।


मुख्य शिक्षा अधिकारी को विदाई देते अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मुख्य शिक्षा अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**हल्द्वानी** : मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सिंह सोनी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस मौके पर विभिन्न संगठनों ने उन्हें विदाई दी। वक्ताओं ने सोनी को एक कुशल प्रशासक, शिक्षाविद् और शिक्षक हितैषी बताते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हर्ष बहादुर चंद, माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी, नंद राम आर्य, डिकर सिंह पडियार, राजकीय शिक्षक संघ की पदाधिकारी नमिता पाठक, जगदीश बिष्ट, रेखा धानिक, गिरीश जोशी, संगीता जोशी, शंकर कांडपाल, हरीश पाठक, गोपाल सिंह बिष्ट, राकेश जोशी, धर्मेंद्र पाल, शाहिद मौजूद रहे।

# गौला बैराज में पानी बढ़ने की हर घंटे प्रशासन को दें सूचना: शुक्ला

## सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने किया काठगोदाम गौला बैराज का औचक निरीक्षण

**निर्देश**
- बैराज में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का लिया जायजा
- कार्मिकों को मुख्यालय में ही बने रहने के दिए निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी


काठगोदाम गौला बैराज का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला ने शनिवार को काठगोदाम गौला बैराज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बैराज में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय में ही बने रहने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने कुछ स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। साथ ही अधिकारियों को सयम से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने गौला बैराज में 10 हजार क्यूसेक के पार पानी पहुंचने पर हर घंटे में प्रशासन को सूचना देने के निर्देश दिये। कहा कि अधिकारी बैराज के सभी गेटों पर लगातार निगरानी रखें और बाढ़ चौकियों के संपर्क में रहे। इस दौरान मुख्य अभियंता ने गौला बैराज में लगे सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा (स्कोडा) सिस्टम की जानकारी ली। बाढ़ की स्थिति में स्कोडा सिस्टम सायरन से अलर्ट जारी कर देगा, जिससे गौला नदी के तटीय इलाकों को समय रहते सुरक्षित किया जा सके। जबकि संवेदनशील इलाकों में अधिकारी व कर्मचारी अपनी नजर बनाए रखेंगे। निरीक्षण में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल, गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी, एसई एमके खरे आदि मौजूद रहे।

### अमृतपुर और गौला बैराज में लगेंगे नए सेंसर

**हल्द्वानी** : सिंचाई विभाग बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए दो नए सेंसर लगाने की तैयारी कर रहा है। इसमें एक सेंसर अमृतपुर में लगाया जाएगा। इसके लिए विभाग जमरानी परियोजना इकाई से एनओजी मिलने का इंतजार कर रहा है। जबकि दूसरा सेंटर गौला बैराज के डाउनस्ट्रीम में लगाया जायेगा। बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि बैराज में जलस्तर 10 हजार क्यूसेक के पार होने पर गेट खोल दिये जाते हैं। 24 हजार क्यूसेक से अधिक पर चेतावनी व 42 हजार क्यूसेक से अधिक पर डेंजर लेवल शुरू हो जाता है। इन सेंसरों की मदद से एक घंटे पूर्व ही अलर्ट की चेतावनी मिल जाएगी।

## सब स्टेशन में हुआ विस्फोट, सात घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : सुभाष नगर बिजली उपकेंद्र में देर रात तीन बजे इनकमर पैनल में विस्फोट हो गया। जिसके चलते 7 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पैनल में विस्फोट से राजपुरा, सुभाष नगर और तिकोनिया इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रही। पैनल में विस्फोट की वजह से 11 हजार केवी की लाइन ठप रही। राजपुरा निवासी हेमंत साहू ने बताया कि बिजली घर में विस्फोट होने से करीब 20 हजार उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। लगभग 7 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। समस्या को लेकर जब बिजली विभाग से संपर्क किया गया तो विभाग से आश्वासन मिला कि मरम्मत कार्य जारी है। सुबह तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

इधर, बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि नमी आने के चलते पैनल में विस्फोट हो गया था, जिसकी मरम्मत कर शनिवार सुबह 10 बजे तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। उधर, बिजली कटौती से कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही।

## सिल्ट आने से पानी के लिए तरसी 20 हजार की आबादी

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार** : पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से फिल्टर प्लांटों में सिल्ट आने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जिस कारण कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को शीतलाहाट स्थित फिल्टर प्लांट में सिल्ट आने से सुबह पेयजल लाइनों में जलापूर्ति नहीं हो पाई। इस कारण काठगोदाम, नई बस्ती, वार्ड एक व दो, चांदमारी, नरीमन चौक और रानीबाग क्षेत्र की लगभग 20 हजार आबादी पानी के लिए तरसती रही। वहीं शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट से शनिवार को इंदिरानगर, लालडांठ, कुसुमखेड़ा, कठघरिया, नैनीताल रोड समेत कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति सुबह के समय सुचारू रही। जल संस्थान ने गौला नदी में सिल्ट बढ़ने पर सफाई के लिए फिटकरी की मात्रा बढ़ा दी है। पहले की अपेक्षा सिल्ट व गाद की सफाई के लिए एक घंटे में फिटकरी की 2 सिल्लियां डाली जाती हैं, लेकिन अब 1 घंटे में 6 सिल्लियों की खपत हो रही है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि शीतलाहाट फिल्टर प्लांट में सिल्ट आने के चलते शनिवार सुबह की पेयजल आपूर्ति बाधित रही। सिल्ट की सफाई में कर्मचारी लगे हुए हैं। जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। वहीं विभाग के 23 टैंकरों से पेयजल संकटग्रस्त इलाकों में पानी वितरित कराया जा रहा है।

## टास्क फोर्स बनाकर पर्वतीय क्षेत्रों में चलाएं चेकिंग अभियान: डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


कैंप कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेतीं डीएम वंदना। ● अमृत विचार


**अमृत विचार** : डीएम वंदना ने शनिवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग और पुलिस के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की।

डीएम ने कहा कि पिछले वर्ष जनपद में हुए सड़क हादसों में ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक हादसे हुए हैं। इसकी रोकथाम के लिए पुलिस और परिवहन विभाग को टास्क फोर्स बनाकर पर्वतीय क्षेत्रों में ड्राइविंग लाइसेंस, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव, वाहनों की फिटनेस वगैरह के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रवर्तन टीम को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष फोकस करने को कहा।

उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को लाने ले जाने में लगी बसों, वैन वगैरह की फिटनेस अवश्य जांची जाए। साथ ही पुलिस और परिवहन विभाग सड़क हादसों में हुई जनहानि की सूची बनाएं। प्रभावित परिवारों को आजीविका सृजन, पुनर्वास और मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। डीएम ने लोनिवि के ईई रत्नेश सक्सेना को परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ समन्वय बनाकर रोड सेफ्टी ऑडिट टीम गठित कर अवशेष मार्गों का सेफ्टी ऑडिट करवाए और ब्लैक स्पॉट चिन्हित करवाएं, समस्याओं को दूर करते आरटीए की बैठक में प्रस्ताव किए जाए। बैठक में एसपी सिटी ट्रैफिक हरबंस सिंह, आरटीओ संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

"Your first choice"
Shriram Institute of Management & Technology
SHRIRAM SIMT 20 Years of Excellence
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Group Institute SIMT-PG College
Approved by AICTE & NCTE, Accredited (Edu) by NAAC
Affiliated to VMSB Uttarakhand Technical University, Dehradun & Kumaun University, Nainital
ADMISSION OPEN Session 2024-25
A Premier Institute Since 2004
Scan Me
MBA
Programs:
• Marketing Management • Human Resource Management
• Financial Management • International Business Management
Other Courses
BBA | BCom Honours | BCA | BEd
Last Date of Admission - 10 July 2024
TOP PLACEMENT (Partial List)
Ankit Sharma TCS, Kamini Bohra TCS, Komaljot Kaur WIPRO, Vishal Rana WIPRO, Nivedita Satyawali WIPRO, Anamika Bisht WIPRO, Mumd Shoaib MONEY TREE
Shubham Singh CONCENTRIX, Shivani Chauhan BHEL, Ajay Ramola ZENTHIUM, Sonu Rawat BULLMEN REALTY, Priyanka Bhandari BULLMEN REALTY, Gurmukh Singh EMBTEL, Richa Saini JQH Electronic
and many more ...........
Address:
7th Km Stone, Ramnagar Road,
Kashipur-244713,
(U.S.Nagar) Uttarakhand
Visit our website
simtrk@rediffmail.com
Follow us on
Contact us
9927010999, 8194069000, 9012805811, 7017627714

## लेखाकार त्रिलोक रावत सेवानिवृत्त



**हल्द्वानी** : समाज कल्याण निदेशालय में कार्यरत लेखाकार त्रिलोक सिंह रावत शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। निदेशालय अधिकारियों, कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

रावत ने दो दशक से अधिक समय तक विभागीय आय-व्यय तैयार करने, बजट भाषण लिखने, विभागीय दिग्दर्शिका बनाने आदि कार्यों का संपादन किया। उन्होंने 28 वर्ष 18 दिन विभाग की सेवा की। अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, उप निदेशक वासुदेव आर्य, आनंद जंगपांगी, शैलेंद्र मिश्र मौजूद रहे।


एसएसपी से मुलाकात करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### व्यापार मंडल ने जताया एसएसपी का आभार

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : बनभूलपुरा क्षेत्र से लापता किशोरियों को सकुशल बरामद करने के लिए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला जिला इकाई ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का आभार जताया। शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मुलाकात की और उन्हें बुकें भेंट किया। साथ ही पुलिस टीम की कार्यशैली की सराहना की। इस दौरान जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, प्रदेश महिला संगठन मंत्री शांति जीना, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, महिला जिला महामंत्री उर्वशी बोरा, विनीता शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, पवन वर्मा मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति परीक्षा की बैठक 3 जुलाई को

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की परीक्षा के संबंध में 3 जुलाई को ऑनलाइन बैठक होगी। कुमाऊं मंडल में सुबह 10.30 बजे से और गढ़वाल मंडल में अपराह्न 3 बजे से बैठक होगी। जिसमें परीक्षा के आवेदन पत्र, नॉमिनल रोल, विकास खंड स्तर पर परीक्षा केंद्र और परीक्षा आयोजन के संबध में विचार-विमर्श किया जाएगा।

इस संबंध में एससीईआरटी के अपर निदेशक अजय कुमार नौडियाल ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) और समस्त खंड व उप शिक्षा अधिकारियों को बैठक में प्रतिभाग करने के लिए आदेश देने के निर्देश दिये हैं।


सड़क डामरीकरण का शुभारंभ करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक कैड़ा ने किया डामरीकरण का शुभारंभ

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शनिवार को रामगढ़ ब्लॉक की ग्रामसभा सूपी के अंतर्गत मल्ला सूपी-रूसानी, दीगड़-कपूवा-लोधिया मोटर मार्ग के डामरीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मोटर मार्ग का डामरीकरण नहीं होने से बारिश में मार्ग पर कीचड़ हो जाता था। इस वजह से ग्रामीणों व किसानों को सड़क तक आने में भारी परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि इस परेशानी को देखते हुए शासन से 2 .52 करोड़ का बजट स्वीकृत कराया गया। मार्ग बनने से 2 से 3 हजार की आबादी की समस्या का समाधान होगा। इस दौरान अंकित पांडे, जिला पंचायत सदस्य कमलेश बिष्ट, प्रधान जीवन गौड़, राकेश मेहता, गणेश गौड़, गंगा सिंह, लाल सिंह, मोहन सिंह, कैलाश सिंह, तारा सिंह, मदन सिंह, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते स्वामी सच्चिदानंद व अन्य। ● अमृत विचार

### लापता किशोरियों से मिले स्वामी सच्चिदानंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने शनिवार को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता हुई दो किशोरियों से उनके घर जाकर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हल्द्वानी की घटना में सभी हिंदुवादी संगठनों ने एकजुटता से आवाज उठाई। जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। जिससे घटना का शीघ्र पर्दाफाश हो पाया। ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों, इसलिए सभी सनातनी संगठनों को एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह किसी एक घर का मामला नहीं है, इसके पीछे एक मिशन चल रहा है। शासन और प्रशासन को गंभीरता दिखाते हुए जांच बैठानी चाहिए। इस दौरान शिल्पा स्वरूप, रविंद्र सक्सेना, रमेश सिन्हा, चमन सक्सेना, सुंदर चौधरी मौजूद रहे।

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहेब्लिटेशन सेंटर
डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY
पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या
पेशाब होने का अनुभव न होना
प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन
सम्बन्धित समस्याएं
पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म
लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ड्राई निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आईस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एम.टी.एम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • 11 एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
पैरालाइसिस
चेहरे का लकवा
कमर में दर्द
स्लिप डिस्क
शरीर में घाव, बैड सोर
सर दर्द, माइग्रेन
जोड़ों का दर्द (गठिया)
कोहनी में दर्द
कंधों का जाम या दर्द
गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना
साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द)
घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस)
बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी)
फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न
मांसपेशियों में खिंचाव
एड़ी में दर्द
हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन
डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याऐं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

# भविष्य के लिए पानी की हर बूंद संरक्षित करें

## जल शक्ति अभियान की एपीजे सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

चिंतन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल है तो कल है। इसलिए भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जलस्रोतों, जलधाराओं, नदियों व जलाशयों का संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए कार्ययोजना बनानी होगी। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा।

शनिवार को जिलाधिकारी ने यह बात एपीजे सभागार में जल शक्ति अभियान की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पानी की एक-एक बूंद को संरक्षित करना आवश्यक होगा। जनता को भी जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर, क्षेत्र पंचायत व जनपद स्तर पर जल संरक्षण कार्य अधिक से अधिक किए जाएं और जल संरक्षण कार्यों की जियो-टैगिंग की जाए। साथ ही अधिक से अधिक योजनाओं को जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन की कार्ययोजना में शामिल किया जाए।



एपीजे सभागार में जल शक्ति अभियान के तहत अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### नक्शे के साथ भवनों में वर्षा जल संग्रहण अनिवार्य

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण और नगर निगम भवन का जो भी नक्शा प्लान पास करें उनमें वर्षा जल संग्रहण अनिवार्य होना जरूरी है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जल शक्ति अभियान के तहत स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) के तहत किए जा रहे कार्यों की जियो-टैगिंग करते हुए डाटा नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### सीएम की घोषणाओं के कार्यों को गंभीरता से लें अधिकारी

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने सीएम घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम घोषणाओं के कार्यों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। साथ ही समय से कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जो घोषणाएं जनपद स्तर पर लंबित हैं उनका भूमि चयन और डीपीआर बनाकर तुरंत शासन को भेजें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त समस्याओं का भी प्राथमिकता से निराकरण करें और शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी करें।

### ये लोग रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, जल निगम ज्योति पालनी, जल संस्थान तरुण शर्मा, ग्रामीण निर्माण निगम पंकज कुमार, कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी शशि कमल, सहायक अभियंता लघु सिंचाई टिंकू सिंह, विशाल प्रसाद सहित सभी नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि ग्राम सभा स्तर पर जल स्रोत, जलधारा, नौलों, गाड़-गधेरों को सदानीर बनाए रखने के लिए उनके संरक्षण के लिए कार्य किए जाएं। साथ ही उनके कैचमेंट एरिया में चौड़े पत्तीदार पौधों का रोपण किया जाए। इसी तरह क्षेत्र पंचायत स्तर पर अमृत सरोवर, कंटूर ट्रेंचेंज, रिचार्ज पिट्स, रिचार्ज साफ्ट बनाए जाएं। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में चाल-खाल खंतियां, जलाशय बनाए जाएं व उनके कैचमेंट एरिया में पौधरोपण किया जाए। इसी तरह जनपद स्तर पर नदियों का पुनर्जीवीकरण व जलाशयों का संरक्षण, संवर्द्धन एवं डिसिल्टिंग का कार्य किया जाए व नदियों व जलाशयों के किनारों पर खाली स्थानों में पौधरोपण किया जाए। इसके लिए ग्राम विकास, वन, सिंचाई, पेयजल, कृषि उद्यान, मत्स्य आदि संबंधित विभाग समन्वय करते हुए कार्ययोजना के तहत कार्य करें।

# काशीपुर नगर निगम को एसटीपी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

- रुद्रपुर नगर निगम को एफएसटीपी को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश
- कहा-फीकल स्लज ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर की जाए ट्रैकिंग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम काशीपुर की एसटीपी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने और रुद्रपुर में एफएसटीपी को सुचारू रूप से चलाने के नगर आयुक्त को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फीकल स्लज ले जाने वाले निजी वाहनों में जीपीएस लगाकर ट्रैकिंग की जाए। ताकि फीकल स्लज को एफएसटीपी में ही डाला जा सके। उन्होंने सभी निकायों को लीगेसी वेस्ट प्रबंधन करने के लिए टेंडर करने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान दिए। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने बताया कि नगर निगम रुद्रपुर में 70 प्रतिशत लिगेसी प्रोसेसिंग कर ली गई है, जबकि काशीपुर में भी 70 प्रतिशत लिगेसी वेस्ट प्रोसेस कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने रुद्रपुर नगर निगम को भी फ्रेस वेस्ट घर-घर कूड़ा उठान, सेग्रिगेशन, प्रोसेसिग का इंटिग्रेटेड टेंडर कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगर निगम रुद्रपुर को मृत पशुओं के डिस्पोजल के लिए भूमि चयन कर डीपीआर बनाने के निर्देश दिये।

साथ ही स्वच्छता, जागरूकता के लिए नगर निगम रुद्रपुर को पांच लाख, नगर निगम काशीपुर को दो लाख सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायत को 50-50 हजार स्वीकृत किये। उन्होंने कल्याणी नदी की सफाई करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई व सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि कल्याणी नदी की सफाई गतिमान है।

डीएफओ यूसी तिवारी, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, एएस नेगी, लोनिवि, पेयजल निगम ज्योति पालिनि, जल संस्थान तरुण शर्मा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित ईओ नगर पालिका व नगर पंचायत मौजूद थे।

### औद्योगिक क्षेत्र में ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित किया जाए

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए प्लांट प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। ताकि कल्याणी नदी में ट्रीटमेंट के बाद ही औद्योगिक इकाइयों का पानी नदी में आये। उन्होंने सभी अधिकारियों को नमामि गंगे के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए धरातल पर उतारने के निर्देश दिये।

### लिगेसी वेस्ट का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड से लिगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डंपिंग साइड लिगेसी वेस्ट को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण के लिए सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने और एनजीटी के मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रंचिग ग्राउंड में अवशेष एकत्रित लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त आरडीएफ के निस्तारण करने व अनुबंधित फर्म दयाचरन एंड कंपनी को अनिवार्य रूप से ट्रंचिंग स्थल से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी समेत अनुबंधित फर्म के मैनेजर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### दिल्ली एयरपोर्ट में हादसे के चलते उड़ान रद्द

**पंतनगर :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली में बृहस्पतिवार को टर्मिनल-1 बिल्डिंग की छत का एक हिस्सा गिर गया था। जिसके चलते टर्मिनल एक की सारी फ्लाइट को टर्मिनल-2 और टर्मिनल-3 में शिफ्ट कर दिया गया है। इन टर्मिनलों पर दबाव बढ़ने के चलते फ्लाइटें लेट हो रही हैं। इसी वजह से शनिवार को एलाइंस एयर की दिल्ली-वाराणसी वाया देहरादून-पंतनगर फ्लाइट दिल्ली से देहरादून होते हुए पंतनगर तक आई, लेकिन उसे वाराणसी न भेजकर वापस दिल्ली भेज दिया गया। जिसके चलते इस फ्लाइट में पहले से सीट बुक कराए यात्रियों को निराश होना पड़ा।

### कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत आज काशीपुर में

**रुद्रपुर :** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत 30 जून यानी रविवार को सुबह 9 बजे नैनीताल से प्रस्थान कर 11 बजे मंडी सभागार काशीपुर पहुचेंगे। यहां वे स्वास्थ्य विभाग, राजकीय मेडिकल कालेज, खादी एवं औषधि प्रसाधन, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत 2 बजे काशीपुर से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अज्ञात पर आम के पेड़ काटने का आरोप

**खटीमा :** सैजना निवासी पुरुषोत्तम सिंह और नितिन सिंह राणा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार शाम करीब पांच बजे अज्ञात लोगों ने उसके बाग के आम के पेड़ काट दिए हैं। पीड़ित ने यह भी कहा है कि उसने 112 नंबर पर कॉल की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# विधायक से मिले चिह्नित किए गए अतिक्रमणकारी

गुहार

- कल्याणी और बैगुल नदी किनारे बसे लोगों को मिला नोटिस
- तीन जुलाई तक खाली करने की मिली है मोहलत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन के आदेश पर कल्याणी और बैगुल नदी किनारे बसे चिह्नित अतिक्रमणकारियों को नोटिस मिलने के बाद लोगों ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ से मुलाकात की और प्रशासन से वार्ता कर नोटिस रद्द कराने की मांग की। विधायक बेहड़ ने भरोसा जताया कि प्रशासन से वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।



किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ से मिलते चिह्नित किए गए अतिक्रमणकारी। ● अमृत विचार

शनिवार को बड़ी संख्या में लोग किच्छा विधायक बेहड़ के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक से मुलाकात की। उनका कहना था कि पिछले कई वर्षों से सैकड़ों परिवार कल्याणी और बैगुल नदी के किनारे झुग्गी-झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण लोग मेहनत मजदूरी कर आजीविका चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत दिनों जिला प्रशासन के आदेश पर नगर निगम ने कल्याणी और बैगुल नदी किनारे बसे लोगों को नोटिस भेज कर जगह खाली करने का आदेश दिया है। साथ ही हिदायत दी है कि खाली नहीं करने पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा।

लोगों का कहना था कि यदि प्रशासन ने उनको वहां से हटाया तो लोग बेघर हो जाएंगे। बेहड़ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रशासन व निगम से वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सभासद फुदेना साहनी, पूर्व सभासद नूर अहमद, अहमद अली, आजम मियां, अली हसन, मोहम्मद एहसान, रफीक अहमद, शाकिर अली, राजपाल सिंह, हुकुम सिंह, शिव दयाल, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तमंचा सटाकर की लूटपाट चाकू मारकर किया घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक चिकन विक्रेता को घेर कर लूटपाट करने और चाकू मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक का आरोप था कि तमंचा सटाकर बदमाशों ने लूटपाट की घटना की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिव नगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विशाल पाल ने बताया कि उसकी आदर्श कॉलोनी घास मंडी में चिकन बेचने की दुकान है। बताया कि 18 जून की रात्रि 7 बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहा था। इस बीच अचानक शिव नगर पुलिस के पास अमन पांडे, विकास ददा, सुमित कुमार, सुमित राठौर, संजय कोली ने अपने चार-पांच साथियों के साथ घेर लिया और अभद्रता करते हुए खींचकर टावर के पास ले गए। जहां एक युवक ने सिर पर तमंचा सटाकर जेब में रखे 12 हजार रुपये लूट लिए और विकास ददा ने चाकू से वार कर दिया। वहीं अन्य साथियों ने ईंट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# बेहड़ ने लिखा डीजीपी को पत्र

संवाददाता, रुद्रपुर

ऑडियो प्रकरण

- जांच प्रभावित होने का जताया संदेह, एसएसपी को जांच से दूर रखने की उठाई मांग

**अमृत विचार:** पंतनगर थाना प्रभारी की अश्लील ऑडियो प्रकरण की निष्पक्ष जांच को लेकर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने डीजीपी को पत्र लिखकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। बेहड़ ने आशंका जताई कि आरोपी थाना प्रभारी पीड़िता पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं जिले के कप्तान द्वेष भावना से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में देहरादून स्तर पर आईपीएस अधिकारी की देखरेख में मामले की जांच होनी चाहिए।

शनिवार को लिखे खत में विधायक बेहड़ ने कहा कि अश्लील ऑडियो का मुद्दा उठाने के बाद एसएसपी द्वारा थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। बेहड़ का आरोप था कि पुलिस लाइन अटैच आरोपी थानाध्यक्ष पीड़िता पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। जिसका सबूत पीड़िता के मोबाइल में व्हाट्सएप पर भेजे मैसेज हैं। ऐसे में कोतवाल को देहरादून अटैच किया जाए। उनका आरोप है कि जिले के एसएसपी व्यक्तिगत पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर जांच को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में एसएसपी को जांच के दायरे से बाहर रखते हुए पुलिस मुख्यालय स्तर के आईपीएस अधिकारी से जांच करानी चाहिए। वहीं 28 जून को पुलिस मीडिया ग्रुप में भेजे गए पूर्व विधायक के आने की सूचना प्रकरण की भी जांच होनी चाहिए। कारण पुलिस की छवि को दागदार करने के प्रकरण में कहीं न कहीं पुलिस राजनीति कर रही है। मैसेज प्रकरण पुलिस मैनुअल के विरूद्ध है। विधायक बेहड़ ने खत लिखकर डीजीपी से प्रकरण को गंभीरता से लेने का आग्रह किया। ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

# हाईटेंशन लाइन में अचानक लगी आग, बिजली गुल

**काशीपुर:** देखते ही देखते अचानक 33 केवी की हाईटेंशन लाइन में आग लग गई। इसके चलते लोगों में दहशत हो गई। लोग आग को देखकर वहां से दूर भागने लगे। कुछ देर बाद आग अपने आप ही बुझ गई। लेकिन इस दौरान कई घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिसे विद्युत विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त किया। शुक्रवार की शाम बाजपुर रोड पर चैती चौराहे के पास 33 केवी की लाइन में अचानक से आग लग गई। लोग आग को देखकर वहां से दूर भागने लगे। इसके अलावा सड़क पर चल रहे वाहन भी आग को देखकर कुछ दूरी पर रुक गए। अफरा तफरी के माहौल में कुछ देर बाद आग अपने आप ही बुझ गई। लेकिन इस दौरान आसपास के मोहल्ले श्यामपुरम, रामपुरम, चैती चौराहा, खड़कपुर देवीपुरा की बिजली बाधित हो गई। जिसे विभाग के कर्मियों के द्वारा विद्युत लाइन को लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद ठीक किया ।


दैनिक समाचार पत्र | कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523

नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333

रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222

किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


## हालात

घरों और पार्कों में भरा पानी, सब्जी की फसल प्रभावित, सड़कों पर हुआ कीचड़, आने-जाने वाले लोग हो रहे परेशान

# पहली बारिश से मिली गर्मी से राहत, जलभराव से आफत

सुशील चौहान, जसपुर

**अमृत विचार:** मानसून की पहली बारिश से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन जगह-जगह हुए जल भराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे सब्जी की फसल भी प्रभावित हुई है।

पिछले दो दिनों में क्षेत्र में हुई मानसून की पहली बारिश से पिछले काफी दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल गई है, लेकिन पानी के निकास की उचित व्यवस्था न होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई।

भारी वर्षा होने के कारण जसपुर के बाजार, चूने वाली गली, मोहल्ला जोशीयान वार्ड नंबर 9 में जलभराव से सड़क ने नदी का रूप ले लिया। इसके अलावा नगर के कई अन्य मोहल्लों, नई बस्तियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जलभराव हो गया। मोहल्ला जोशिया पट्टी चौहान स्थित पार्क में जलभराव हो रहा है। इससे पार्क ने तालाब का रूप ले लिया है। जलभराव के कारण मोहल्ले के बच्चे पार्क में नहीं खेल पा रहे हैं और नहीं लोग बैठ पा रहे हैं।

लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने पार्क में भरा पानी अब तक नहीं निकलवाया है।

जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग स्थित गर्ग नर्सिंग होम चौराहे से ठाकुरद्वारा चुंगी की ओर जाने वाली टूटी पड़ी सड़क पर काफी कीचड़ हो रही है। क्षेत्र के अन्य कई स्थानों पर सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया है। इससे वहां भी आवागमन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के भोगपुर डाम क्षेत्र के गांव तीरथ नगर प्रथम में बागवानी सब्जी वाले खेतों में काफी पानी भर गया है। इससे सब्जियों को काफी नुकसान पहुंच रहा है।



जसपुर के मोहल्ला जोशियान पट्टी चौहान के पार्क में हुआ जल भराव। ● अमृत विचार



वार्ड नंबर 9 में भरा पानी। ● अमृत विचार



"खेतों में खड़ी सब्जी की फसल में वर्षा से जलभराव हो गया है। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।
-गिरवर सिंह, तीरथ नगर प्रथम


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण | स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### श्रमिक की मौत के मामले में डंपर चालक के खिलाफ केस

**काशीपुर :** सड़क दुर्घटना में श्रमिक की मौत के मामले में पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में जैतपुर घोसी निवासी संजय कुमार ने कहा कि उसके पिता सुरेश कुमार 27 जून की शाम साइकिल से अपने घर आ रहे थे। काशीपुर-बाजपुर मार्ग पर आईजीएल मोड़ के सामने डंपर के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता को साइकिल समेत टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### मारपीट के बाद युवक लापता

**बाजपुर :** एक व्यक्ति से मिलने गया युवक मारपीट होने के बाद लापता हो गया। घटनास्थल पर उसका मोबाइल पड़ा मिलने की बात कहते हुए युवक की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर दी है। पांडेय रोड सकलानी वाली गली के पास निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि 27 जून की रात उसके पति के मोबाइल पर फोन आया था। इसके चलते वह उससे मिलने के लिए बाहर चले गए। इसी बीच उसने फोन किया तो पति के साथ लड़ाई-झगड़ा हो रहा था। झगड़े की बात उसे फोन में सुनाई दी। इसके पश्चात जब वह मौके पर पहुंची तो पति का मोबाइल वहीं पड़ा हुआ था और पति का कुछ पता नहीं चल पाया।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला दबोचा

## कुमाऊं साइबर क्राइम की टीम ने दिल्ली जाकर पकड़ा सरगना

शिकंजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले सरगना को कुमाऊं साइबर क्राइम की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बागपत यूपी का रहने वाला आरोपी इतना शातिर था कि ऑनलाइन ही मुनाफा देने का प्रलोभन देकर शिकार को अपने जाल में फंसाता और ऑनलाइन ही साइबर अपराध को अंजाम दे देता था। साइबर की टीम ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए कुमाऊं साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में हल्द्वानी के कारोबारी नितिन अग्रवाल से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 90 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। जिसकी तफ्तीश एसटीएफ और साइबर क्राइम की टीम कर रही थी कि टीम ने जब मोबाइल नंबर व खातों की पड़ताल की तो पाया कि ठगी के आरोपी की मोबाइल लोकेशन दिल्ली में दिख रही है। जिसके आधार पर साइबर की टीम ने ब्लॉक राधा कृष्ण मंदिर रोड स्वरूप नगर दिल्ली स्थित एक आवास पर दबिश दी और मौके से वार्ड-दो अग्रवाल मंडी टटीरी देहात बागपत निवासी रविंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से कई मोबाइल सिम कार्ड, एटीएम कार्ड सहित ठगी में प्रयोग होने वाले उपकरणों को बरामद कर लिया। जब साइबर टीम ने ठगी के मास्टरमाइंड के खातों की पड़ताल की तो पाया कि आरोपी के खाते में पिछले माह में ही दो करोड़ के करीब की धन राशि का आदान-प्रदान हुआ है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



रुद्रपुर में दिल्ली से गिरफ्तार आरोपी के साथ साइबर क्राइम की टीम।

## भवतिका हेल्थ केयर सेंटर की आड़ में चला रहा था धंधा

**खुलासा**

- 11 राज्यों की पुलिस की रडार पर था सरगना
- स्नातक तक की है पढ़ाई, कर चुके हैं कई ठगी

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** फिल्मी स्टाइल का शौक रखने वाला साइबर ठगी का मुख्य सरगना दिल्ली के स्वरूप नगर में हेल्थ केयर सेंटर की आड़ में साइबर ठगी का धंधा करता था और उसके पीछे 11 राज्यों की पुलिस भी लगी हुई थी। बताया कि आरोपी के खिलाफ 11 राज्यों में साइबर ठगी के मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके बाद यह माना जा रहा है कि शातिर साइबर अपराधी लोगों को मुनाफा का प्रलोभन देकर शिकार बनाता था।

कुमाऊं साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि 90 लाख की धोखाधड़ी की तफ्तीश के दौरान जब साइबर सरगना को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पता चला कि आरोपी महज स्नातक कर चुके हैं और बागपत में ही परिवार को छोड़कर स्वरूप नगर दिल्ली में भवतिका हेल्थ केयर सेंटर संचालित करता था। वहीं उसने अपना साइबर ठगी का पूरा सिस्टम भी लगा रखा था। यहां तक की लोगों के उपचार के लिए नर्सिंग स्टाफ भी मुहैया कराता और ऑनलाइन ट्रेडिंग का धंधा बताकर लोगों को फंसाता था।

तफ्तीश में यह भी पता चला है कि उसके खिलाफ दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडू, यूपी, गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित 11 राज्यों में लाखों-करोड़ों की ठगी के मामले पंजीकृत हैं। साथ ही 11 राज्यों की पुलिस भी आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन हर बार पुलिस को गच्चा देकर साइबर अपराधी बच निकलता था।

### कई लोगों के नाम पर खोले फर्म-खाते

**रुद्रपुर :** साइबर क्राइम की टीम की पूछताछ में यह पता चला कि जब आरोपी शिकार को फंसाता था, तब उसके डैशबोर्ड पर मुनाफा व ऑनलाइन ट्रेडिंग का कारोबार दिखाई देता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने कई लोगों के नाम से फर्जी फर्म बनाकर बैंकों में खाते खोले हैं। जिनका प्रयोग वह खुद भी करता था और नेटवर्क के सदस्यों को भी अहमदाबाद-गुजरात के खातों का प्रयोग करवाता था। सदस्यों को प्रत्येक खाते से 40 हजार से एक लाख तक की कमीशन भी देता था। जांच में पता चला कि कई राज्यों में भवतिका हेल्थ केयर के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले ऑनलाइन दर्ज किए गए।

### मोबाइल व स्कैनर भी हुआ बरामद

**रुद्रपुर :** कुमाऊं साइबर टीम ने जब दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित हेल्थ केयर पर दबिश दी तो मौके से एक मोबाइल, छह चेक बुक, छह पास बुक, बैंक की चेक बुक, छह डेबिट कार्ड, 33 कई कंपनियों के सिम कार्ड, दो फर्जी मोहर, भुगतान के लिए कई क्यूआर स्कैनर बरामद किए गए।

### अपराध का यह था तरीका

अभियुक्त द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन प्रसारित कर लिंक के माध्यम से वाट्सअप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग करने और मोबाइल फोन में एक आवेदन डाउनलोड करता था। साथ ही नये शेयर के जारी होने वाले आईपीओ में तीन गुना तक का मुनाफा कमाने का झांसा देकर पैसा लगाने का प्रलोभन देता था। पहली चाल में वह शेयर का मुनाफा भी देता था और जब पीड़ित मोटी रकम डाल देता था तो खातों पैसा निकालकर लिंक को बंद कर देता था। यही कारण था कि हल्द्वानी के कारोबारी को भी आरोपी ने मुनाफा देकर धोखाधड़ी की थी।

# दिल्ली के सीएम की रिहाई को लेकर प्रदर्शन

**आक्रोश**

- ईडी पर दबाव बनाकर फंसाने का लगाया आरोप
- रिहाई नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीएम मोदी पर ईडी पर दबाव बनाकर षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और दिल्ली के सीएम व आप पार्टी के संयोजक की जल्द रिहाई की मांग की। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही रिहाई नहीं हुई तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

शनिवार को आप पार्टी के जिलाध्यक्ष जर्नादन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और हाथों में विरोध स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि दिल्ली के सीएम की लोकप्रियता देखकर केंद्र की मोदी सरकार घबरा गई है और पीएम मोदी के इशारे पर ईडी ने षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेज दिया, जबकि केजरीवाल का पूरे घोटाले से कोई लेना देना नहीं है। बावजूद केंद्र सरकार सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टियों को समाप्त करने की साजिश कर रही है, जबकि देश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के चंदे की ही जांच करवा ली जाए तो कई केंद्रीय मंत्री भी जेल में हो सकते हैं। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही केजरीवाल की रिहाई नहीं हुई तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, कमल श्रीवास्तव, किरण विश्वास, रामबाबू, जावेद मलिक, नासिर हुसैन, जिशान अंसारी, वसीम रजा, मनोज शाही, राघवेंद्र कुमार, पवन विश्वास, चेतन कांडपाल आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में भगत सिंह चौक पर सीएम केजरीवाल की रिहाई को लेकर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# आदर्श कॉलोनी में मकान बताकर हड़पे 13 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

- मकान की रजिस्ट्री नहीं करने पर हुआ खुलासा
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में आदर्श कॉलोनी स्थित अपना मकान बताकर एक युवक से लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिरगोटिया रुद्रपुर निवासी वसीम खान ने बताया कि उसकी मुलाकात आदर्श कॉलोनी वार्ड-29 निवासी कलीम अहमद से हुई। जिन्होंने पंकज कॉलोनी में एक मकान को खुद का बताते हुए मकान की रजिस्ट्री दिखाई और मकान बेचने की बात कही। जिसकी कीमत 27 लाख रुपये बताई गई। विक्रेता के कहने पर उसने 8 मार्च 2023 से 17 मार्च 2023 तक आरोपी के बताए खाते में 13 लाख रुपये का भुगतान करने के बाद जब मकान की रजिस्ट्री करने की बात कही तो कलीम अहमद आनाकानी करने लगा।

वसीम ने बताया कि जब मामले की पड़ताल की तो पता चला कि दिखाया गया मकान आरोपी का था ही नहीं, बल्कि वह मकान किसी और को बेचा गया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कुटरचित तरीके से मकान दिखा कर 13 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप था कि पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ित ने कोर्ट में याचिका दायर की।

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCOP BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते गदरपुर विधायक अरविंद पांडे।

### गूलरभोज जलाशय की सड़क को लेकर की समीक्षा

गदरपुर : पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक ने क्षेत्र की लंबित पड़ी सड़कों के निर्माण एवं गूलरभोज पर्यटक स्थल को विकसित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।शनिवार को अपने आवास स्थित कैंप कार्यालय में विधायक अरविंद पांडे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित पड़ी सभी सड़क निर्माण योजनाओं के निर्माण में गति दें। उन्होंने बताया कि केंद्र की योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा घोषित पर्यटक स्थल को आसपास स्थित रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट को सड़क मार्ग से सीधा जोड़ने की योजना है। पांडे ने बताया कि गूलरभोज जलाशय को केंद्रीय फंड से सड़क निर्माण के प्रस्ताव जो भेजे गए थे उन पर भी आज समीक्षा की गई। विधायक पांडे ने बताया कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र एवं गूलरभोज पर्यटक स्थल के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, सहायक अभियंता विनोद कुमार, अपर सहायक अभियंता संतोष कुमार एवं पीसी बहुगुणा आदि मौजूद थे।

# ट्रांजिट कैंप में मिले युवक के शव का मामला उलझा, मां ने दी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**प्रकरण**

- बहू-पोते पर लगाया गुमराह करने का आरोप
- डीएनए रिपोर्ट आने के बाद हुई थी शिनाख्त

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मिले एक युवक के शव का प्रकरण उलझता ही जा रहा है। जहां एक ओर मां की ओर से डीएनए रिपोर्ट में शव की शिनाख्त का दावा किया जा रहा है। वहीं पत्नी व बेटे ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया है। जिसके बाद सास ने अपनी ही बहू व पोते के खिलाफ तहरीर देकर समाज और पुलिस को गुमराह करने का आरोप लगाया है और आशंका जताई है कि उसके बेटे की हत्या की गई है। मामले को लेकर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस मकड़जाल में फंस चुकी है और पुलिस ने फिर एक बार महिला से पूछताछ का मन बना लिया है।

बताते चलें कि एक अप्रैल 2023 को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के नाले में युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने खोजबीन कर जब शव को उसकी पत्नी को दिखाया तो पत्नी व बेटे ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया। जब पुलिस ने निर्मल नगर सितारगंज की रहने वाली भाग्यो राय का डीएनए टेस्ट करवाया तो डीएनए रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात शव की शिनाख्त बासुदेव राय निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैंप के नाम से हुई।

इसके बाद मृतक की मां भाग्यो राय ने ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर आशंका जताई कि सोची समझी साजिश के तहत उसके बेटे वासुदेव की हत्या की गई है। इसमें बहू-पोते व रिश्तेदारों का हाथ हो सकता है, जबकि हिंदू रीति रिवाज के आधार पर बेटे की शादी हुई थी। ऐसे में बहू-पोते द्वारा शव की शिनाख्त नहीं करना संदेहास्पद है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह भी बताया कि उसकी बहू व पोता शव की पहचान नहीं कर कानून व समाज को गुमराह कर रही है। इस कारण बेटे को धार्मिक क्रिया से अंतिम संस्कार का सम्मान नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने प्रकरण की बारीकी से जांच कर खुलासा करने की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCHJ BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**आक्रोश** जीएसटी कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर जताया रोष, निर्णय वापस नहीं लेने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# राज्य कर अधिकारी पद समाप्ति की चर्चा पर भड़के कर्मचारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जीएसटी विभाग में तृतीय श्रेणी के लिपिक कर्मचारियों के राज्य कर अधिकारी बनने के सपने पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य कर अधिकारी के पदों को समाप्त करने की चर्चा की भनक लगते ही जीएसटी कर्मचारियों का पारा चढ़ गया। इसको लेकर गुस्साए कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने ऐलान किया कि यदि सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला तो राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आंदोलन को बाध्य होगा।

शनिवार की सुबह उत्तराखंड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल और प्रांतीय प्रवक्ता संजय उपाध्याय के आह्वान पर सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार करते हुए कार्यालय से बाहर निकले और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि प्रदेश सरकार राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती कर, संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त और सहायक आयुक्त के पदों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लेने जा रही है। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य कर अधिकारी के पदों को समाप्त करने की प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य कर अधिकारी के 50 फीसदी पदों पर तृतीय श्रेणी के कार्मिकों का अधिकार होता था। कारण कई वर्षों से सेवाएं देने के बाद कर्मियों का राज्य कर अधिकारी बनने का सपना पूरा होता है।

इस दौरान प्रांतीय प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि सरकार द्वारा निर्णय नहीं बदलने तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से एक बजे तक कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश जखमोला, शेखर चुफाल, नीतीश जोशी, चंद्र सेन सागर, भीम सिंह बिष्ट, सुमन चुफाल, कुसुम वर्मा, किरन रावत, मीना राणा, शबा रानी आदि मौजूद रहे।


जीएसटी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते राज्य कर कर्मचारी। ● अमृत विचार

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
❖ QCI Rating 'A' Institute
❖ Scholarship Facility
❖ Smart Classes
❖ 100% Placement
❖ Clinical Training in 1050 Beded Hospital
❖ Experienced Faculty
❖ Well Equipped Computer Lab.
❖ Library
❖ Modern Specialization Laboratory
❖ Value Added Courses
❖ Field Visits
❖ Wi-Fi & Lush Green Campus
❖ Hostel
❖ Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सार संक्षेप

### महिलाओं को सिखाए अचार, चटनी, जैम बनाने के गुर



प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त महिलाओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**काशीपुर** : मैंगो वीक कार्यशाला के समापन समारोह में शनिवार को मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी एवं मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विवेक राय ने स्वयं सहायता समूह की 65 महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार के फल सब्जियों से अचार, चटनी, जैम, जूस, बिस्कुट, सोया चाप आदि का प्रशिक्षण दिया गया। विभाग द्वारा महिलाएं को इस प्रकार के लघु उद्योग के लिए मिलने वाली सुविधा व सब्सिडी की जानकारी दी। मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को विभाग से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी दी।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प



बैठक में आर्थिकी मजबूत करने को लेकर चर्चा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**काशीपुर** : जय मां भारती स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक बैठक का आयोजन किया। जहां लघु उद्योग चलाने को लेकर विचार विमर्श किए गए। शनिवार को मोहल्ला आर्यनगर में समूह की महिलाओं ने एक बैठक की। इसमें आने वाले समय में लघु उद्योग चलाने की रणनीति तैयार किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। इसमें नगर निगम से पीआईबी की गीता द्वारा सात दिवसीय चल रही लघु उद्योगों संबंधित ट्रेनिंग के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी। बैठक में स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष जसोदा रानी, सचिव हेमलता, कोषाध्यक्ष मिन्ता रानी, ज्योति शिप्रा, माया देवी आदि उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर टीडीसी के प्रथम अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



प्रथम अध्यक्ष को श्रद्धांजलि देते अधिकारी।

**पंतनगर** : उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) के 56वें स्थापना दिवस पर महाप्रबंधक एवं मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने निगम मुख्यालय में संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष डॉ. ध्यान पाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के प्रथम दौर में उच्च कोटि के बीज देश के किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश के पहले बीज निगम की नींव रखी गई थी। जिसे क्षेत्र के कृषकों एवं निगम कर्मचारियों के सहयोग से निरंतर पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी डॉ. दीपक पांडे, उदयराज सिंह, जीसी तिवारी, पीके सिंह, महेश श्रीवास्तव, विजय शर्मा, अंगद सिंह, इंद्रावती, रीता आर्य, लाल सिंह कोरंगा, उपेन्द्र सिंह, मुकुल सिंह और संजीव सिंह आदि ने भी माल्यार्पण कर स्व. डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पंत विवि के दो शिक्षक समेत 10 कार्मिक सेवानिवृत्त

**पंतनगर** : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से आज दो शिक्षकों समेत 10 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। जिनको उनके विभागाध्यक्षों ने भावभीनी विदाई दी। सभी विभागाध्यक्षों ने सेवानिवृत्त कर्मियों की विवि में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में प्राध्यापक डॉ. बीएस कार्की व डॉ. चंद्रेश्वर तिवारी, कनिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसके जैन व डॉ. सुनीता शर्मा, वैयक्तिक सहायक दुर्गा भंडारी, प्रशासनिक अधिकारी वीके मिश्रा, प्रधान सहायक दिनेश चंद्र, कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक जागन सिंह यादव, पंप आपरेटर लेखराज व हेल्पर मोहम्मद हसनैन शामिल हैं।

### फैयाज, नेहा, शिवम का जवाहर नवोदय में चयन



फैयाज अहमद



नेहा तिवारी



शिवम बठला

**गदरपुर** : एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर के तीन छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने से विद्यालय में खुशी छा गई। एसएस पब्लिक स्कूल के तीन छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 11वीं में चयन हो गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य परमिंदर सिंह ने बताया कि विद्यालय में अध्यनरत फ़ैयाज़ अहमद पुत्र इस्तफाक अहमद, नेहा तिवारी पुत्री त्रिलोक चंद और शिवम् बठला पुत्र गुलशन बठला का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 11 में चयन हो गया है। उन्होंने बताया कि तीनों छात्र-छात्राएं कक्षा 10वीं (2023-24) के विद्यार्थी थे। विद्यालय के प्रबंधक डीपी सिंह व प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शैक्षणिक भ्रमण पर हवाई जहाज से दिल्ली गए विद्यार्थी

**काशीपुर** : कॉर्बेट राउंड टेबल द्वारा फ्लाइट ऑफ फैंटेसी कार्यक्रम के तहत पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज और ख्वाहिश एनजीओ काशीपुर से 15 छात्र-छात्राओं और उनके साथ दो शिक्षकों को हवाई जहाज से पंतनगर-दिल्ली की शैक्षणिक यात्रा कराई। दिल्ली में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय देखा। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को अन्य के साथ साझा भी किया। प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा, शिक्षिका रजिंदर कौर और भ्रमण पर गए मोहम्मद शादाब, फैजुद्दीन, अक्षित सिंह, प्रभलीन कौर, शिखा, आस्था आदि ने कॉर्बेट राउंड टेबल के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंघल व पारस अग्रवाल सहित अन्य का इस यात्रा के लिए आभार जताया।

### स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को दीं जानकारियां




खटीमा के कुटरा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की जांच करते चिकित्सक।

**खटीमा** : ग्राम पंचायत कुटरा के आंगनबाड़ी केंद्र पर शिविर आयोजित कर नागरिक अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा, नर्सिंग ऑफीसर निर्मला ने बच्चों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की। इसमें हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न जांच के साथ ही गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। ब्रिटेनिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन रुद्रपुर से डीपीओ मोहित सक्सेना, दीपा भंडारी, प्रगति, सपना मुंडेरा ने कुपोषित बच्चों को न्यूट्रीशनल डाइट, आयरन बिस्कुट, सत्तू आदि के साथ ही निशुल्क दवा वितरित की गई। विजेता पांडेय ने किशोरियों को साफ सफाई और एनिमिया की जानकारी दी।

# गन्ने में रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए मिश्रित फसल बोएं

## शांतिपुरी में आयोजित किसान सम्मेलन में पंत विवि के गन्ना वैज्ञानिक ने किसानों को दी सलाह, नई प्रजातियों के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गन्ना वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह जीना ने किसानों को गन्ने की फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए अपने खेतों में दो से तीन अलग अलग प्रजातियों की फसलों को एक साथ बोने की सलाह दी है।

शांतिपुरी खमियां नंबर दो पंचायत सभागार में डॉ. जीना ने शनिवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग किच्छा की ओर से आयोजित किसान सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गन्ने में अधिक मात्रा में पाया जाने वाला लाल सोरेन रोग फसलों में प्राकृतिक बदलाव के अनुरूप असर करता है। इसकी रोकथाम के लिए एक मात्र कारगर उपाय है कि किसानों को एक साथ दो से तीन अलग-अलग प्रजातियों की बुवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को गन्ने की 13235, 14201, 15201, 16201 आदि लाभकारी प्रजातियों की जानकारी दी तो वहीं 11015 घटिया एवं पुरानी प्रजाति को न लगाने की हिदायत दी। गन्ना सचिव संजीव चौधरी ने गन्ना किसानों को पेड़ी प्रबंधन, पौधशाला एवं बीज भूमि उपचार तथा कृषक संपर्क मार्गों के निर्माण हेतु मिलने वाली अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। सम्मेलन में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रगतिशील किसान प्रभु दत्त जोशी आदि ने कई सुझाव दिए।




शांतिपुरी में पशु प्रदर्शनी के विजेता पशुपालकों को पुरस्कार देते प्रधान व अधिकारी।

### श्रेष्ठ पशुपालकों व विजेता बच्चों को बांटे पुरस्कार

**शांतिपुरी** : शनिवार को गन्ना विकास विभाग ने कामधेनु दुग्ध समिति परिसर शांतिपुरी में पशु प्रदर्शनी एवं किसानों के स्कूली बच्चों के मध्य जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ तथा कृषि पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें पशु प्रदर्शनी में प्रेमनगर के पूरन चंद्र प्रथम, चंद्रकला द्वितीय व कैलाश चंद्र तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता पशुपालकों व प्रतिभागी बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए।

### कृषि सम्मेलन में ये रहे मौजूद

**शांतिपुरी** : किसान सम्मेलन में सेवानिवृत खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुघानी, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिशन सिंह कोरंगा, राम सिंह कोरंगा, भवानी दत्त तिवारी, नंदन सिंह, इन्दर सिंह दऊोटी, गणेश पाण्डे, मान सिंह दानू, सूरज सिंह, गोबिन्द सिंह मेहता, शेर सिंह कोरंगा, मयंक तिवारी, कुंवर सिंह कोरंगा, जगदीश कार्की, तारा सिंह कोरंगा, विजय जोशी, नंदन सिंह बिष्ट, दीपक पांडे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने की।

## किसानों ने की नई चीनी मिल लगाने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** किसानों ने क्षेत्र में नई चीनी मिल स्थापित करने की मांग की है। साथ ही बंद पड़ी चीनी मिलों के दोबारा सुचारू करने पर भी जोर दिया। किसानों ने अपनी इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है।

किसानों ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर ने अगले वर्ष बेमौसमी (गर्मियों) के धान लगाए जाने पर रोक लगाने की तैयारी की है। इसको लेकर किसान काशीपुर में नई चीनी मिल लगाने की मांग करते हैं। इससे किसान गर्मियों के धान छोड़कर स्वतः ही गन्ने की खेती करने लगेंगे। किसानों ने बताया कि वर्ष 2011-12 में काशीपुर की चीनी मिल बंद होने से पूर्व लगभग 40 लाख क्विंटल गन्ना मिल में आपूर्ति होती थी। चीनी मिल बंद होने के बाद यह घटकर 10 लाख क्विंटल रह गया है। यानि 75 प्रतिशत किसानों ने गन्ना बोना बंद कर दिया है। नई चीनी मिल लगने से किसान पुनः गन्ना बोना शुरू कर देगा और गर्मियों का धान स्वतः बोना बंद हो जाएगा। वहीं बार-बार एक ही तरह की फसल बोने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी घटती जा रही है। साथ ही नई चीनी मिल स्थापित होने से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में किसान विकास क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार, श्वेतांशु चतुर्वेदी, शीतल सिंह, बलजिंदर सिंह संधू, रमेश सपरा, अपूर्व मेहरोत्रा, उपेंद्र कुमार शर्मा, सत्यपाल सिंह, राजवीर मिश्रा, देवी सिंह यादव, दर्शन सिंह आदि शामिल रहे।



गन्ने के बारे में जानकारी देते गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी।

### अधिक क्षेत्र में गन्ना लगाने के लिए किया प्रेरित

**काशीपुर।** काशीपुर परिक्षेत्र के कुंडेश्वरी ग्राम में प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने गन्ने के सर्वे की जांच की तथा किसानों को अधिक क्षेत्रफल में गन्ना लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया कि वर्तमान में गन्ने की कई नई प्रजातियों का विकास हुआ है। इस प्रजाति का गन्ना लगाने से किसानों को अन्य फसलों की अपेक्षा अधिक फायदा हो सकता है। उन्होंने बताया कि नए गन्ना प्रजातियों में 0118, 15023, 14201 शामिल है। इस दौरान विनोद, राहुल चंद्र, संजय, युवराज, राज आदि किसान मौजूद रहे।

### सड़क किनारे लगा लोहे का एंगल हटाने की मांग उठाई

**काशीपुर।** माता मंदिर रोड स्थित पीएनबी बैंक के बराबर में लोहे का एंगल सड़क पर लगाना चर्चा का विषय बना हुआ है। दुर्घटना की आशंका के चलते लोगों ने इसको जल्द हटाने की मांग की है। शुक्रवार की शाम माता मंदिर रोड स्थित पीएनबी बैंक के बराबर में सड़क के किनारे लोहे का एंगल गाड़ दिया गया है। इसके चलते लोगों को अब यहां पर दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। क्योंकि यहां पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है और तीव्र मोड़ होने के कारण लोग दाएं-बाएं से निकलते हैं और यह एंगल सड़क के बराबर में ही है। लोगों को अब हादसा होने की संभावना बनी हुई है। लोगों ने इस एंगल को जल्द हटाने की मांग प्रशासन से की हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते अगर इसको नहीं हटाया गया, तो यह एक दुर्घटना का सबब बन सकता है।

# यूपी की तर्ज पर ट्यूबवेल के लिए मिले मुफ्त बिजली




किसान विकास क्लब की बैठक में अपनी बात रखते किसान। ● अमृत विचार



गदरपुर नवीन मंडी में सचिव योगेश चंद तिवारी से वार्ता करते किसान।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) की मासिक बैठक अनाज मंडी काशीपुर के गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन प्रदेश सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी ने किया।

बैठक में किसानों ने वर्तमान समय में आ रही समस्याओं पर गहन मंथन करके एक 7 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी काशीपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार के नाम से प्रेषित किया। इसमें किसानों ने यूपी एवं अन्य कुछ राज्यों की तर्ज पर किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल/नलकूप के लिए निःशुल्क बिजली दिए जाने, बिजली की लगभग 50 वर्ष पुरानी 11 केवी की जर्जर हालत की 8-10 फीट की दूरी पर खेत में आ गई लाइन को बदले जाने, पिछले दो सालों से वर्ग-1(ख) की भूमि का नियमितीकरण नहीं होने का समाधान करने, खेतों के किनारे बहने वाली नालों की सफाई, प्रधानमंत्री घर-घर पेयजल मिशन योजना में गांव की टूट चुकी सड़क की मरम्मत कराने, कृषि यंत्रों के अनुदान ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन कराने और इसके लिए डीलर फिक्स न करके बाजार में किसी से भी यंत्र खरीद सकने की मांग शामिल है। बैठक में रवि कुमार, गुरपिंदर सिंह, प्रेम सिंह सहोता, जागीर सिंह, दर्शन सिंह, शीतल सिंह, दीपक चौधरी, दिनेश कुमार शर्मा, सत्यम शर्मा, चौधरी किशन सिंह, उदयवीर, हरि सिंह, प्रणव वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### शेड के निर्माण की धीमी गति को लेकर आक्रोश

**गदरपुर।** नवीन अनाज मंडी में किसानों की फसल के लिए बनाए जा रहे शेड के निर्माण की धीमी गति को लेकर किसानों ने मंडी समिति सचिव से नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान किसानों ने कहा कि अगर जल्द शेड तैयार नहीं हुआ तो अनाज मंडी स्थित मंडी समिति कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं किसान नेता विक्रम सिंह गोराया के नेतृत्व में किसान नवीन मंडी पहुंचे। इस दौरान किसानों ने नवीन अनाज मंडी में किसानों की फसल के लिए बनाए जा रहे शेड के निर्माण कार्य को देखा। अनाज मंडी में शेड के निर्माण की धीमी गति को लेकर उन्होंने मंडी सचिव योगेश चंद तिवारी से नाराजगी व्यक्त की। किसान नेता विक्रम सिंह गोराया ने मंडी समिति सचिव योगेश चंद तिवारी को चेतावनी दी कि अगर बरसात में किसानों की फसल का नुकसान हुआ तो मंडी समिति जिम्मेदार होगी। इस मौके पर गुरनाम सिंह, बंटी मैनी, श्याम सिंह, हरविंदर सिंह, पवन सिंह, सुखदेव सिंह, चंद्रपाल सिंह मौजूद थे।

# रुद्रपुर में परिवहन आरक्षी समेत कई पदों की परीक्षा आज होगी

संवाददाता, रुद्रपुर

- सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित होगी परीक्षा
- परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

**अमृत विचार :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप-आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर पेड-3 गृह माता, हाउस कीपर (महिला) के तहत लिखित परीक्षा रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए रुद्रपुर में कई परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लिखित परीक्षा के लिए आदर्श राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पंतनगर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड रुद्रपुर, अटल उत्कृष्ट एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला, जन्मभूमि जूनियर हाईस्कूल रॉय कॉलोनी विवेक नगर ट्रांजिट कैंप, भंजूराम इंटर कॉलेज भूरारानी, कृष्णा इंटर कॉलेज इंदिरा कॉलोनी गली नंबर एक रुद्रपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुद्रपुर भगवानपुर, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज कल्याणी ब्यू नैनीताल रोड, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नियर बालाजी मंदिर आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर, विजडम पब्लिक स्कूल गंगापुर रोड फुरसुंगी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सके। यह प्रतिबंध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षाबलों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के अंदर परीक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री व सेलुलर फोन और पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र की परिधि के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा।

### सांप पकड़ने के लिए बनाई क्विक रिस्पांस टीम

**काशीपुर।** बरसात में सांप व जहरीले जीवों के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर ने एक क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया है। इसके तहत काशीपुर, जसपुर, रामनगर क्षेत्र में कहीं भी सांप या अन्य जहरीले जीव दिखाई दें तो इस टीम से संपर्क किया जा सकता है। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर प्रकाश चंद्र आर्य ने एक पत्र जारी कर कहा कि वर्षाकाल में अक्सर सांप व जहरीले जीवों का खतरा बढ़ जाता है। सांपों को पकड़ने के लिए वन विभाग ने क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया है।



खटीमा में जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता करते भाजपा कार्यकर्ता।

### जल संस्थान के एई, जेई से मिले भाजपा कार्यकर्ता

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने जल संस्थान के एई बंशीधर भट्ट और जेई कमल जोशी से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के तहत संस्थान को प्राप्त दो टैंकरों और जनरेटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सरकार द्वारा जल संस्थान के लिए भविष्य में लागू की जाने वाली योजनाओं की जानकारी ली। अवर अभियंता कमल जोशी ने बताया कि एबीपीएल द्वारा लगभग सौ करोड़ की योजनाएं खटीमा विधानसभा में प्रस्तावित हैं। क्षेत्र में प्रत्येक गांव में पेयजल निगम द्वारा पानी के टैंक स्थापित किए जा चुके हैं और प्रत्येक परिवार को निशुल्क जल कनेक्शन दिया जा रहा है। यह भी बताया कि जहां-जहां पानी की पाइप लाइन बिछाई जा चुकी हैं, वहां निशुल्क जल कनेक्शन दिए जाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दो टैंकर के साथ मिले बड़े जनरेटर सेट से लाइट जाने से उत्पन्न होने वाली समस्या का निराकरण हो गया है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा विधानसभा के लिए बहुत से कार्य प्रस्तावित हैं, जिनका खाका तैयार कर लिया गया है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India
Medical Council Of India
Dental Council of India
Pharmacy Council of India
Indian Nursing Council
Association of Indian Universities
Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप



जीएम राजीव मेहता का स्वागत करते दुग्ध संघ के अध्यक्ष इंदर मेहता।

### इंदर मेहता ने किया नए जीएम राजीव मेहता का स्वागत

**शांतिपुरी :** दुग्ध संघ अध्यक्ष रुद्रपुर इंदर सिंह मेहता ने समीक्षा मीटिंग के दौरान खटीमा दुग्ध संघ के नए जीएम राजीव मेहता का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं और सुझाव को भी जीएम राजीव मेहता के सम्मुख रखा। समीक्षा के दौरान जीएम राजीव मेहता ने सभी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी कि किसी की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं मार्केटिंग को भी चुस्त दुरुस्त बनाकर दुग्ध संघ को आगे बढ़ाया जाएगा।



खटीमा की नहर में डूबे युवक की तलाश करता एसडीआरएफ का गोताखोर।

### सूखी नहर में राहुल को तलाशती रही एसडीआरएफ की टीम

**खटीमा।** बीते दिवस सूखी नहर में नहाते समय डूबे बानूसी के राहुल खोलिया को शनिवार को दूसरे दिन भी एसडीआरएफ की टीम तलाशती रही। लेकिन राहुल का कोई पता नहीं चल सका है। बानूसी निवासी राहुल खोलिया (26) पुत्र बहादुर सिंह खोलिया शुक्रवार को सूखी नहर में नहाते समय डूब गया था। युवक के डूबने की सूचना पर थाना झनकईया के थानाध्यक्ष अनिल जोशी मौके पर पहुंचे। जल पुलिस और पुलिस देर शाम तक उसकी तलाश करती रही। सफलता न मिलने पर शनिवार को एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम सुबह से शाम तक राहुल की तलाश करती रही लेकिन असफल रही। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने कहा कि रविवार को पुन: तलाश जारी रहेगी।

### जसपुर में आपदा को लेकर बाढ़ चौकी बनाई

**जसपुर :** आपदा से बचने के लिए बाढ़ चौकी बनाई गई। जसपुर क्षेत्र की नादेही चीनी मिल के पास से बहने वाली फीका नदी में बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। इस नदी में कई बार बाढ़ आ चुकी है। आपदा के खतरे से निपटने के लिए तहसील प्रशासन अलर्ट है। प्रशासन ने तहसील कार्यालय में कंट्रोल रूम व राहत केंद्र बनाया है और फीका नदी पर गांव राजपुर में बाढ़ चौकी बनाई है। एसडीएम गौरव चटवाल ने बताया कि चौकी पर तैनात कर्मचारी दिन-रात स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं और ग्रामीणों को भी सतर्क किया जा रहा है।



राज्य कर कार्यालय में प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी। ● अमृत विचार

### कर अधिकारी का पद समाप्त करने का विरोध

**हल्द्वानी :** मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन ने राज्य कर विभाग में कर अधिकारियों के पद समाप्त करने का विरोध शुरू कर दिया है। एसोसिएशन के कर्मचारियों ने शनिवार को काठगोदाम स्थित राज्य कर भवन में प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया। कहा कि सरकार राज्य कर अधिकारी के पद समाप्त करने जा रही है, जिसका नुकसान कर्मचारियों को होगा। उन्होंने कहा कि यह पद समाप्त होने पर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी जिस पद पर तैनाती लेगा, उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्षित गुणवंत ने कहा कि यदि पद को समाप्त किया गया तो कर्मचारी आंदोलन और तेज करेंगे। इस दौरान शाखा मंत्री खुशाल पापड़ा, प्रियंका सिंह, कैलाश चंद्र जोशी, प्रमोद भंडारी, हरक सिंह मेटवाल, रघुनाथ मनराल, नवल किशोर, शैलेन्द्र जोशी, विपिन कुमार, नीलम, विवेक, अमिता सिंह, नर सिंह धामी, गंगा टाकुली, राकेश अधिकारी, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### ओवरलोड वाहनों पर लगाएं रोक

**लालकुआं :** पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में ओवरलोड खनन सामग्री ढोने के मामले में दोनों जिलों की पुलिस को आढ़े लेते हुए तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की। वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला के कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जनपद में खनन से लदे ओवरलोड वाहन बेधड़क सड़क पर दौड़ रहे हैं। सब कुछ देखने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन मूंक दर्शक बना हुआ है, जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है, उन्होंने जोर देकर कहा कि तत्काल ओवरलोड वाहनों के खिलाफ दोनों जनपदों की पुलिस सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई करें तथा ओवरलोड वाहनों को हर हाल में अंडरलोड रखा जाए।

# बाबा साहब की प्रतिमा शिफ्ट करने को लेकर फिर नहीं बनी सहमति

## एसडीएम ने ग्रामीणों को समझाते हुए हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करने की बात कही

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** ग्राम रतनुपरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा दूसरी जगह स्थापित करने को लेकर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने ग्रामीणों के साथ शनिवार को ग्राम रतनपुरा के प्राइमरी विद्यालय में बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने की बात कही। फिलहाल बैठक में कोई निर्णय नहीं निकल पाया है।



ग्राम रतनपुरा के प्राइमरी विद्यालय में ग्रामीणों के साथ बैठक करते उपजिलाधिकारी।

ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने के प्रयास का मामला अभी थमता नजर नहीं आ रहा है। वहीं शनिवार को इस मामले में ग्रामीणों का पक्ष जानने व उनकी बात सुनने के लिए एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ गांव में बैठक की। इसमें उच्च न्यायालय से जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मूर्ति को दूसरी जगह स्थापित करने को कहा गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपना पक्ष रखा। घंटों तक चली वार्ता के बावजूद कोई सर्वमान्य हल नहीं निकल पाया। इसके चलते बैठक स्थगित करते हुए ग्रामीणों से पांच लोगों की कमेटी बनाने व मूर्ति अन्य जगह सम्मानपूर्वक स्थापित करने व उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करवाने में सहयोग की अपील की गई। लगभग डेढ घंटे तक चली बैठक में कुछ लोग खामोश दिखे लेकिन उपरोक्त प्रकरण को लेकर आंदोलित लोगों ने साफ तौर पर मूर्ति नहीं हटाने की बात कही। जबकि प्रशासन चाहता है कि ग्रामीण अन्य जगह मूर्ति स्थापना कर मामले का हल करे। जिससे आने वाली दस जुलाई को न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाने की रिपोर्ट दी जा सके। इस मौके पर एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल, राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी, पटवारी लक्ष्मण सिंह, विक्रम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता गोलीकांड में पुलिस ने किया केस दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

- घायल के पिता ने सौंपी पुलिस को तहरीर
- पुलिस ने गांव डिबडिबा में दी कई जगह दबिश

**अमृत विचारः** 27 जून को दिनदहाड़े अधिवक्ता को गोली मारकर कर घायल करने के प्रकरण में पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश देनी शुरू कर दी है।

सुनार वाली गली गदरपुर निवासी अनिल सिंह ने बताया कि उसका बेटा प्रशांत सिंह व सत्यम सिंह 27 जून की दोपहर को दुर्गा मंदिर धर्मशाला वाली गली स्थित फोटो स्टेट की दुकान पर स्टाम्प बनाने गया था। इसी दौरान बेटा प्रशांत फोन पर बात करते-करते जैसे ही हनुमान मंदिर के समीप पहुंचा तभी अचानक बाइक पर सवार नकाबपोश दो युवक आये। पौने तीन बजे के करीब बाइक से एक युवक नीचे कूदा और बेटे पर पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

इस दौरान दो गोलियां उनके बेटे के पैर को चीरती हुई निकल गईं। घायल अधिवक्ता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देर बाइक सवार हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर संभावित गांव डिबडिबा यूपी के ठिकानों पर दबिश देनी शुरू कर दी है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही गोलीकांड का खुलासा किया जाएगा।



बाजपुर में नवचेतना समाज सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते अतिथि, किशोरियां एवं उनकी माताएं।

### किशोरियों की माताओं को जागरूक किया

**बाजपुर :** सुचेतना समाज सेवा संस्था के नवचेतना समाज सेवा केंद्र बाजपुर में बाल संसद और किशोरियों की माताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 15 गांवों की 150 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे अधिवक्ता कृष्ण कुमार व सिविल जज गुंजन सिसोदिया ने माताओं को उनके अधिकारों एवं घरेलू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान भाषण एवं जागृति गीतों पर प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें हिस्सा लेने वाली महिलाओं व किशोरियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक कोर्डिनेटर सिस्टर सुनीता ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सिस्टर सुजाता, सिस्टर कैलरीन, नाजमा, कमलेश, आरती, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# पत्नी को प्रेमी संग देखकर दिया तलाक

संवाददाता, स्वार

**प्रेमी संग गई**

- निकाह की सहमति पर नौ साल के बेटे को छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रेमी के साथ पत्नी को आपत्तिजनक हालत में देखकर शौहर ने मौके पर ही तीन तलाक देते हुए प्रेमी की धुनाई कर दी। प्रेमी को बचाने के लिए महिला पति से भिड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों में प्रेमी-प्रेमिका का निकाह करने पर सहमति बन गई। इसके बाद महिला अपने नौ वर्षीय बेटे को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई।

उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा निवासी युवती का निकाह 10 वर्ष पूर्व स्वार कोतवाली के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। चार-पांच वर्ष से महिला का एक युवक प्रेम-प्रसंग हो गया। दोनों आपस में मिलने लगे। प्रेम-प्रसंग की जानकारी होने पर पति ने उसे काफी समझाया। मगर महिला अपनी हरकतों से बाज नहीं आई। वह लगातार प्रेमी से मिलती रही। शनिवार को महिला का पति घर से बाहर गया था। तब उसने प्रेमी को घर बुला लिया। इस दौरान उसका पति आ गया। पत्नी को प्रेमी के साथ कमरे में आपत्तिजनक हालत में देखकर पति भड़क गया। उसने प्रेमी की जमकर धुनाई कर दी। यह देख प्रेमिका-प्रेमी को बचाने के लिए पति से भी भिड़ गई। तब शौहर ने उसे तीन तलाक दे दिया।

सूचना पर मसवासी चौकी पुलिस गांव पहुंच गई और प्रेमी को हिरासत में ले लिया। बाद में महिला भी थाने आ गई। जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों के लोग भी थाने पहुंच गए। दोनों पक्षों में प्रेमी और प्रेमिका के निकाह की सहमति बनने पुलिस ने युवक को छोड़ दिया। महिला अपने नौ वर्षीय बेटे को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।



केलाखेड़ा थाने में बरामद बच्ची को माता-पिता के सुपुर्द करती संयुक्त टीम।

# लापता बच्ची को एक घंटे में खोज निकाला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** जनपद में संचालित ऑपरेशन इस्माइल की टीम ने केलाखेड़ा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए परिजनों से बिछड़ी सात वर्षीय बच्ची को सूचना प्राप्त होने के बाद एक घंटे के अंदर ढूंढ़ निकाला। टीम की इस कार्रवाई से बच्ची के साथ ही उसके माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।

सुल्तानपुर पट्टी निवासी एक परिवार के लोग ग्राम पंचायत केलाखेड़ा के अंतर्गत अपने किसी रिश्तेदार के यहां हुई मृत्यु पर शोक जताने आए थे। बताया जाता है कि माता-पिता के साथ आई सात वर्षीय दीपांशी पुत्री मोनू अचानक गायब हो गई। काफी तलाशने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने केलाखेड़ा थाने में मामले की शिकायत की। ऑपरेशन इस्माइल टीम को भी मामले की जानकारी दी गई। पुलिस व इस्माइल टीम ने तुरंत ढूंढ़-खोज प्रारंभ करते हुए नेशनल हाइवे-74 पर दोराहा के नजदीक से बच्ची को एक घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

### बार एसोसिएशन के सचिव को मातृशोक

**बाजपुर।** बाजपुर बार एसोसिएशन के सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज कुमार जौहरी की माताजी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। स्थानीय मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बार एसोसिएशन ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कुलवंत सिंह उप्पल, कृष्ण लाल मौर्य, इकबाल, राजेश पांडेय, विजय गर्ग, हीरा शर्मा, जरनैल सिंह, अंजली शर्मा, अजीम अहमद अभय स्वरूप सक्सेना, मो.सरफराज, दिनेश चंद्र शर्मा, विवेक कुमार चौबे, कुलवंत सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

**जसपुर।** चोर घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पृथ्वीराज चौहान चौक के पास स्थित टीचर्स कॉलोनी निवासी मास्टर रामकरन सिंह की मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी हुई थी। तभी रात्रि करीब 9 बजे चोर उनकी मोटरसाइकिल को चोरी करके ले गए। उन्होंने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर दे दी है। पुलिस चोरी हुई मोटरसाइकिल का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

## वर्ग पहेली-116

**बाएं से दाएं**

3. आक्रमण
6. 1. जिसे कहा न गया हो, जिसकी अभिव्यक्ति न हुई हो, अनुच्चरित 2. गुप्त, छुपा हुआ।
7. अचानक, अकस्मात, एकाएक, एकदम, शीघ्रता से, तीव्र वेग से।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रकार की कश्मीरी अंगीठी जिसे गले में लटकाया जाता है।
2. जिसमें कूटनीति का समावेश हो, कूटनीति से संबंधित, कूटनीतियुक्त, (डिप्लोमैटिक)।
4. 1. चाय देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक ढक्कनदार पात्र 2. पानी गरम करने का टोंटीदार बरतन जिसमें प्राय :चाय के लिए पानी गरम किया जाता है, (केटल)।
5. 1. बेकार 2. जाली, रद्दी 3. झूठा या नकली 4. कृत्रिम।
6. 1. किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना 2. (योगशास्त्र) पांच प्रकार के यमों में पहला 3. जैन तथा बौद्ध धर्मों में आचार तथा धर्म संबंधी प्रमुख सिद्धांत।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 4 |
| 5 | ■ | 6 | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| 7 | | | ■ | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -115 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 स | ■ | ■ | ■ | 2 को |
| लि | ■ | 3 अं | ■ | गी |
| 4 म | ति | ग | ति | ■ |
| ■ | ■ | सं | ■ | 5 द |
| 6 प | रि | ग | ण | न |
| को | ■ | ■ | ■ | द |
| ड़ा | ■ | 7 वं | ट | न |

### सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 1 | |
| 5 | | | 7 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 2 | 9 | | 1 | | 3 | | 8 |
| | | 4 | 6 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 7 | | |
| 8 | | | | | 2 | 9 | | |
| 1 | | 7 | | 9 | | 2 | 8 | |
| 6 | 3 | | | 8 | 7 | | | 5 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.19 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार की शालीनता की लोग प्रशंसा करेंगे। आप ऑनलाइन शॉपिंग में काफी व्यस्त हो सकते हैं। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**वृष** – आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर तुरंत क्रोधित होने के बजाय उसे शांति से निपटाएं।

**मिथुन** – आज युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रुकी हुई डील होने के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**कर्क** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप किसी कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। छोटे भाई से जुड़ी किसी समस्या का समाधान हो सकता है। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है।

**सिंह** – आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। बुजुर्ग लोगों का अपमान न करें। आप कुछ नया सीखने की इच्छा रखेंगे। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च हो सकता है। अति आत्मविश्वास से बचें।

**कन्या** – आज बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** – आज साझेदारी में नए व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।


**धनु** – आज बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। आपको बातचीत के दौरान सभ्य शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चो में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**मकर** – आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**कुंभ** – आज जीवनशैली में नयापन आएगा। मार्केटिंग संबंधी कारोबार में उचित लाभ होगा। आप किसी वेबसीरीज का आनंद उठा सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई महसूस होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–वर्षा।
चन्द्रबल– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–रेवती 07.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
संसार – सुबह : 10.41
कीमत – रात : 09.00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार – सुबह : 08.51
राधे – शाम : 05.54

**Sony Pix**
जॉन विक – दोपहर : 12.00
द फाउडर – रात : 09.00

**Zee Cinema**
विवाह – सुबह : 11.30
घूमर – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
भेड़िया – सुबह : 11.08
सीता राम – शाम : 05.01

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.54 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पापा– बेटा, आज तेरी मम्मी चुपचाप क्यों बैठी है?
बेटा– मेरी गलती है इसमें
पापा– ऐसा क्या किया तूने
बेटा– मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा– जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी–किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी– अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# वातावरण में तनाव और पृथ्वी का बढ़ता ताप



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं।

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है।

वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए।

वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।


रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं। कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्ष्मा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है।

एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।" वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं-मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्ममधुत्तमत्तरः।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शान्ति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। जल शांत हों।" फिर कहते हैं, "औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शान्ति भी हमें शान्ति दें।"

# आधुनिक युग का सबसे बड़ा मिथक

> विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने, उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रायः ही यह समझ लिया जाता है कि मिथक अतीत जीवन का तत्व है। यह बात सच तो है,किंतु अधूरी है। असल में मिथक अवचेतन की प्रवृत्ति है, जो आज भी जीवित है। मिथक की शक्ति है-सामूहिक-मन की मान्यता। भावुकता,नैतिक भावना और विश्वास पर आधृत मिथक मनुष्य के मानस पर शासन करते हैं, आज भी कर रहे हैं,जैसे विचारधारा है,वैज्ञानिकता है और तथाकथित सिद्धांत हैं। इनकी वास्तविकता क्या है?

डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने सवाल किया था- "क्या है यह स्वतंत्रता? क्या इसकी परिभाषा की जा सकी है? क्या यह सच नहीं है कि एक प्रकार के बंधन समाप्त होने पर नए प्रकार के बंधन पैदा हो जाते है?" प्रत्येक देश ने स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप प्रतिमाएं स्टेचू ऑफ लिबर्टी खड़ी की हैं,जिन्हें हम अभिवादन करने तीर्थ यात्रा के रूप में जाते हैं। अमेरिका में वाशिंगटन में राष्ट्रीय कब्रिस्तान पुराने यूनानी ओलिम्पस का दृश्य उपस्थित करता है। समाधियां और स्मारक बनाए जाते हैं। करोड़ों का धन लगाकर इन पर फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। हमने पुराना स्वर्ग खो दिया,किंतु नए स्वर्ग की तलाश कर रहे हैं। वे सवाल करते हैं कि "क्या राष्ट्रीयता एक मिथक नहीं है,जो हमारे मन में इतना गहरा समा गया है? वीर बनाने की प्रवृत्ति आज भी जीवित है। जिसे हम चालू मिथक और पुराण,वर्तमान पौराणिक कथाएं और वर्तमान किंवदंतियां कहते हैं।"

भारत माता क्या है? भारत माता किसी नारी विशेष का नाम तो नहीं है। भारत माता मिथकीय अवधारणा ही तो है,लेकिन आजादी के आंदोलन के जमाने में यह क्रांति का उद्घोष था, कोड़े लगाए जाते थे। विकास के सिद्धांत को कौन नकार सकता है? लेकिन यह मिथक नहीं तो क्या है कि बंदर था, उससे आदमी बन गया? उस थ्योरी में एक मिसिंग लिंक भी डाल दिया।

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने,उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं। प्रोमेथियस मिथक, अथवा प्रमंथ की कथा। आदिम मानव ने अरणि-मंथन से आग को प्राप्त किया था,जिस मनुष्य ने आग का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने कुआं खोदकर जल निकाला था, जिस मनुष्य ने चाक और बर्तन बनाए थे, जिस मनुष्य ने कपास से वस्त्र बुना था,जिस मनुष्य ने पहिया बनाकर जीवन को गति दी थी,जिस मनुष्य ने नदी की धारा मोड़कर नई सभ्यता को जन्म दिया था,जिस मनुष्य ने ग्रह-नक्षत्रों की गति का आकलन किया, जिस मनुष्य ने खेती का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने भाषा का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने लिपि का विकास किया था,जिस मनुष्य ने ग्रंथ बनाया था, जिस मनुष्य ने आदिकाव्य की रचना की थी,यदि उस मनुष्य की उपलब्धियां न होती तो आज टेक्नोलॉजी के जिस स्तर पर मनुष्य पहुंच सका है,उस पर पहुंच पाता? उसी आदमी द्वारा बनाई गई सीढ़ियों पर चढ़कर आज का आदमी इतरा कर कहता है कि "वह आदमी कम-दिमाग था, पिछड़ा था"। आज का आदमी समझता है कि "वह आदिम मानव की अपेक्षा अधिक समझ, सूझ-बूझ, सृजन-प्रतिभा से संपन्न है।" क्या यह आज का सबसे बड़ा मिथक नहीं है?

# भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान शिक्षा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी।

भारतीय शिक्षा का बीजारोपण सुदूर अतीत में आज से लगभग चार हजार साल पहले हुआ था, परंतु उसके समृद्ध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल के आरंभ में होते हैं। वैदिक काल मनु से लेकर महाभारत काल तक माना जाता है और वैदिक कालीन शिक्षण व्यवस्था विश्व की सर्वोत्तम शिक्षक व्यवस्था मानी जाती है। इस काल में शिक्षा पर ब्राह्मणों का अधिकार था। अतः कुछ विद्वानों ने उस दौर की शिक्षा को ब्राह्मण कालीन शिक्षा भी कहा है। तब शिक्षा आश्रम व्यवस्था पर आधारित थी।

छात्र आश्रम में गुरु के परिवार का सदस्य बनकर रहता था। शिक्षा निःशुल्क थी, परंतु गुरु सेवा शिष्य का परम कर्तव्य था। प्राचीन भारत के मनीषी इस तथ्य से भलीभांति परिचित थे कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, समाज की चतुर्मुखी उन्नति और सभ्यता के बहुमुखी प्रगति की आधारशिला है। वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी। उस समय का समाज आश्रमों के प्रति सजग था और गुरु की स्वीकृति पर वह आश्रम को सहायता दे सकता था। शिक्षा में स्वाध्याय, संयम, त्याग और स्वतंत्र चिंतन को प्रमुख स्थान प्राप्त था। गुरु-शिष्य संबंध बड़े मधुर और पिता पुत्र के समान थे। गुरु निर्देशन करता था और शिष्य उसका अनुकरण करके ज्ञान भाव व कर्म में साम्य लाता था। उस युग में विद्वानों का मत था कि शिक्षा का प्रकाश व्यक्ति के सब संशयों का उन्मूलन तथा उनकी सब बाधाओं को दूर करता है। दूसरे शब्दों में शिक्षा को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पथ प्रदर्शित करने वाला प्रकाश माना जाता था। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा प्रणाली को प्रतिपादित किया गया था, वह अनेक सदियों तक चंद परिवर्तनों के साथ चलती रही। यह इस बात का प्रमाण है कि इस शिक्षा प्रणाली में अनेक महत्वपूर्ण तत्व विद्यमान थे। इन तत्वों ने अनेक महान विचारकों तथा सत्य के अन्वेषकों को जन्म दिया, जिनका बौद्धिक योगदान सराहनीय है, लेकिन धीरे-धीरे प्राचीन शिक्षा प्रणाली में दोष भी दिखलाई देने लगे। इस शिक्षा का प्रमुख दोष उसका पूरी तरह से पारलौकिक जगत पर आधारित होना था। बौद्ध काल में शिक्षा वेदों और प्रचलित जाति व्यवस्था के खिलाफ थी। बौद्ध दर्शन के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना था। महात्मा बुद्ध निर्वाण प्राप्ति के लिए ज्ञान को सर्वोत्तम साधन मानते थे। बौद्धों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग प्रणाली को अपनाया। माध्यमिक शिक्षा के लिए चरण नमक शिक्षण संस्थाएं चलाई, तो उच्च शिक्षा के लिए मठों की स्थापना की। मठों में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प तथा व्यावसायिक शिक्षा का भी समुचित प्रबंध था। गौरतलब है कि नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उस काल की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थाएं थीं। मौर्य काल में बौद्ध कालीन शिक्षा की बहुत उन्नति हुई। कौटिल्य स्वयं तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षक थे। मौर्य काल में शिक्षा में बहुत परिवर्तन देखने को मिले। उस समय शको, कुषाणों, पल्लवों और यवनों ने भारत पर आक्रमण किया। उन्होंने कुछ हद तक भारतीय शिक्षा को प्रभावित भी किया। आठवीं सदी के प्रारंभ में इस्लामी शासक आक्रमणकारी के तौर पर भारत आए। भारत में लगभग साढ़े पांच सौ सालो तक मुसलमानों का शासन रहा। उन्होंने प्रचलित शिक्षा प्रणाली को हटाकर नई शिक्षा प्रणाली की शुरुआत की जिसे मध्यकालीन मुस्लिम शिक्षा प्रणाली कहा जाता है। मुस्लिम शासकों ने धार्मिक शिक्षा देने के लिए मजहब स्थापित किया और उच्च शिक्षा के लिए मदरसे। इनमें इस्लामिक धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जाती थी।

मुस्लिम शासन के पश्चात भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन प्रारंभ हो गया। भारत में लॉर्ड मैकाले को अंग्रेजी शिक्षा का जन्मदाता माना जाता है। दरअसल अंग्रेजों को कार्यालयों में कार्य करने के लिए भारतीयों की आवश्यकता थी। मैकाले द्वारा भारत में शिक्षा को मात्र बाबू बनाने और शासकीय कार्यों में सहायक प्रकिया के रूप में प्रतिपादित किया गया। अंग्रेजों ने भारतीय भाषाओं को महत्व नहीं दिया। यह अलग बात है कि शासकीय भाषा अंग्रेजी होने तथा विज्ञान की शिक्षा के आकर्षण से भारतीय लोगों में इस शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने लगी। प्राचीन भारतीय परंपरा की शिक्षा को उतना प्रोत्साहन नहीं मिला जितना पाश्चात्य संस्कृति के विद्यालयों को मिला। हालांकि इसके बावजूद देश के कुछ महापुरुषों ने प्राचीन भारतीय परंपरा के गुरुकुलों, महाविद्यालय और पाठशालाओं को चलाने का सफल प्रयास किया।

आजादी के बाद समय-समय पर देश में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिले। यह माना गया कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक के व्यक्तित्व का सर्वाधिक विकास करना है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा के गुण-दोष को ध्यान में रखकर बाल उपयोगी शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। केंद्र सरकार ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए समय-समय पर कई आयोग और समितियां गठित की। एनसीईआरटी ने समय-समय पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तय कर सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि सभी को समान रूप से शिक्षा उपलब्ध हो सके। अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया।

एनसीईआरटी ने 2005 में शिक्षा को बाल केंद्रित बनाने, रटंतु प्रणाली को समाप्त करने, परीक्षा में सुधार करने तथा जाति, धर्म, जेंडर आदि आधारों पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की बात कही। देश में 6 से 14 वर्ष तक के हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया। यानी शिक्षा का अधिकार अब एक मौलिक अधिकार बन चुका है। इस कानून में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है, जिससे ज्ञान कौशल और मूल्यों से परिपूर्ण कर उन्हें भारत का प्रबुद्ध नागरिक बनाया जा सके।

# सोशल मीडिया पर दिखने का सुरूर



अंजलि ओझा
शिक्षिका, प्रतापगढ़

सोशल मीडिया पर ज्यादा दिखने और ज्यादा दिखाने का जो सुरूर है,वह भविष्य में खतरनाक साबित होने वाला है। हाल फिलहाल कुछ सुसाइडल केस ऐसे आएं हैं,जिनमें लोगों की ट्रोलिंग के कारण जाने गईं हैं। पहले लोग ब्लॉग्स लिखा करते थे फिर ट्रेंड में आए ऐसे ब्लॉग्स जिसमें लोग चलचित्रों के माध्यम अपनी दैनिक दिनचर्या शेयर करते हैं।

पब्लिक सिटी और कमाई बढ़ाने के लिए लोग अपना बेडरूम तक शेयर करने से नहीं हिचक रहे। एक व्यक्ति से शुरू हुआ ब्लॉगिंग सिस्टम पूरे रिश्तेदारों नातेदारों तक हावी हो चुका है। लोग हगने-मूतने तक को ऑन कैमरा कर रहे हैं। परिवार की हर बात ऑन कैमरा शो की जा रही है,जिन प्रपंचों से बचने के लिए लोगों ने मोबाइल हाथ में लिया, पास-पड़ोस बैठना-उठना बंद किया,फेसबुक यूट्यूब ब्लॉग्स में वही घर के प्रपंच लड़ाई-झगड़े, साजिशें दिखाई जाती हैं। पचास-पचास साल के लोग हीरो-हीरोइन बने घूम रहे हैं,रोमांस कर रहे हैं। पहले कहा जाता था कि व्यक्ति को तीन चीजें धन, भोजन और स्त्री छिपाकर रखनी चाहिए,लेकिन आज लोग इन्हीं तीनों का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं और धन कमा रहे हैं। पहले जिन चीजों को घर की मान मर्यादा से जोड़कर देखा जाता था। बदलते वक्त के साथ वो सब बेमानी हो चुके हैं। अब लोगों को अपनी बहू-बेटियों की देह दिखाने से भी परहेज नहीं है,न महिलाएं को कोई लाज शर्म रह गई है।

इन सबका निगेटिव असर घर परिवार समाज को तोड़ रहा है,निजता नष्ट कर रहा है,परिवार के लिए तमाम संकट तैयार कर रहा है, भावनाओं की आहत कर रहा है,मर्यादाएं भंग कर रहा है और दिक्कत यह है कि इन्हीं ट्रेंड्स को नए नॉर्म्स के रूप में प्रतिष्ठित किया जा रहा है। मतलब हमारा समाज नंगेपन और भौंडेपन को आसानी से स्वीकार कर रहा है और उसी दिशा में भाग रहा है।

# बड़ी चीज है जिजीविषा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार में हर चीज़ का अंत है। प्रतिभा अपना उत्कृष्ट देकर एक दिन चुक जाती है,किंतु मन है कि किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं होता। प्रतिभाशाली से प्रतिभाशाली लेखक एक बिंदु पर आकर खाली हो जाता है। तब वह अपने को दोहराने लगता है या अतिसाधारण, कूड़ा करकट तक लिखने लगता है। दीर्घजीवी रचनाकारों के साथ यह अक्सर होता है। भाग्यशाली हैं वे जो अपना सर्वोत्कृष्ट देकर विदा हो जाते हैं या शिखर पर पहुंचकर शांत हो जाते हैं। महान अमेरिकी लेखिका मार्गरेट मिशेल ने एक ही उपन्यास, 'गॉन विद द विंड' (1936) लिखकर लेखन से विराम ले लिया और उनकी कृति आधुनिक पूंजीवादी अमेरिका के निर्माण की गाथा के रूप में कालातीत क्लासिक बन गई।

एंतोन चेखव अपने लेखन के सर्वाधिक उर्वर दौर में, 44 वर्ष की अल्पायु में, हमसे विदा हो गए। तब तक उनकी सारी विश्वविख्यात कहानियां और नाटक प्रकाशित हो चुके थे। उनका रोमांचक यात्रा संस्मरण 'सखालिन द्वीप की यात्रा' भी। दूधनाथ सिंह की 'लौट आओ धार' सुमित्रानंदन पंत की पहले जैसी उम्दा कविताएं न लिख पाने की छटपटाहट का जीवंत खाका खींचती हैं। एक के बाद एक वक्ता द्वारा उनके चुक जाने को स्पष्टता से इंगित करने के बावजूद वे अपने कवि के अवसान को स्वीकार नहीं कर पाते। दूधनाथ सिंह ने पंत की बेचारगी का जो आत्मीय आख्यान रचा है,दिल को छू जाता है। (मुझे तो सांप्रदायिकता की शल्य चिकित्सा के तानेबाने को उकेरने का दावा करने वाले दूधनाथ सिंह के बहुचर्चित,विशालकाय किंतु प्रायोजित से लगते उपन्यास 'आखिरी कलाम' से बेहतर लगती है इलाहाबादी साहित्यकारों के संस्मरण पर उनकी यह छोटी सी पुस्तक 'लौट आओ धार'।)

सृजनात्मक प्रतिभा के चुक जाने के बावजूद रचनाकार की आत्ममुग्धता जाती नहीं। जिंदगी भर यही करता रहा,कभी ऐसा कुछ बन गया कि प्रतिष्ठित हो गया। अब वैसा नहीं बन पा रहा है तो क्या करे? आराम से घर बैठो भाई। नहीं, यह कैसे हो सकता है! होता क्या है कि वह लिखता चला जाता है। आत्ममुग्धता में अपने अतिसाधारण को भी उच्च कोटि का समझ लेता है। किसी भी सूरत में यह मानने को तैयार नहीं होता कि उसका वक्त गुजर गया-अब वह चुक गया है। जिजीविषा बड़ी चीज़ है भाई!

# अज्ञानरूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं।

श्रीकृष्णकालीन महर्षि वेदव्यास से पूर्व कोई भी शास्त्र पुस्तक के रूप में उपलब्ध नहीं था। श्रुतज्ञान की इस परंपरा को तोड़ते हुए उन्होंने चार वेद, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, भागवत एवं गीता जैसे ग्रंथों में पूर्वसंचित भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञानराशि को संकलित कर अंत में स्वयं ही निर्णय दिया "गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः। या स्वंय पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता"।। (महाभारत भीष्मपर्व 43.1) अर्थात् गीता भली प्रकार मनन करके हृदय में धारण करने योग्य है, जो पद्मनाभ के श्रीमुख से निःसृत वाणी है। फिर अन्य शास्त्रों के संग्रह की क्या आवश्यकता?

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं। विस्मृति आ जाने पर उसी आदिशास्त्र को भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति पुनः प्रकशित किया। गीता का सारांश इस श्लोक से प्रकट होता है "एकं शास्त्रं देवकीपुत्र गीतम्। एको देवो देवकीपुत्र एव"।। (गीता माहात्म्य) अर्थात् एक ही शास्त्र है, जो देवकीपुत्र भगवान ने श्रीमुख से गायन किया, जिसका नाम है-गीता, एक ही प्राप्त करने योग्य देव हैं-देवकीनंदन भगवान श्रीकृष्ण, उस गायन में जो सत्य बताया गया है वो है-आत्मा। सिवाय आत्मा के कुछ भी शाश्वत नहीं है। यद्यपि विश्व में सर्वत्र गीता का समादर है। फिर भी यह किसी मजहब या संप्रदाय का साहित्य नहीं बन सकी, क्योंकि संप्रदाय किसी न किसी रूढ़ि से जकड़े हैं।

पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास समाप्त होने पर जब प्रतिज्ञा के अनुसार अपना आधा राज्य मांगा, तब दुर्योधन ने आधा राज्य तो क्या सुई की नोक जितनी जमीन भी बिना युद्ध के देनी स्वीकार नहीं की। अतः पांडवों ने माता कुंती की आज्ञा के अनुसार युद्ध करना स्वीकार कर लिया। निश्चित समय के अनुसार कुरुक्षेत्र में युद्ध आरंभ हुआ दस दिन तक संजय युद्ध स्थल में ही रहे। जब पितामह भीष्म बाणों के द्वारा रथ से गिरा दिए गए। तब संजय ने हस्तिनापुर में (जहां धृतराष्ट्र विराजमान थे) आकर धृतराष्ट्र को यह समाचार सुनाया। इस समाचार को सुनकर धृतराष्ट्र को बड़ा दुख हुआ और वे विलाप करने लगे। फिर उन्होंने संजय से युद्ध का सारा वृतांत सुनाने के लिए कहा। भीष्मपर्व के चौबीसवें अध्याय तक संजय ने युद्ध संबंधी बातें धृतराष्ट को सुनाईं। पच्चीसवें अध्याय के आरंभ में धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि "हे संजय धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र में एकत्र युद्ध की इच्छा वाले मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया"? अज्ञान रूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय। अज्ञान मन के अंतराल में रहता है। अज्ञान से आवृत्त मन धृतराष्ट्र जन्मांध हैं, किंतु संयमरूपी संजय के माध्यम से वह देखता है, सुनता है और समझता है कि परमात्मा ही सत्य है। फिर भी जब तक इससे उत्पन्न मोहरूपी दुर्योधन जीवित है, इसकी दृष्टि सदैव कौरवों पर रहती है या यूं कहें कि विकारों पर रहती है। शरीर एक क्षेत्र है। जब हृदय देश में दैवी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर धर्मक्षेत्र बन जाता है और जब इसमें आसुरी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर कुरुक्षेत्र बन जाता है। 'कुरु' अर्थातं 'करो'। यह शब्द आदेशात्मक है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य कर्म करता है। वह क्षण मात्र भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। गुण उससे करा लेते हैं। सो जाने पर भी कर्म बंद नहीं होता। वह भी स्वस्थ शरीर की आवश्यक खुराक मात्र है। तीनों गुण मनुष्य को देवता से कीटपर्यंत शरीरों में ही बांधते हैं। जब तक प्रकृति और प्रकृति से उत्पन्न गुण जीवित हैं, तब तक 'कुरु' लगा रहेगा। अतः जन्म-मृत्यु वाला क्षेत्र, विकारों वाला क्षेत्र 'कुरुक्षेत्र' है और परधर्म परमात्मा में प्रवेश दिलाने वाली पुण्यमयी (पांडवों) प्रवृत्तियों का क्षेत्र 'धर्मक्षेत्र' है। पुरातत्वविद् पंजाब में काशी-प्रयाग के मध्य तथा अनेकानेक स्थलों पर कुरुक्षेत्र की शोध में लगे हैं। विश्वयुद्धों से इतिहास भरा पड़ा है, किंतु उनमें जीतने वालों को भी शाश्वत विजय नहीं मिलती। ये तो आपसी बदले हैं। प्रकृति का सर्वथा शमन करके प्रकृति से परे की सत्ता का दिग्दर्शन करना और उसमें प्रवेश पाना ही वास्तविक विजय है। यही एक ऐसी विजय है,जिसके पीछे हार नहीं है। यही मुक्ति है, जिसके पीछे जन्म मृत्यु का बंधन नहीं है। इस प्रकार अज्ञान से आच्छादित प्रत्येक मन संयम के द्वारा जानता है कि क्षेत्र क्षेत्रज्ञ के युद्ध में क्या हुआ? अब जैसा जिसके संयम का उठान है वैसे-वैसे उसे दृष्टि आती जाएगी।

# सामूहिक दायित्व से नीट एंड क्लीन होंगी परीक्षाएं



कमलेश कुमार मित्तल
बरेली

मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों की विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश हेतु,जो परीक्षाएं अयोजित की जाती हैं, उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार से ही उत्पन्न होती हैं प्रवेश माफिया की गतिविधियां। इनकी रोकथाम के लिए बिल्कुल धरातल से विचार करना होगा। आज की परिस्थिति के अनुसार प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक (90-100) लाए बिना आपको किसी अच्छे राजकीय संस्थान में प्रवेश मिलना लगभग असंभव है। इसी कारण अभिभावकों का अपने बच्चे पर अनावश्यक दबाव होता है और उनके मन में धारणा बन जाती है कि इंटर की बोर्ड में चाहें जैसे अंक आए, वो 11 वीं-12 वीं की पढ़ाई छोड़कर विभिन्न कोचिंग संस्थानों के जाल में फंस जाते हैं। कुछ तो 9 वीं कक्षा से ही कोचिंग संस्थानों की तरफ मुड़ जाते हैं और यहां से शुरू होता है विद्यार्थियों का भटकाव व संस्थानों का खुला भृष्टाचार।

चूंकि उनका लक्ष्य प्रवेश परीक्षा में कामयाब होना है तो स्कूल की पढ़ाई व वहां के वातावरण को तिलांजली दे देते हैं व सिर्फ नाममात्र के लिए स्कूल में प्रवेश लेते हैं और परीक्षा देने के लिए उपस्थित होते हैं। भारतीय समाज में लोअर मिडिल और मिडिल क्लास की मजबूरी है कि अच्छे अंक प्राप्त किए बिना जीवन में और कोई विकल्प नहीं है। इतने पैसे भी नहीं कि किसी प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले सकें,अतः सिर्फ एक ही विकल्प रह जाता है, राजकीय संस्थान, जिसमें सीटें कम विद्यार्थी कहीं ज्यादा, इसलिए कंपटीशन होना तो स्वभाविक है ही। कई सालों के प्रयास से भी जब सफलता नहीं मिलती है तो व्यापार ही विकल्प बचता है, परंतु व्यापार में धन एवं अनुभव की कमी उन्हें इसकी इजाजत नहीं देती। अतः निराशा और अवसाद के कारण वो अपना जीवन ही दांव पर लगा देते हैं और अनुचित कार्य (आत्महत्या) कर बैठते हैं। अगर नीट को अपने नीट एंड क्लीन परीक्षा आयोजित करानी है तो पहली और अति महत्वपूर्ण शर्त ये रखनी होगी कि विद्यार्थी को 10 वीं के एवं 12 वीं के बोर्ड की परीक्षा की थ्योरी पेपर्स में मिनिमम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। (प्रैक्टिकल के अंक जोड़े बिना) क्योंकि हम सब जानते है कि प्रैक्टिकल में अंक कैसे दिए जाते हैं। इन प्रयासों से ही कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगेगी तथा बच्चों पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। परीक्षा में हर वर्ष 24-25 लाख बच्चें बैठते हैं, वो संख्या भी घटकर आधी रह जाएगी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था पर भी दबाव कम होगा। प्रवेश माफियाओं का भी बच्चों से संपर्क सूत्र टूट जाएगा। इस प्रकार नकल विहीन परीक्षा प्रणाली को स्थापित किया जा सकता है।

# जिला योजना के पैसे से खीचें विकास की लकीर: डॉ. रावत

## जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक, जिला योजना के लिए 74.75 करोड़ रुपये का बजट अनुमोदित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों के लिए 7475.70 लाख रुपये की जिला योजना को अनुमोदित किया गया है। जिसमें 5715.70 लाख सामान्य, 1737.30 लाख एससी एवं 22.70 लाख रुपये एसटी मद में दिया गया है।

शनिवार को आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने की। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष के सापेक्ष इस बार जिला योजना के बजट में आठ प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी प्रस्ताव विभागों को प्राप्त हुए हैं। उन्हें जिला प्लान में शामिल किया जाए। कहा कि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजना की धनराशि को जनपद के विकास कार्यों के लिए ही खर्च किया जाए।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति का विकास करना है। उन्होंने सभी अधिकारी से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एवं गुणवत्ता के साथ जिला योजना का पैसा खर्च करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और जनप्रतिनिधियों से तालमेल रखकर कार्यों को करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखा। यहां विधायक द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी विनीत तोमर, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, डीडीओ केके पंत समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।


जिला योजना की बैठक में मौजूद जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, केन्द्रीय राज्यमंत्री अजट टम्टा व अन्य। ● अमृत विचार

### इन विभागों को इतना मिला बजट

इस वित्तीय वर्ष में 1461 लाख रुपये लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान के लिए 1291 लाख, प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 499 .45 लाख, पर्यटन विभाग के लिए 399 लाख, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य 382 लाख, पेयजल निगम 540 लाख, कृषि विभाग के लिए 340 लाख और 380 लाख रुपये शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के लिए धनराशि अनुमोदित की गई है।

# पनुवानौला में अर्बन बैंक की शाखा का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

- ग्रामीणों क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा बैंकिंग सुविधा का लाभ

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा अर्बन बैंक कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की पनुवानौला शाखा का शुभारंभ हुआ। बैंक की 60वीं शाखा का उद्घाटन करते हुए बैंक उपाध्यक्षा वसुधा पंत ने बैंक की प्रगति की प्रशंसा की। कहा कि पनुवानौला में बैंक की शाखा खुल जाने से क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। बैंक के महाप्रबंधक बीएस मेहता ने सभी जनता से बैंक की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बताया कि वर्ष 1991 में 2.56 लाख रुपये की पूंजी से बैंक शाखा की शुरुआत की गई। बैंक वर्तमान में 51 सौ करोड़ से अधिक का व्यवसाय कर चुका है।

बैंक का नेट एनपीए शून्य है, वहीं बैंक की निजी पूंजी 06 सौ करोड़ से अधिक हो चुकी है। इसके लिए उन्होंने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। यहां शाखा प्रबंधक महेश भट्ट, लक्ष्मण मनराल, गणेश जोशी, राहुल कार्की, कौशल जोशी, गोविंद भाकुनी, सुंदर मेहरा, चंद्रशेखर जोशी, योगेंद्र आगरी आदि मौजूद रहे।


पनुवानौला में शाखा का शुभारंभ करती बैंक उपाध्यक्षा वसुधा पंत और अन्य।

# जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखा
- मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अस्पताल में मिली रही सुविधाओं का भी जायजा लिया।

उन्होंने बाहर से दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। शनिवार को अल्मोड़ा भ्रमण पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। संबंधितों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष से लेकर वार्डों और सीटी स्कैन, एक्सरे कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार 400 से अधिक दवाएं मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करा रही हैं। इसके बाद भी बाहर से दवा लिखने की शिकायत मिलने पर चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राज्य के हर मेडिकल कालेज में दो सालों के भीतर बर्न वार्ड बनाया जाएगा। इसके बाद जिला अस्पतालों में भी यह सुविधा मरीजों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए सरकार लगातार प्रयासरत हैं। यहां जिला अस्पताल के सीएमओ डा. आरसी पंत, पीएमएस डा. एचसी गड़कोटी आदि मौजूद रहे।

# राज्यकर अधिकारी के पदों में कटौती से भड़के कार्मिक

- कार्यालय गेट पर दिया धरना
- शीघ्र शासनादेश वापस नहीं लेने पर हड़ताल की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** राज्यकर विभाग उत्तराखंड के विभागीय संरचनात्मक ढांचे के पुनर्गठन और राज्यकर अधिकारी के पदों पर कटौती का शासनादेश जारी होने से कार्मिक भड़क गए।

नाराज कार्मिकों ने उत्तराखंड वाणिज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के बनैर तले राज्य कर भवन अल्मोड़ा के प्रागंण में धरना दिया। विरोध में नारेबाजी की। शीघ्र शासनादेश वापस नहीं लेने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि शासन की ओर से कर्मचारियों की मांग को अनदेखा कर शासनदेश जारी कर दिया गया है। जिसमें उच्च पदों को बढ़ाया गया है। जिसकी आवश्यक्ता नहीं थी। जबकि राज्य कर अधिकारी के पद को हटा दिया गया है।

जिससे कर्मचारियों के पदोन्नति के रास्ते बंद हो गए हैं। पूर्व में भी इसका विरोध किया गया था। इसके बाद भी शासनादेश जारी कर दिया गया है। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

कार्मिकों ने एक स्वर में शीघ्र शासनादेश वापस लेने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी। यहां भुवन चंद्र बिनवाल, त्रिलोचन आर्या, मोनिका, पंकज कुमार, मीनू, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कार्यालय प्रांगण में धरना देते राज्यकर विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## हिन्दी राजभाषा के कार्यालयी स्वरूप पर की चर्चा

**रानीखेत, अमृत विचार:** क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान रानीखेत में एक दिवसीय त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं भगवान धनवंतरी की वन्दना से किया गया। प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. ओम प्रकाश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य वक्ता डॉ. विपिन शाह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य का स्वागत किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. विपिन शाह ने 'हिन्दी राजभाषा का कार्यालयी स्वरूप' विषय पर व्याख्यान दिया। मंच का संचालन संस्थान के हिन्दी अधिकारी, डॉ. गजेन्द्र राव, अनुसंधान अधिकारी वन द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. तरुण कुमार, अनुसंधान अधिकारी आयु. द्वारा किया गया।

# स्मैक के साथ पकड़ा गया लोहाघाट के मानेश्वर धाम का बाबा रमनपुरी

- एक युवक भी बाबा संग स्मैक के साथ गिरफ्तार, दोनों के पास से 8.03 ग्राम स्मैक बरामद

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत के लोहाघाट मानेश्वर महादेव मंदिर के बाबा रमनपुरी को पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बाबा के साथ एक युवक भी पकड़ा गया है। दोनों के पास से 8.03 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

इस घटना से एक दिन पूर्व जिले के मैदानी क्षेत्र बनबसा में पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के चार लोगों से 840 ग्राम स्मैक बरामद की थी। बताया जा रहा है कि बाबा रमनपुरी लंबे समय से स्मैक के गोरखधंधे में शामिल था। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस शुक्रवार शाम थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से 400 मीटर दूर बलाई के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान प्रेमनगर निवासी अजय मेहरा के पास से 4.54 ग्राम तथा मानेश्वर मंदिर के बाबा रमन पुरी के पास से 3.49 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि स्मैक को वह कोलीढेक निवासी एक युवक से खरीद कर पीने व बेचने के लिए लाए थे। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लोहाघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। बताया कि जिन लोगों से यह स्मैक खरीदी गई थी उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एसएसआई चेतन रावत, एसआई पूरन सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, संजय जोशी, रवि कुमार शामिल रहे। इधर लोगों ने धार्मिक आस्था से खिलवाड़ करने वाले बाबा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


लोहाघाट में स्मैक के साथ पकड़ा बाबा व युवक पुलिस की गिरफ्त में। ● अमृत विचार

# अलग कांडा ब्लॉक बनाने की उठाई मांग

संवाददाता, बागेश्वर

- 2 अक्टूबर से क्रमिक व आमरण अनशन का किया ऐलान
- गांव-गांव जाकर लोगों को ब्लॉक के लिए करेंगे जागरूक

**अमृत विचार:** कांडा को अलग विकासखंड बनाने की मांग को लेकर बाजीरौठ में संघर्ष समिति की बैठक हुई। पूर्व शिक्षक व वयोवृद्ध सोहन सिंह रावत निरंकारी ने ऐलान किया कि मांग को लेकर दो अक्टूबर से कांडा में आरपार के संघर्ष शुरू किया जाएगा।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष एड. गोविंद सिंह भंडारी ने बताया कि बैठक में आगामी रणनीति भी तय हुई। जिसमें गांव-गांव जाकर गांव से राष्ट्र की ओर नारे के तहत जनसम्पर्क होगा। यदि शासन-प्रशासन नहीं माना तो आगामी दो अक्टूबर से क्रमिक व आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर सचिव सुरेश रावत, गिरधारी सिंह रावत, अशोक भंडारी, नारायण वैध, भगवान भंडारी, आलम सिंह मेहरा, प्रयाग सिंह भंडारी, अर्जुन सिंह बनकोटी, हरीश डसीला, सर्वेश्वर गिरी, मोहन लाल आर्य, महिम किशोर, राजेंद्र सिंह गैड़ा, कमल कोरंगा, सुरेन्द्र सिंह भंडारी, कमला देवी, चम्पा भंडारी, संतोष राम दास, बिमला भंडारी, हर्षिता भंडारी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश रावत ने किया।

## पूर्व सैनिक लापता गमुशुदगी दर्ज

**बनबसा :** 55 वर्षीय पूर्व सैनिक घर से लापता हो गए। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि ग्राम चंदनी निवासी पूर्व सैनिक गणेश राम (55) पैरालिसिस बीमारी से पीड़ित हैं। 26 जून बुधवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे वह दवा लेने के लिए बाजार गए थे। जिसके बाद से वह वापस घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की। जब वह नहीं मिले तो परिजनों ने उनकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।


गणेश राम।

# कल से चम्पावत-घाट हाईवे रात में रहेगा बंद

- टनकपुर और चम्पावत के बीच भी रात में वाहन संचालन बंद रहेगा
- डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मानसूनकाल के दौरान सुरक्षा को देखते हुए आगामी 1 जुलाई से घाट- चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक वाहनों के लिए बंद रहेगा। साथ ही चम्पावत-टनकपुर मर्ग सायं 7 से प्रातः 6 बजे तक एवं ककराली गेट से चम्पावत तक सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक बंद रहेगा।

शनिवार को जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि जिले में वाहन दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मानसूनकाल को देखते हुए एनएच के भारतोली एवं सूखीढांग विश्राम गृह में आगामी 15 सितंबर तक अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जाएगी। जिले में जिन भी सड़कों में हॉटमिक्स हुआ है उन सड़कों में क्रैश बैरियर पैराफिट निर्माण, साइन बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक की कार्यवाही के संबंध में सम्बंधित विभागों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। डीएम ने जिले के विभिन्न स्थानों में निर्मित बहुमंजिला व खुली पार्किंग में वाहन पार्किंग व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवर लोडिंग को रोकने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम रिंकू बिष्ट, सौरभ असवाल, सीओ वंदना वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी एमएस बिष्ट, एआरटीओ सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।


चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

# केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का जोरदार स्वागत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे गृह जनपद
- कार्यकर्ताओं में दिखा जोश क्वारब से अल्मोड़ा तक निकाली स्वागत रैली

**अमृत विचार:** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री और अल्मोड़ा संसदीय सीट से सांसद अजय टम्टा शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। मंत्री बनने के बाद प्रथम बार गृह जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

क्वारब से अल्मोड़ा तक स्वागत रैली निकाली। शनिवार को मंत्री बनने के बाद अजय टम्टा अल्मोड़ा पहुंचे। यहां क्ववारब के पास कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद स्वागत रैली निकाली अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही उन्हें आज यह पद मिला है। उन्होंने रैली के दौरान जनता का भी अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में देश लगातार प्रगति की ओर है। वहीं नगर के निजी होटल सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यहां जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, गोविंद पिलखवाल, पूनम पालीवाल, अरविंद बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, किरन पंत, लीला बोरा, रेखा आर्या, रवि रौतेला, महेश नयाल, अमित साह मोनू, ललित लटवाल, प्रकाश भट्ट, दीपक साह कन्नू, कृपाल सिह बिष्ट, चंदन बहुगुणा, राजा खान, वसुधा पंत, अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी, रमेश मेर, कन्हैया बिष्ट, ललित मेहता, हयात सिंह बिष्ट, आनंद डंगवाल, संजय बिष्ट, सुंदर मटियानी आदि मौजूद रहे।



केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के मंत्री बनने के बाद गृह जनपद आने पर स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## शिव महापुराण में ग्रंथ संत और भगवंत का समावेश: शैलेंद्र नाथ

**लोहाघाट :** बिशंग के ढेरनाथ बाबा मंदिर में नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा शनिवार को भी जारी रही। कथा सुनने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह मंदिर में आचार्य मनीष, अमित नाथ ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। दोपहर बाद कथा वाचक योगी बाबा शैलेंद्र नाथ ने कथा का प्रवचन करते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा में ग्रंथ, संत और भगवंत तीनों का समावेश होता है शिव महापुराण कथा सुनने से ऊर्जा और अद्भुत आनंद मिलता है और हर मनोकामना पूर्ण होती है। देर शाम मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया।

## परिवहन आरक्षी और आबकारी पदों के लिए लिखित परीक्षा आज

**चम्पावत :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आज आयोजित होने वाली परिवहन आरक्षी व अन्य पदों के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। एसपी अजय गणपति ने शनिवार को चम्पावत में बनाए गए तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि रविवार को परिवहन आरक्षी, आबकारी, सिपाही, उप-आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड थीं, गृहमाता, हाउस कीपर (महिला) के पदों के लिए लिखित परीक्षा प्रातः 11 बजे से शुरू होकर अपरान्ह एक बजे तक चलेगी। राजकीय इंटर कालेज चम्पावत, विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज चम्पावत तथा यूनिवर्सल ग्रीन इंटर कालेज चम्पावत को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इधर शनिवार को एसपी अजय गणपित ने केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रताप सिंह नेगी को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती के निर्देश दिए। सीओ वंदना वर्मा ने परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी में लगाए जा रहे पुलिस बल की ब्रीफिंग की।

## 1 जुलाई से 30 सितंबर तक खनन कार्य पर रोक

**टनकपुर अमृत विचार :** मानसून को देखते हुए चम्पावत जिले के अंतर्गत उप खनिजों के खदान और चुगान कार्य पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक रोक लगाई गई है। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि किसी भी पट्टाधारक को प्रतिबंधित अवधि में खनन कार्य करते पाया गया तो संबंधित खनन पट्टाधारक के विरुद्ध नियमों के अधीन कार्यवाही की जाएगी।

# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं: चंद्रचूड़

## सीजेआई बोले-तकनीकी मदद से अंग्रेजी में सुनाए गए फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा अनुवाद

**कोलकाता, एजेंसी**

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं ,उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से फैसला सुनाना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में शनिवार को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को जनसेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूं। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते।



उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीकी मदद से अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। ज्यादातर फैसले अंग्रेजी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया भी हैं। उन्होंने जमानत आवेदनों में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आम नागरिक की भागीदारी सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जिला न्यायपालिका से शुरू होती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों को अंग्रेजी से संविधान के तहत मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए चल रहे कार्य में सहायता करने वाले एआई-सहायता प्राप्त सॉफ्टवेयर की भी बात की।

### न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिए: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है। मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा-कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे। बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा-यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है।

# मृतक का परिवार अंतिम संस्कार के बाद कार्रवाई पर लेगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### दिल्ली के हवाई अड्डे का हादसा

दिल्ली के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच छत का हिस्सा गिरने से मारे गए 45 वर्षीय कैब चालक के बेटे ने कहा कि परिवार अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई करने पर निर्णय लेगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद कैब चालक रमेश कुमार का शव उनके परिवार को सौंप दिया।

रमेश के 25 वर्षीय बेटे रवींद्र ने कहा,-हमें दोपहर करीब 12:30 बजे मेरे पिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मिला। हम अपने घर के पास ही अंतिम संस्कार करेंगे। रवींद्र ने कहा कि उनके पिता के अंतिम संस्कार के बाद परिवार के सभी सदस्य चर्चा करेंगे और तय करेंगे कि वे उनके पिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे या नहीं। रमेश शुक्रवार सुबह आईजीआई टर्मिनल-1 पर कुछ यात्रियों का इंतजार कर रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे की भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र को ढकने वाली छतरी का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस घटना में छह लोग घायल भी हुए हैं। कैब चालक रमेश कुमार सुबह-सुबह टर्मिनल-1 पर यात्रियों का इंतजार कर रहे थे तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे से जारी भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र की छत का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस हादसे में कुमार की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

## एक नजर

### मोबाइल फोन चोरी के संदेह में व्यक्ति की हत्या

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में शुक्रवार देर रात को मोबाइल फोन चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इससे करीब 24 घंटे पहले इसी तरह के संदेह में एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी और उसकी बाद में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि आधी रात के बाद पोलेनाइट इलाके में हुई घटना में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान प्रसेन मंडल के रूप में हुई है।

### अंकपत्र घोटाले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार

**बारपेटा (असम)।** असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में कथित अंकपत्र घोटाले में अब तक मुख्य आरोपी सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां गुवाहाटी, बारपेटा और धुबरी के विभिन्न स्थानों से की गई हैं तथा नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार को धुबरी में हुई। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कथित घोटाले का खुलासा सबसे पहले बृहस्पतिवार को बारपेटा दौरे के दौरान एक संवादाताओं सम्मेलन में किया था। उन्होंने कहा था, कम्प्यूटरीकृत अंकपत्र प्रणाली के संचालन दायित्व से जुड़े लोग पैसे लेकर उसमें अंक बढ़ा देते हैं... यहां तक कि एक ऑपरेटर भी गुवाहाटी विश्वविद्यालय (जीयू) द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली में अंकों को बदल सकता है।

## केरल में टैंकर से गैस रिसाव के बाद आठ विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती

**कन्नूर।** केरल में कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस रिसाव के बाद शनिवार को एक नर्सिंग कॉलेज के कम से कम आठ विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को बेचैनी और सांस लेने में कठिनाई होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि पय्यान्नूर और परियायम पुलिस की एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की, लेकिन रिसाव को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका है।

## विस चुनाव के बाद भाजपा का हो जाएगा सफाया : सोरेन

**रांची, एजेंसी**



● झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया साजिश रचने का आरोप

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा।

अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा-भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। धन शोधन के एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद सोरेन को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा किया गया था।

## राजस्थान में 23 करोड़ रुपये की हेरोइन समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में गंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने करीब 23 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि कल देर शाम सदर थाना क्षेत्र में हनुमानगढ़- अबोहर बाईपास पर हुंडई शोरूम के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहे बलकारसिंह (35) और पुनीत (31) को गिरफ्तार करके उनसे 334 ग्राम हेरोइन बरामद की। इनसे पूछताछ के आधार पर सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी सद्दाम हुसैन (31) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास चार किलो 80 ग्राम हेरोइन मिली।

## मुंबई-नागपुर राजमार्ग पर दो कारों की टक्कर में सात की मौत, चार घायल

**जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी**

● बीती देर रात कदवांची गांव के निकट हुआ हादसा

महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ। उसने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-नागपुर से मुंबई जा रहा 'मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल' (एमयूवी) और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि एमयूवी अवरोधक को तोड़कर सड़क के बाईं ओर जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जालना के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश जाधव ने बताया कि छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया है।

## जद(यू) ने संजय झा को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने पर विचार करने का आग्रह किया। पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को 'ज्वलंत मुद्दे' करार दिया गया और पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास जताया गया कि राजग सरकार इनसे निपटने के लिए और प्रभावी कदम उठाएगी।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार श्रमिकों की मौत, एक अन्य घायल

**विरुधुनगर(तमिलनाडु), एजेंसी**

● मुख्यमंत्री ने की तीन-तीन लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

तमिलनाडु में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार यह जानकारी दी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया और इमारतों और अन्य कमरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दुख जताते हुए चारों मृत श्रमिकों के परिवार को मुआवजे के रूप में तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था। मृतकों की पहचान अचनकुलम गांव के 45 वर्षीय राजकुमार, नाडुसुरनकुडी के मारिसमी (40) और वेम्बकोट्टई के सेल्वाकुमार (35) और मोहन (30) के रूप में हुई। पुलिस के अधिकारी ने बताया घटना के बाद राहत कार्य के साथ मामले की जांच जारी है कि आखिर विस्फोट किस वजह से हुआ है।

### बारिश के पानी में अठखेलियां...



नई दिल्ली में शनिवार को रंजीत सिंह फ्लाईओवर के पास भारी बारिश के बाद सड़क पर भीषण जलभराव के बीच पानी में खेलते बच्चे। राजधानी में अभी तक हुई बारिश से कई इलाके जलभराव की परेशानी से ग्रसित हैं। ● एजेंसी



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-95, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# विश्व बैंक ने कम कार्बन ऊर्जा विकास के लिए 1.5 अरब डॉलर देने की मंजूरी दी

## बैंक ने कहा-भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था और इसके विस्तार की है उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत को कम कार्बन ऊर्जा के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए दूसरे चरण में 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

विश्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान हरित हाइड्रोजन के लिए एक जीवंत बाजार के विकास को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना जारी रखने और कम कार्बन ऊर्जा निवेश के लिए वित्त को प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा। उसने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी



अर्थव्यवस्था है और अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार करने की उम्मीद है। उत्सर्जन वृद्धि से आर्थिक विकास को अलग करने के लिए अक्षय ऊर्जा को विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन और खपत के विस्तार के साथ-साथ कम कार्बन निवेश के लिए वित्त जुटाने को बढ़ावा देने के लिए जलवायु वित्त के तेजी से विकास की आवश्यकता होगी।

विश्व बैंक ने कहा कि लो कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन के इस दूसरे चरण में हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइज़र के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा, जो हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है।

### रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है : कौमे

भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे टैनो कौमे ने कहा-विश्व बैंक को भारत की कम कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है, जो निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा रोजगार पैदा करते हुए देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। वास्तव में, पहले और दूसरे चरण दोनों में हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर मजबूत ध्यान दिया गया है। सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 25/26 से प्रति वर्ष कम से कम 450,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और प्रति वर्ष पांच करोड़ टन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 89,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850-55,050 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,450 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,450 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर मामले में एनसीएलटी से वापस ली याचिका

**नई दिल्ली।** खाद बनाने वाली कंपनी इफको ने एनसीएलटी में ट्रायम्फ ऑफशोर के खिलाफ दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। इफको ने याचिका में ऋण चुकाने के लिए ट्रायम्फ ऑफशोर को ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी। इससे पहले इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर में अपनी पूरी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने संयुक्त उद्यम भागीदार स्वान एनर्जी लिमिटेड (एसईएल) को 440 करोड़ रुपये में बेच दिया था। इफको ने मार्च में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया था और उसकी मंजूरी के बिना ट्रायम्फ ऑफशोर तथा एसईएल को कर्ज चुकाने के लिए ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी।

## वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

● वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जताया भरोसा



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी हो रहे हैं। गोयल ने कहा-ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा। वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## कोयला आयात वृद्धि दर पिछले दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वित्त वर्ष 2023-24 के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है। बयान के अनुसार-इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है।

## सीएस शेट्टी बनेंगे एसबीआई के नए चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने की सिफारिश



सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था।

वर्तमान में वे अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं। वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। एफएसआईबी ने बयान में कहा-प्रदर्शन, समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश करता है। परंपरा के अनुसार, चेयरमैन की नियुक्ति एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से की जाती है। एफएसआईबी मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) को नाम की सिफारिश करेगा जो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगी। एसीसी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एफएसआईबी के अध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं।



## विश्व कप आईसीसी का महत्वपूर्ण आयोजन

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी

टी-20 विश्व कप दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। खिलाड़ियों के बीच किए गए सर्वे में वनडे विश्व कप के मुकाबले टी-20 विश्व कप को आईसीसी का सबसे अहम आयोजन करार देने वाले खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा हुआ।

वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूसीए) की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार 85% खिलाड़ियों ने 2019 में 50 ओवर के विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना, जबकि 15%ने टी-20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना था। इस साल हालांकि इन आंकड़ों में बड़ा बदलाव हुआ है और सिर्फ 50% खिलाड़ियों ने ही वनडे विश्व कप को महत्वपूर्ण माना जबकि टी-20 विश्व कप को पसंद करने वालों की संख्या 35% पहुंच गई। अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में मौजूदा टी-20 विश्व कप का समापन शनिवार को बारबाडोस में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबले के साथ होगा। री-ब्रांडेड संस्था की ओर से किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 26 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए टी-20 विश्व कप के प्रति झुकाव काफी बढ़ गया।

सर्वे में भाग लेने वाले 49% ऐसे खिलाड़ियों ने टी-20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण आयोजन माना। कुल मिलाकर टी-20 प्रारूप की लोकप्रियता में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2019 में 82% खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना था, अभी यह केवल 48% है। इस सर्वे में 30% खिलाड़ियों ने टी-20 को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने इस सर्वे में भाग नहीं लिया क्योंकि वे संघबद्ध नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज सहित अन्य प्रमुख क्रिकेट देशों के खिलाड़ियों से इस सर्वे में राय मांगी गयी थी। डब्ल्यूसीए के अनुसार इस साल के सर्वे में 13 देशों के 330 पेशेवर खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश वर्तमान टीम के सदस्य है। इस सर्वे में महिला खिलाड़ियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

## प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला


**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गए। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे।



अभी 3,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। गिरी और नेपोमनियाच्ची के बीच बाजी ड्रा रही।

## अमेरिका में 'ड्रॉप इन' पिचों के कारण कम रन बने: गेल

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी



- ऑस्ट्रेलिया से फ्लोरिडा तक आने के बाद लंबी उड़ान से मिले जेट लेग से उबर नहीं पाईं पिचें

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज और टी-20 विश्व कप के दूत क्रिस गेल ने टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में कम स्कोर वाले मैचों के लिए पिचों को जिम्मेदार ठहराया जो 'ड्रॉप इन' के बाद पूरी तरह तैयार नहीं हो सकीं। आईसीसी के मुताबिक न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया था। इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार कर दिसंबर 2023 में फ्लोरिडा लाया गया था।

गेल ने कहा कि लंबी उड़ान के बाद पिच जेट लेग से उबर नहीं पायी थीं। जेट लेग का आमतौर पर मतलब लंबी उड़ान या यात्रा से होने वाली थकान होता है, गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की पिचों को ड्राप इन के बाद तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला। फ्लोरिडा से ट्रकों की मदद से इन पिचों को न्यूयॉर्क लाया गया था। ये पिचें टूर्नामेंट के दौरान बल्लेबाजी के लिए कठिन विकेटों में से एक साबित हुई थी। गेल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है और कभी-कभी विकेट भी धीमा हो जाता है। यह बल्लेबाजों का प्रारूप है... लेकिन इस टूर्नामेंट में समय-समय पर गेंदबाजों को बढ़त मिलती रही है। इस टी20 विश्व कप पर गेंदबाजों का काफी नियंत्रण रहा है।

## खेल डायरी

### अन्नू रानी ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**पंचकुला।** एशियाई खेलों की चैंपियन अन्नू रानी ने नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में शुक्रवार को यहां महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अन्नू रानी ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने तीसरे प्रयास में 57.70 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। 31 वर्षीय खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज है, जिसे उन्होंने साल 2022 में जमशेदपुर में अपने नाम किया था। इंटर-स्टेट मीट 30 जून को विंडो बंद होने से पहले भारतीय एथलीटों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट है। वहीं, अन्नू रानी क्वालीफाइंग पीरियड में 64 मीटर की महिलाओं की भाला फेंक में ओलंपिक क्वालिफिकेशन मार्क हासिल करने में विफल रही हैं।

### शुभंकर इटालियन ओपन गोल्फ में सातवें स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटालियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाई। इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गये।

### अदिति डोऊ चैंपिनयशिप में कट से चूकीं

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी थाईलैंड की जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण एलपीजीए टूर की डोऊ चैम्पियनशिप गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के अच्छे कार्ड के बावजूद कट हासिल करने से चूक गयीं। भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने क्रमश: 72 और 66 के कार्ड बनाये जिससे दोनों संयुक्त 59वें स्थान पर थीं। लेकिन इससे यह जोड़ी कट से चूक गयी जो सात अंडर पर था। पांच जोड़ियां लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहीं।

### पानागियोटिस पंजाब एफसी के नये मुख्य कोच नियुक्त

**मोहाली।** पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सत्र के लिए पानागियोटिस दिलमपेरिस को हेड कोच के रूप में नियुक्त किया है। कोस्टान्टिनोस कात्सारास सहायक कोच के रूप में और पपाईओन्नू योनिस स्ट्रेंथ कंडीशनिंग कोच के रूप में उनके साथ जुड़ेंगे। पीएफसी से पहले दिलमपेरिस पिछले सत्र में एई एरमियोनिडा एफसी के हेड कोच के रूप में कार्यरत थे। उनके 15 साल के विस्तृत कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पंसेराइकॉस एफसी सहित अन्य प्रमुख टीमों के साथ कोचिंग शामिल है।

## टेस्ट के इतिहास में भारत ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

### दूसरे दिन भारतीय महिला टीम ने 603 रन पर की पारी घोषित, द. अफ्रीका ने बनाए 4 विकेट पर 236 रन

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे। मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया।

अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी। भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गयी। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी नोनकुलुलेको मलाबा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गयी और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी।

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेल्मी टकर सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 141 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मसाबाटा क्लास सबसे फिकायती रहीं। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया। फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं। इस जोड़ी ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया और दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभायी। राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया जब बॉश उनकी गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच दे बैठीं। अब काप और लुस क्रीज पर थीं। दक्षिण अफ्रीका ने चाय ब्रेक तक दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाये। अंतिम सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे करते हुए 93 रन की साझेदारी की जिसका अंत दीप्ति शर्मा ने लुस को पगबाधा आउट कर किया। इससे स्कोर तीन विकेट पर 189 रन हो गया। यह दक्षिण अफ्रीका की इस प्रारूप में तीसरे विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है। नौ गेंद बाद डेल्मी टकर खाता भी नहीं खोल सकीं और राणा की गेंद का शिकार हुई। काप और नाडिने डि क्लर्क ने मिलकर पांचवें विकेट के लिये स्टंप तक नाबाद 38 रन की साझेदारी निभा ली थी। भारत के लिए राणा ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा ने 40 रन देकर एक विकेट हासिल किया।




ऐनेक बॉश का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी घोषित) | 603/6 (115.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर पगबाधा सेखुखुने | 69 | 115 | 4/0 |
| रिचा घोष पगबाधा मलाबा | 86 | 90 | 16/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 22 रन, गेंदबाजी : क्लास 17-2-74-0, डेर्कसन 17-0-80-0, डि क्लर्क 12-1-79-1, सेखुखुने 14-0-70-1, मलाबा 26.1-1-122-1, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

| द. अफ्रीका (पहली पारी) | 236/4 (72 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| लॉरा वुलवार्ट पगबाधा राणा | 20 | 39 | 3/0 |
| ऐनेक बॉश का दीप्ति बो राणा | 39 | 73 | 4/1 |
| सुने लुस पगबाधा दीप्ति | 65 | 164 | 6/1 |
| मारिजाने काप नाबाद | 69 | 125 | 8/0 |
| डेल्मी टकर का रिचा बो राणा | 0 | 8 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लर्क नाबाद | 27 | 28 | 5/0 |

अतिरिक्त : 16 रन, गेंदबाजी : रेणुका 7-0-22-0, वस्त्राकर 9-2-32-0, राणा 20-2-61-3, राजेश्वरी 16-3-50-0, दीप्ति 15-3-40-1, हरमनप्रीत 3-0-9-0, मंधाना 2-0-8-0

## गेंद आगे अधिक टर्न और असामान्य उछाल लेगी : राणा

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन तीन विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज स्नेह राणा ने कहा कि उन्होंने सही लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी के साथ पिच से मिल रही असामान्य उछाल से उन्हें फायदा मिला। इस 30 साल की ऑफ स्पिनर डेल्मी टकर (0) के साथ कप्तान लौरा वोलवार्ट (20) और एनेके बॉश (39) की सलामी जोड़ी को पवेलियन की राह दिखाई।

राणा ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा मेरी योजना सरल है, सही लाइन लेंथ के गेंदबाजी के साथ अपनी स्टॉक गेंदों का अधिक उपयोग करना। हमने उनके शीर्ष चार-पांच बल्लेबाजों के वीडियो देख कर उनके खिलाफ योजना बनाई तैयार की है। गेंदबाजी की शुरुआत में इस पिच पर अधिक टर्न नहीं मिल रहा था और हमें अपनी गेंद पर उंगलियों और मजबूत पकड़ का इस्तेमाल करना पड़ रहा था। मैच के आगे बढ़ने के साथ पिच गेंदबाजों के अनुकूल होने लगी और असामान्य उछाल के साथ अधिक टर्न मिलने लगा। इस तरह की पिच पर गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हम हमेशा इसके लिए तैयार रहते हैं। राणा ने इसके पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये भारतीय महिला टीम के पिछले टेस्ट में भी सात विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी।

## मालविका सेमीफाइनल में, त्रिसा और गायत्री का अभियान समाप्त

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी



- बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर को रोमांचक मैच में हराया

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी।

49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतर्राष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा। पुरुष एकल में प्रियांशु ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गये। दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया।

## टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में तैयारियां शुरू

**कानपुर।** 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिये ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम पर तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। तैयारियों का जायजा लेने जुलाई के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अध्यक्ष निधि पति सिंघानिया ग्रीन पार्क का निरीक्षण करेंगे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उनका ग्रीनपार्क मैदान पर पहला दौरा होगा।

सूत्रों ने बताया कि ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लौदेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच की घोषणा की गयी है। तब से ही तैयारियों को शुरु करा दिया गया है उसका जायजा लेने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचेगे।

## कोई प्रायोजक नहीं, सुधार के लिए जूझ रही हूं : लिली

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी

धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है।

26 साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर



चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं। सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है। लिली ने कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं लेकिन सीनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक नहीं जीत पा रही। यह दुखद हिस्सा है। लेकिन मैं अभी हार नहीं मान रही हूं।

## फाइनल : कोहली की विराट पारी ने भारत को पहुंचाया 170 के पार

### विराट और अक्षर के दम पर भारत ने दिया 177 का लक्ष्य

### 17 साल में पहली बार बिना मैच गंवाए कोई टीम बनेगी चैंपियन

बारबाडोस, एजेंसी

विराट कोहली (76 ) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने आईसीसी टी-20 विश्वकप के फाइनल में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया।

लगभग पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला आज खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को यैंसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाए, उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया। रोहित और ऋषभ के विकेट केशव महाराज ने निकाले जबकि सूर्य कुमार कैसिगो रबाडा की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर धरे गए।

इस कठिन समय पर विराट का साथ देने आए अक्षर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए भारत के स्कोरबोर्ड को चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए अहम 72 रन जोड़े। विराट पारी के 19वें ओवर में मार्को यैंसन का शिकार बने। आखिरी के ओवर में शिवम दुबे (27) रन गति बढाने के प्रयास में अनरिख़ नॉर्खिये को अपना विकेट थमा बैठे। रविंद्र जडेजा (2) भी नार्खिये का शिकार बने। पांड्या पांच रन बनाकर नाबाद लौटे।

बता दें कि टी-20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा होगा कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम चैंपियन बनेगी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने अब तक अपने फाइनल तक के अभियान में कोई मैच गंवाया है।




### स्कोर बोर्ड

| भारत | 176/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रोहित शर्मा कैच क्लासेन बो महाराज | 9 | 5 | 2/0 |
| विराट कोहली कैच रबाडा बो यैंसन | 76 | 59 | 6/2 |
| ऋषभ पंत कैच डिकॉक बो महाराज | 0 | 2 | 0/0 |
| सूर्यकुमार कैच क्लासेन बो रबादा | 3 | 4 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट डिकॉक | 47 | 31 | 1/4 |
| शिवम दुबे कैच मिलर बो नॉखिए | 27 | 16 | 3/1 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा कैच महाराज बो नॉखिए | 2 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : यैंसन 4-0-49-1, महाराज 3-0-23-2, रबाडा 4-0-36-1, मारक्रम 2-0-16-0, नॉखिए 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0

## विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए दो गोल से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना किया। विनिसियस ने मध्यांतर से पहले दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बनाया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में गलती नहीं की। एल्डेरेटे ने 81वें मिनट में पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा। ब्राजील को अंतिम आठ में जगह बनाने की संभावना बढ़ाने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी क्योंकि उसे ग्रुप के शुरुआती मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित बराबरी पर रोक दिया था।



कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच गोल के लिए के और पनामा के खिलाड़ी।

## कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया कोपा कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में 3 मिनट के अंदर गोल किए, जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच में ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं। कोस्टा रिका की टीम पूरे मैच में एक बार भी कोलंबिया की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं चीन के विमान

**ताइपेई।** ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीएलए के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 23 विमान और पांच जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि मई में, द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद चीनी सशस्त्र बलों ने ताइवान के आस-पास व्यापक सैन्य अभ्यास किया।

### न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में मिनीवैन की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफोल्क काउंटी के डियर पार्क अग्निशमन विभाग के प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज़ ने बताया कि सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां चार लोग मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि अधिकारी घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### मास्को उपनगर में छात्रावास में आग लगने से पांच की मौत

**मास्को।** रूस में मॉस्को के उपनगर बालाशिखा में एक छात्रावास में आग लगने पांच लोगों की मौत हो गई। तास न्यूज एजेंसी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने परिचालन सेवाओं के हवाले से बताया केरामीचेस्काया स्ट्रीट पर छात्रावास में आग लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को बचा लिया गया है और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है तथा 10 अन्य लोगों को निकाला गया है। परिचालन सेवाओं ने कहा प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार आग का कारण विद्युत नेटवर्क का एक आपातकालीन संचालन था।

### चीन में धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

**बीजिंग।** चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाए और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट किया। इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है।

# नासा की गलती से स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स हीलियम लीक के बारे में थी जानकारी, कब होगी वापसी?

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस में फंसे हुए हैं। स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक के कारण ऐसा हो रहा है। इस बीच उनके मामले से जुड़ी एक दिल दहला देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। अमरीकन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्च के लिए सुरक्षित मानने के बावजूद नासा और बोइंग दोनों प्रबंधकों को इसके रिसाव के बारे में जानकारी थी। हालांकि उन्होंने इसे मिशन को खतरे में डालने के लिए बेहद छोटा माना था। लेकिन अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद चार लीक देखे गए, जिस कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी फंसी हुई है। इनकी वापसी 13 जून को होनी थी, जो अभी तक नहीं हो पाई है।

### अब नासा ने कहा- 90 दिनों तक बढ़ सकता है मिशन

नासा ने कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री अधिक समय तक स्पेस में रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में पैदा हुई समस्याओं का निवारण करने में लगे हैं। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा नासा स्टारलाइनर के मिशन की अधिकतम अवधि को 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रही है। 5 जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। वर्षों की देरी और असफलताओं के बाद यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट लगभग एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी।

### कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को ठीक किया जा रहा

नासा और बोइंग टीम स्टारलाइनर की कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को सही करने की कोशिश है। नासा के स्टीव स्टिच का कहना है कि वो एसओपी फॉलो कर रहे हैं और डेटा के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। एक बार इसका समाधान होने पर उनकी वापसी हो जाएगी। आईएसएस से अंतरिक्ष यात्रियों को लाने-ले जाने की स्पेसएक्स की क्षमता को देखते हुए फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान की संभावना पर चर्चा की जा रही है।



### यह दिक्कत आई सामने

नासा ने 24 जून के प्रयास के बाद घोषणा की कि स्पेस सूट कूलिंग यूनिट वॉटर लूप रिसाव के कारण स्पेसवॉक रद कर दिया गया है। अच्छी बात यह रही कि हर मामले में अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रहे। स्पेससूट को लेकर पैदा हुई चिंताओं से स्पेसवॉक का स्थगित होना नासा की समस्याओं की शुरुआत है। 2 जुलाई के लिए भी एक स्पेसवॉक निर्धारित है। केवल समय ही बताएगा कि क्या इसे हरी झंडी दी जाएगी या नहीं। स्पेस सूट में आने वाली समस्याएं दिखाती हैं कि अंतरिक्ष यात्रियों को नए सूट की जरूरत है जो 40 साल पुराने डिजाइन पर आधारित हैं।

### अंतरिक्ष में बर्फ बनने लगा पानी

नासा के लाइव फीड के दौरान इस घटना को पकड़ा गया। इसमें डायसन ने हर जगह पानी की रिपोर्ट दी। डायसन ने मिशन कंट्रोल को बताया, मैं देख सकता था कि बर्फ के क्रिस्टल निकल रहे हैं। यह एक बर्फ बनाने वाली मशीन की तरह था। जब पानी का रिसाव हुआ तब अंतरिक्ष के लिए बाहर का दरवाजा खुला हुआ था।

# अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं प्रवासी


## ट्रंप के बयान की चौतरफा निंदा, लोग बोले- वोट के लिए नस्लवादी टिप्पणी की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बहस और शुक्रवार को एक रैली के दौरान दावा किया कि प्रवासी अमेरिका में अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं। ट्रंप के इस बयान की उनके आलोचकों ने कड़ी निंदा की और कहा कि वोट बैंक का दायरा बढ़ाने की उनकी यह नस्लवादी और अपमानजनक कोशिश है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया के तहत ट्रंप और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को करीब 90 मिनट तक जोरदार बहस हुई थी। ट्रंप ने कोई सबूत पेश किए बिना कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चाहते हैं कि मतदाता के रूप में प्रवासी अमेरिकियों की जगह ले लें।

उन्होंने सीएनएन पर प्रसारित बहस में कहा सच्चाई यह है कि वह (बाइडन) अश्वेत लोगों पर सबसे बड़ा प्रहार उन लाखों लोगों के जरिए कर रहे हैं जिन्हें उन्होंने सीमा पार से आने की अनुमति दी है। वे अब अश्वेतों की नौकरियां ले रहे हैं। वे लातिन अमेरिकियों की



नौकरियां ले रहे हैं। आपको अभी यह समझ नहीं हा रहा लेकिन आप हमारे इतिहास की सबसे खराब चीज होती देखेंगे। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी बाइडन के कामकाज से असंतुष्ट अश्वेतों और लातिन अमेरिकी समुदाय तक पूर्व राष्ट्रपति की पहुंच बढ़ाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को वर्जीनिया में एक रैली के दौरान फिर से ये टिप्पणियां कीं। डेमोक्रेटिक पार्टी और अश्वेत नेताओं ने ट्रंप के इस बयान की निंदा की।

**गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है :** नेशनल असोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेरिक जॉनसन ने कहा अश्वेतों के लिए नौकरी जैसी कोई चीज नहीं होती। यह गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है। हम चिकित्सक, वकील, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी हैं। यह सूची बहुत लंबी है। उन्होंने कहा यह चिंताजनक है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार ऐसा भेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है जो मौजूद नहीं है, हालांकि ट्रंप का इस तरह की विभाजनकारी बात करना आश्चर्यजनक नहीं है।

### पार्टी में उठी मांग बाइडेन को उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हट जाना चाहिए



**सिडनी।** जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई। पार्टी में भी अब उनकी उम्मीदवारी छोड़ने की मांग उठने लगी है। ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे। हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं। और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है। बाइडेन ने ट्रंप के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं। लेकिन यह कई संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन ट्रंप अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने का तो जिक्र ही नहीं किया गया। यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंततः निर्विरोध हो जाएगा।

## रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत

**कीव।** रूस के स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उसके देश के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, दूसरी तरफ यूक्रेनी शहर डीनिप्रो में बचावकर्मी रूसी हमले में ध्वस्त हुई उस नौ मंजिला आवासीय इमारत का मलबा हटाते दिखे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूस-यूक्रेन सीमा पर गोरोडिशे गांव में यूक्रेनी हमले के पीड़ितों में दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि डीनिप्रो में रूसी हमले के बाद एक इमारत की शीर्ष चार मंजिलें नष्ट होने के बाद कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात महीने की बच्ची सहित 12 लोग घायल हो गए।

## नेपाल ने भारत में क्यूआर कोड से भुगतान स्वीकार किया

**काठमांडू, एजेंसी**

- नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की

भारतीयों को नेपाल में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति दिए जाने के तीन महीने बाद, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने घोषणा की कि नेपाली नागरिक अब भारत में क्यूआर कोड भुगतान प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक परिपत्र में, नेपाल राष्ट्र बैंक ने क्यूआर कोड के साथ-साथ ई-बैंकिंग, इंटरबैंक भुगतान और मोबाइल बैंकिंग जैसे अन्य भुगतान विधियों का उपयोग करके भारत और भूटान में भुगतान करने की अनुमति दी। नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की लेनदेन तय की है। यह नेपाली नागरिकों द्वारा भारतीय व्यापारियों को किए गए भुगतान, विशेष रूप से वस्तुओं और सेवाओं को संदर्भित करता है। भूटान के केंद्रीय बैंक ने इस तरह के भुगतान की अनुमति देते हुए एक परिपत्र जारी किया है। इस विनियमन संशोधन के बाद, नेपाली भुगतान प्रणाली ऑपरेटर जल्द ही भारत में इन सेवाओं को शुरू करना चाहते हैं। नेपाल राष्ट्र बैंक ने निर्देश दिया है कि डिजिटल सीमा पार भुगतान प्रणालियों में शामिल नेपाली उद्यम विदेशी भागीदारों के साथ समझौता करने या समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने से पहले केंद्रीय बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें।

## पाकिस्तानी एजेंसियों को न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से रोके पीएमओ

**लाहौर, एजेंसी**

- कई न्यायाधीशों ने वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का लगाया है आरोप

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निर्देश दिया कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) सहित देश की खुफिया एजेंसियों को निर्देश जारी करे कि वे अनुकूल फैसला प्राप्त करने के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ के किसी सदस्य से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों, विशेषकर आईएसआई, सैन्य खुफिया (एमआई) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

## इजराइल दूतावास के बाहर सुरक्षा अधिकारी पर किया हमला

**बेलग्राद (सर्बिया)।** सर्बिया के बेलग्राद में स्थित इजराइल के दूतावास की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को शनिवार को यहां एक हमलावर ने तीर मार कर घायल कर दिया। गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया। गृह मंत्री इविका डेसिक ने एक बयान में कहा कि हमलावर ने अधिकारी पर तीर से हमला किया, जो उनकी गर्दन में लगा।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया मिसाइल हमला

**लाहौर, दुबई**

- बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं।

यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं।

हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

### जद्दोजहद....



असम में भारी बारिश के कारण कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। डिब्रूगढ़ में भारी बारिश के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र से नाव से पलायन करते लोग। ● एजेंसी

## ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए पेजेशकियन और जलीली के बीच होगा सीधा मुकाबला

**दुबई, एजेंसी**

- उम्मीदवार पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

### मतपेटी के ले जा रहे काफिले पर हमला, दो की मौत

**तेहरान।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के बाद शनिवार तड़के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में मतपेटी ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला किया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने सिस्तान और बलूचिस्तान पुलिस विभाग के एक बयान के हवाले से कहा कि रस्क काउंटी के जकीगुर गांव में हुए हमले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतपेटी को जब्त करना था।

## बॉलीवुड हलचल

### श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने फिल्म कल्कि 2988 एडी में अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है। दर्शकों को अमिताभ का अश्वत्थामा वाला किरदार बेहद पसंद आ रहा है। इस बीच श्रद्धा कपूर ने अमिताभ की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में श्रद्धा ने लिखा है, क्या नॉर्थ, क्या साउथ, क्या ईस्ट क्या वेस्ट, सारा सिनेमा एक तरफ और अमिताभ बच्चन एक तरफ।

### मेरे कपड़े फटे, गंदे थे, तभी आमिर सामने आ गए और मैं घबरा गया : नवाजुद्दीन

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के बेहतरीन और टॉप एक्टर्स में शुमार किए जाते हैं और उन्हें अच्छी फीस भी मिलती है, लेकिन कभी उन्होंने फिल्मों में बिना किसी क्रेडिट के काम किया था। यहां तक उन्हें रोजाना सिर्फ एक हजार रुपये की तनख्वाह मिलती थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस वक्त नई फिल्म रौतू का राज को लेकर चर्चा में हैं, और उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआती फीस से लेकर ''सरफरोश'' में आमिर संग काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि सरफरोश में जो उनका सीन था, उसमें वह असल में आमिर के सामने हकला रहे थे और बहुत डरे हुए थे। चूंकि उनका किरदार भी ऐसा ही था, इसलिए लोगों को लगा कि नवाजुद्दीन अच्छी एक्टिंग कर रहे हैं। नवाजुद्दीन ने आगे बताया सरफरोश में मेरा छोटा सा रोल था। पूरी स्क्रिप्ट में, मैं एसीपी राठौड़ को पढ़ सकता था।

### सोनू निगम ने धोए आशा भोंसले के पैर



**मुंबई।** मौका था देश की मशहूर सिंगर आशा भोंसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' के लॉन्च का। इस बुक लॉन्चिंग में कई दिग्गज वहां पहुंचे थे, जिनमें से कई बॉलीवुड सिलेब्रिटीज़ भी थे। स्टेज पर आशा भोंसले के साथ सोनू निगम भी नजर आए और जिस तरह का सम्मान उन्होंने इस दिग्गज सिंगर को दिया है वह अक्सर हमने पढ़ा या सुना ही होगा। बॉलीवुड में इस तरह की चीजें कम ही देखने को मिलती हैं।


**खगोल विज्ञान** | शुरुआती चरण में हुई 57 ग्रहों के विकिरण की जांच

## अब विकिरण आधार पर होगी जीवन योग्य ग्रहों की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने रहने योग्य ग्रह की तलाश की दिशा बदल दी है। अब सूर्य के विकिरण के आधार पर खोज की जाएगी। जिसके शुरुआती चरण में 57 तारों के ग्रहों के विकिरण की जांच की है। जिसमें कई ग्रहों पर पड़ने वाला विकिरण पृथ्वी के समान है।

पृथ्वी के समान रहनेयोग्य ग्रह की तलाश में वैज्ञानिक लंबे समय से संघर्षरत हैं। अभी तक पांच हजार बाहरी ग्रहों की खोज हो चुकी है। जिनमें कुछ ग्रह जीवनयोग्य हो सकते हैं। मगर वैज्ञानिको की नई सोच कहती है कि सूर्य के विकिरण के आधार पर जीवनयोग्य ग्रहों की तलाश उद्देश्य की पूर्ति संभव है। इस क्रम में खगोलविदों ने हाल ही में पास के 57 सितारों से आने वाले विकिरण की मात्रा को मापा है। इनमें से कुछ तारों के ग्रहों में रहने योग्य ग्रह को हमारे सूर्य से पृथ्वी के समान या उससे भी कम विकिरण प्राप्त हुआ। तारों से निकलने वाले विकिरण की मात्रा और उस तारे के ग्रहों के लिए खतरनाक हो सकता है, जिससे संभावित रूप से वे रहने लायक नहीं रह जाते हैं। इस खोज की दिशा में तारों के आस-पास रहने योग्य एक्सोप्लैनेट की तलाश तेज कर दी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ज्ञात एक्सोप्लैनेट की बढ़ती संख्या संभावित रूप से जीवन की मेजबानी कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी दूसरे बाहरी ग्रह पर जीवन की तलाश सबसे बढ़ी चुनौती है। भावी दूरबीनें इस चुनौती से पार पा सकती हैं।



तारे के साथ मौजूद ग्रह। ● अमृत विचार

### कई दूरबीनों के जरिए मापा गया विकिरण

**नैनीताल।** कैलिफ़ोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ब्रीना बाइंडर के अनुसार वैज्ञानिकों ने विकिरण का अध्ययन करने के लिए नासा के चंद्रा एक्स-रे वेधशाला और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक्सएमएम-न्यूटन उपग्रह का उपयोग किया और सोच के अनुरूप निष्कर्ष सामने आए। जिसे अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।